फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 362, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रूस ने कीव पर दागीं 31 मिसाइलें, 13 घायल 16

चोली के पीछे... गाने में बेबो के डांस देख भड़के लोग 15

School Code : 81959
Affiliation No. 2133170

Play Group to XI

ADMISSION
OPEN
2024-25

NEW SATTYAM ACADEMY

Akademie der Exzellenz

100% Result in Last Three Year

A Senior Secondary School

Affiliated to CBSE New Delhi

Salient Features
- Safe and peaceful environment
- Located in City Area
- 200 Years old Large Swimming pool
- Large Ground for Outdoor Activities
- Pickup and Drop Facility Available
- No Heavy traffic and highway
- 8.25 Thousand sq.ft Indoor Hall for Games and Activities

TOP PERCENTILE IN JEE MAINS 2024 OF OUR SCHOOL

Isha Varshney	Hritika Bhardwaj	Rachit	Raj Varshney
95th	95th	94th	94th
(Batch 2023-24)	(Batch 2022-23)	(Batch 2023-24)	(Batch 2023-24)

EDUCATIONAL SCHOLARSHIP

FOR CLASS X

STUDENTS WHO SCORES	
95%+	₹ 5100
93% - 95%	₹ 3100
90% - 92%	₹ 2100

FOR CLASS XII

STREAM TOPPERS	
SCIENCE	₹ 5100
COMMERCE	₹ 5100
HUMANITIES	₹ 5100

FROM CLASS IX - XII

STUDENTS WHO SCORES	
95%+	20% IN TUITION FEE
90% - 95%	15% IN TUITION FEE

Rambagh Road, Kaithal Gate, Chandausi (244412) 9027369378, 8192800047

शहर में आज

- लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में नामांकन सुबह 11:00 बजे।
- यूपी बोर्ड परीक्षा की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन महानगर के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज सहित छह केंद्रों पर सुबह 10:00 बजे।
- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महान चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114वीं जयंती पर विचार गोष्ठी दोपहर 12:00 बजे।

एक नजर

जिले में 16 मई तक निषेधाज्ञा लागू

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव, होली, ईद, गुडफ्राइडे, आंबेडकर जयंती, रामनवमी आदि को सकुशल कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट मानवेन्द्र सिंह ने जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। यह 16 मई तक प्रभावी रहेगी। इसके उल्लंघन पर दंडित किया जाएगा।

ऑपरेशन हंट में 215 आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : ऑपरेशन हंट के तहत परिक्षेत्र के जिलों में वांछित और वारंटियों के साथ ही इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को अभियान में 50 वारंटी, 10 वांछित समेत 215 आरोपी पकड़े गए हैं। डीआईजी मुनिराज जी ने बताया कि अभियान के दौरान अमरोहा पुलिस ने 14 वारंटी और एक वांछित समेत 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिजनौर पुलिस ने भी 7 वारंटी, दो वांछित ओर 36 अन्य मामलों के आरोपी समेत कुल 45 को पकड़ा है। मुरादाबाद जिले में 27 वांरटी समेत 71 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

टीम ने 50 तोते बरामद किए

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : वन विभाग की टीम ने बादरझल्ला गांव में छापा मारकर तस्करी के लिए एकत्र किए गए 50 तोते कब्जे में ले लिए। कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गए। गुरुवार की देर शाम क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार और वन विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। बादरझल्ला निवासी मदन सिंह, पुरुषोत्तम के घर पर तस्करी के लिए एकत्र किए गए 50 तोतों को बरामद कर लिया। वन क्षेत्रधिकारी ने बताया कि कुछ दिन से तोता तस्करी की सूचनाएं मिल रहीं थीं, इसके बाद डिप्टी रेंजर एमपी सिंह, राजेंद्र सिंह, संजय चौहान की टीम ने कार्रवाई की।

दूसरे दिन भी नहीं खुला खाता, अब तक 25 ने खरीदे नामांकन पत्र

गुरुवार को 12 ने खरीदे नामांकन पत्र, गेट पर वाहनों की आवाजाही रोकी, कलेक्ट्रेट गेट से अधिवक्ताओं को भी प्रवेश नहीं मिला, 19 अप्रैल को होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मुरादाबाद सीट के लोकसभा चुनाव में गुरुवार को दूसरे दिन भी कलेक्ट्रेट में जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन प्रक्रिया चली। हालांकि दूसरे दिन भी कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। 12 नामांकन पत्र खरीदे गए।

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया दूसरे दिन भी 11 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु हुई। कलेक्ट्रेट परिसर में हर ओर बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय कक्ष में तीन बजे तक चली। इस दौरान एक भी पर्चा प्रत्याशी ने दाखिल नहीं किया। हालांकि दूसरे दिन 12 नामांकन पत्र खरीदे गए। इस प्रकार दो दिनों में नामांकन तो एक भी नहीं हुआ लेकिन, अब तक कुल 25 नामांकन पत्र बिक चुके हैं।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सामान्य जाति के प्रत्याशियों के लिए जमानत धनराशि 25,000 रुपये है। जबकि आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों के लिए जमानत की धनराशि 12,500 रुपये चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का पालन करते हुए तीन बजे तक नामांकन प्रक्रिया चली। 27 तक नामांकन किया जा सकेगा। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि दो दिनों में एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए गए। दूसरे दिन अमरजीत सिंह निवासी आलमपुर सुल्तानपुर दोस्त निर्दलीय द्वारा एक पर्चा खरीदा गया। नदीम अहमद निवासी सम्भल फाटक ने भारतीय जनता पार्टी के लिए एक, आरिफ अली निवासी बरवालान ने समाजवादी पार्टी के लिए दो पर्चा, भूप सिंह निवासी बचुआखेड़ा निर्दलीय ने एक, शिव कुमार निवासी छत्ता वाली गली कटघर ने भाजपा के नाम पर एक, मोहम्मद जमशेद निवासी फेलखाना रेती स्ट्रीट ने सपा के नाम पर एक, राजू माली निवासी दसवां घाट, नागफनी ने निर्दलीय के रूप में नामांकन पत्र लिया। तेज सिंह सैनी निवासी मिश्रीपुर मढैयो ने राष्ट्रीय समानता दल के नाम पर एक, मो. मशरुर निवासी डींगरपुर बिलारी निर्दलीय ने दो और सैय्यद अनवर निवासी जामा मस्जिद ने राष्ट्रीय कांग्रेस जे पार्टी के नाम पर एक नामांकन पत्र लिया। पूरे दिन कचहरी परिसर में नामांकन के लिए की गई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से वादकारियों, अधिवक्ताओं को आने जाने में परेशानी हुई। पुलिस कर्मियों ने कलेक्ट्रेट के चारों ओर बैरिकेडिंग के अंदर किसी को वाहन के साथ नहीं आने दिया। वहीं कलेक्ट्रेट का मुख्य गेट बंद कर दिया गया था। जिस रास्ते केवल नामांकन पत्र लेने वालों को ही भेजा जा रहा था। वहीं गेट पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारी नामांकन व्यवस्था की निगरानी के लिए खड़े रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि सभी को चुनाव आयोग की गाइडलाइंस व आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना है।

कलेक्ट्रेट के गेट पर नामांकन के कारण अधिवक्ताओं और अन्य लोगों को रोकते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन भंडारण केंद्र का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते व्यय प्रेक्षक। ● अमृत विचार

डाक मतपत्रों के बारे में दी जानकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व व प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र सत्यम मिश्र ने लोक सभा चुनाव से संबंधित नियमों के पालन की जानकारी दी। बताया कि वोटर्स आन इसेंसियल सर्विसेज के बारे में आयोग के निर्देशों के बारे में अनिवार्य सेवा में 12 विभागों को बताया गया है। ऐसे कर्मचारी जो मतदान के दिन इस सेवा के अन्तर्गत कार्य करते हैं उन्हें पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की गई। ऐसे इच्छुक कर्मियों को फार्म-12डी भरकर नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से तथा लौटती डाक के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय में देना होगा। साथ ही फार्म-12डी आनलाइन डाउनलोड करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मेन्यू के अन्तर्गत कंडीडेट नामिनेशन एण्ड अदर फार्म के लिंक पर उपलब्ध है।

व्यय प्रेक्षकों ने बैठक में लिया फीडबैक

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए मुरादाबाद सीट के व्यय प्रेक्षक संदीप गुहा और सतीश शितोले की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एफएसटी(फ्लाइंग सर्विलांस टीम) और एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) टीमों की बैठक हुई। इसमें उनकी जिम्मेदारियां बताई गईं। प्रेक्षकों ने कहा एफएसटी और एसएसटी टीम के सदस्यों को निर्वाचन आयोग के नियमों व निर्देश के अनुसार चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शिता व शांति के साथ कराने में सहयोग देने और अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी यातायात, एसपी सिटी के अलावा प्रेक्षकों के लायजन अधिकारी व टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम वेयर हाउस और जिला कांटेक्ट सेंटर निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीसीटीवी कैमरे नियमित रूप से चलते रहें इसे सुनिश्चित कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन /उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द, बंदोबस्त अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जनपद में 55 बैरियर पर हुई चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने यूपी-उत्तराखंड राज्य के बॉर्डर पर अंतर्राज्यीय और मुरादाबाद जिले से सटे अन्य जिलों की सीमा पर कुल 55 बैरियर बनाए हैं। बैरियर पर होने वाली 24 घंटे की संपूर्ण गतिविधियों को सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड किया जा रहा है। वर्तमान में कुल 19 बैरियर पर कैमरे लग भी गए हैं और उनका डिस्प्ले होने भी लगा है। संबंधित लिंक के माध्यम से ये डिस्प्ले अधिकारी के मोबाइल पर भी हो रहा है। जिससे वह हर समय प्रत्येक बैरियर पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखे हैं। इन बैरियर से होकर गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन जांच हो रही है।

यूपी-उत्तराखंड राज्य के बॉर्डर पर अंतर्राज्यीय बैरियर केवल दो थाना क्षेत्र ठाकुरद्वारा और भगतपुर में बनाए गए हैं। इनमें ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में कुल सात और भगतपुर थाना क्षेत्र में चार स्थलों पर अंतरराज्यीय बैरियर पुलिस ने स्थापित किए हैं। दरअसल, यूपी में उत्तराखंड के सीमावर्ती जिलों से मादक पदार्थों की तस्करी के भी मामले रहते हैं। इन तमाम बिंदुओं को देखते हुए पुलिस ने कुल 11 स्थलों पर अंतर्राज्यीय बैरियर स्थापित किए हैं, जहां 24 घंटे पुलिस की मौजूदगी है और निकलने वाले अधिकांश वाहनों की जांच की जा रही है। इन स्थलों के बैरियर पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर उन्हें सक्रिय भी कर दिया गया है। इनके अतिरिक्त मुरादाबाद जिले के सीमावर्ती जनपद बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, संभल के बॉर्डर के मुख्य मार्ग पर भी कुल 11 बैरियर स्थापित किए गए हैं। यही नहीं, मुरादाबाद जिले के आंतरिक प्रमुख मार्गों पर भी कुल 33 स्थलों पर बैरियर लगाए गए हैं। इस तरह कुल 55 स्थलों बैरियर लगाकर पुलिस आवागमन करने वाले संदिग्धों पर निगरानी कर रही है। उधर, पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रत्येक बैरियर पर कम से कम दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और उन्हें कंट्रोल रूम से जोड़ा जा रहा है।

लोकसभा चुनाव के चलते वाहनों की चेकिंग करती स्टेटिक सर्विलांस टीम।

एसएसटी व एफएसटी टीमें भी लगीं

नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) ने बताया कि जिले में 19 एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) और इतनी ही एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) बनाई गई हैं। यह सभी टीमें जिले के बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की जांच कर रह हैं।

> लोक सभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिले के प्रमुख मार्गों पर आवागमन करने वालों पर भी निगरानी की जा रही है। विभिन्न तरह से अवैध वस्तु का आगमन जिले में न होने पाए, इसके लिए बैरियर पर पुलिस स्टॉफ को 24 घंटे सक्रिय किया गया है। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। बैरियर पर प्रत्येक गतिविधि को हम लोग वॉच कर रहे हैं।
>
> **-सुभाष चंद्र गंगवार**, एसपी क्राइम/नोडल अधिकारी (निर्वाचन)

जिले में 38 शस्त्र लाइसेंस निरस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के चलते इन दिनों पुलिस जिले में जारी शस्त्र लाइसेंसों को जमा कराने में जुटी है। अब तक कुल 2800 शस्त्र लाइसेंस जमा भी कराए जा चुके हैं। इनके अलावा विभिन्न कारणों की वजह से 38 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त भी किए गए हैं।

शस्त्रों के जमा करने की कार्रवाई तेजी से चल रही है। थाना-चौकी क्षेत्र के पुलिसकर्मी शस्त्र जमा कराने के लिए लाइसेंस धारकों से फोन या अन्य विभिन्न तरीके से संपर्क कर रहे हैं। संपर्क न होने पर पुलिस सीधे उनके घर भी पहुंच रही है। शस्त्र जमा होने के संबंध में सर्किल स्तर पर सीओ भी हर दिन समीक्षा कर रहे हैं। नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले में कुल 18,727 शस्त्रों के लाइसेंस हैं। जिन्हें जमा कराया जा रहा है। इसमें उन्हें लोगों के शस्त्र को जमा करने से छूट दी जा रही है जिन्हें वाकई जरूरत है। इसके लिए संबंधित के आवेदन की जांच करने के लिए टीम बनी है, जो विभिन्न संबंधित बिंदुओं की जांच में संतुष्ट होने और आवेदनकर्ता की तरफ शस्त्र की जताई गई आवश्यकता उचित मिलने पर ही उसे शस्त्र जमा न करने से छूट दी जा रही है।

खोलना होगा अलग बैंक खाता

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को अलग से बैंक खाता खोलना होगा। जिसमें उनके द्वारा चुनाव में किए गए खर्च व निकासी का विवरण रहेगा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने अग्रणी जिला प्रबन्धक केनरा बैंक सिविल लाइन व मुख्य शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक को लोकसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव के लिए अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा और प्राथमिकता के आधार पर चेकबुक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश और भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के क्रम में स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के सभी बैंकों को यह निर्देश है कि वह प्रत्याशियों के लिए अलग से बैंक खाता खोलकर तत्काल 200 पन्नों की चेकबुक (नान पर्सनलाइज) दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी चुनाव खर्च के लिए एक मद में 10,000 से अधिक नहीं दे सकेंगे।

पीडी ने तीन रोजगार सेवकों के खिलाफ प्राथमिकी के निर्देश दिए

मुरादाबाद, अमृत विचार: निर्वाचन ड्यूटी से गैरहाजिर तीन रोजगार सेवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के निर्देश परियोजना निदेशक सतीश मिश्रा ने निगरानी कर रहे संबंधित अधिकारी को दिया। तीनों रोजगार सेवक न तो चुनाव ड्यूटी पर पहुंचे और न परियोजना निदेशक के नोटिस का ही जवाब दिया।

गुरुवार को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश मिश्रा ने बताया कि मूंढापांडे ब्लॉक के गांव गतौरा के रोजगार सेवक बाबू, ग्राम पंचायत बिलरा रायपुर के शमीम अहमद, ग्राम पंचायत जैतिया सादुल्लापुर के रियासत अली की ड्यूटी लोकसभा चुनाव को लेकर महानगर में बाहर से आने वाले वाहनों की निगरानी टीम में जामा मस्जिद पुल पर लगाए गए बैरियर पर वीडियोग्राफी के लिए लगाई थी। इंचार्ज मजिस्ट्रेट ने बताया कि बैरियर पर वीडियोग्राफी का कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके लिए नियुक्त कार्मिक फोन भी नहीं उठा रहे हैं। इस पर परियोजना निदेशक ने संबंधित रोजगार सेवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जिलाधिकारी ने विकास विभाग में स्टेनो के पद पर कार्य कर रहे गोविंद सिंह को निर्वाचन कार्यालय से संबद्ध किया है।

सर पास कर दीजिए, फेल हुई तो घर वाले कर देंगे शादी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं, 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। अक्सर सुनने को मिलता है कि परीक्षार्थी पास होने के लिए कॉपी में कई तरह से अध्यापक से मनुहार करते हैं। महानगर में भी एक ऐसा मामला सामने आया है। इसमें 12वीं की छात्रा ने कॉपी में शिक्षक से अनुरोध किया है कि परीक्षा में पास कर दीजिए, नहीं तो घर वाले शादी कर देंगे। अभी तक 67.47 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है।

महानगर में 6 केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। इसमें अब तक 4,04,609 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। अभी भी 1,95,044 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शेष है। गुरुवार को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 15598, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 13384, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में 15368, आरएन इंटर कॉलेज में 14873, पारकर इंटर कॉलेज में 18056 और हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 16718 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। पारकर इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य कर रहे शिक्षक ने नाम न छापने कि शर्त पर बताया कि कक्षा 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में एक छात्रा ने एक प्रश्न के उत्तर में लिखा कि सर प्लीज पास कर दीजिए। फेल हो गई तो पापा शादी करवा देंगे। उन्होंने बताया कि अक्सर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। जिसमें परीक्षार्थी पास होने के लिए विभिन्न प्रकार से अनुरोध करते हैं।

प्राथमिक विद्यालय में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

परीक्षा में आसान सवाल देख खिले बच्चों के चेहरे

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। दूसरे दिन गुरुवार को पहली पाली में कक्षा तीन से पांच में कार्य अनुभव की परीक्षा हुई। छठी कक्षा में विज्ञान और कक्षा सात व आठ में हिंदी विषय की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में कक्षा छह से आठ में पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा हुई। बच्चों के चेहरे पर उत्साह था। उन्होंने बताया कि पेपर में जो भी प्रश्न थे सभी पढ़े हुए थे। कार्यानुभव की परीक्षा में बच्चे घर में अनुपयोगी वस्तुओं में आकर्षित पेन होल्डर, टेलीफोन, प्लेट-कप और घर बनाकर प्रस्तुत किया। हिंदी की परीक्षा में बच्चों ने बताया कि लगातार स्कूल में मासिक परीक्षा से अच्छी तैयारी हो गई थी। पेपर जब सामने आया तो सभी प्रश्न ऐसे थे जो पहले से तैयार थे। कुछ स्कूलों में देरी से विज्ञान का प्रश्न पत्र देरी से पहुंचने पर बच्चों को उत्साह कम होता दिख रहा था। हालांकि, पेपर मिलने के बाद जब उन्होंने प्रश्नों को देखा तो फिर उत्साहित हो उठे।

परेशानी | फुटकर विक्रेता धड़ल्ले से गली-मुहल्लो में ऊंचे दाम पर बेच रहे आलू

मंडी में निकला आलू का दम, बाहर छू रहा आसमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: फल सब्जी मंडी में थोक के दाम में गिरावट के बाद भी बाजार में आलू के दाम आसमान छू रहे हैं। आलू की अधिक पैदावार के बाद भी आम आदमी को फुटकर विक्रेता डंके की चोट पर मंडी के दामों के सापेक्ष दो गुना अधिक दामों पर आलू बेच रहे हैं। ऐसे में आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है। कालोनियों के ठेले पर सब्जी बेचने वाले 23 से 25 रुपये प्रति किलो तक आलू बेच रहे हैं।

होली के त्योहार पर घरों में आलू के चिप्स और पापड़ आदि सामान बनाने के लिए आलू की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में मंडी में अक्सर दाम भी बढ़ जाते थे। लेकिन इस बार मंडी में होली से पहले आलू के दामों में गिरावट आई है। लेकिन बावजूद इसके सब्जी के फुटकर विक्रेता दुकानदार हो या ठेले पर फेरी लगाकर सब्जी बेचने वाले, इन्होंने आलू के दाम गिरने के बाद भी आलू 20 से लेकर 25 रुपये प्रति किलो कर रखे हैं। ऐसे में फुटकर विक्रेता मनमर्जी के दामों पर आलू बेच रहे हैं। मंडी में 1100 रुपये क्विंटल वाला पुखराज आलू 800 क्विंटल रह गया है।1000 रुपये क्विंटल वाला चिप्सोना आलू 700 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आलू की पैदावार अधिक होने से मंडल के कोल्ड स्टोर फुल हो चुके हैं। जिससे आलू के रेट गिरे हैं।

मंडी समिति में आढ़त पर लगे आलू की बोरियों के ढेर। ● अमृत विचार

> आलू के दाम दोगुना हो गए हैं। सब्जी विक्रेता आलू के दाम कम करने की बात पर आलू न खरीदने की सलाह देने लगते हैं। लेकिन, होली के दिनों में आलू की खपत ज्यादा होती है। जिससे खरीदना भी मजबूरी है। **- नीरू कत्याल**, मालवीय नगर

> सबसे अधिक रसोई में उपयोग होने वाला आलू है। होली पर आलू की टिक्की, चिप्स, पापड़ आदि कई चीजें बनाई जाती हैं। महंगाई में आम आदमी को आलू खरीदने के लिए सोचना पड़ेगा।
>
> **-तनु कपूर**, गुलजारीमल धर्मशाला रोड

मौसी के घर से युवती लापता, एफआईआर दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइन क्षेत्र में मौसी के घर रह रही उत्तराखंड के कोटद्वार की निवासी युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई। मौसेरे भाई ने दो युवकों पर बहला-फुसला कर अगवा करने का संदेह जताकर मामला दर्ज कराया है।

गंज गुरहट्टी इलाके में रहने वाले युवक ने पुलिस को बताया है कि सात माह से उत्तराखंड के कोटद्वार कलालघाटी निवासी उसकी मौसेरी बहन उसके घर पर रह रही थी। 17 मार्च बिना बताए घर से चली गई थी। काफी तलाश किया, लेकिन युवती का पता नहीं चला। उसके पड़ोस में ही कलालघाट निवासी विकास भी रहता है। आरोप लगाया कि विकास ही युवती को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। इस मामले में उसके मामा अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के हसनपुर कला गांव निवासी बलवंत की भी भूमिका है।

27 से होगा अधिकारियों का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राजकीय पॉलिटेक्निक व महिला पॉलिटेक्निक में पीठासीन व मतदान अधिकारियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए दोनों पॉलिटेक्निक परिसर में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही जिम्मेदारों को जरूरत की सभी वस्तुओं की उपलब्धता कराने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी का प्रथम तीन दिवसीय प्रशिक्षण 27 मार्च से 29 मार्च तक कराया जाना है। जिसकी व्यवस्था प्रशासन ने राजकीय पॉलीटेक्निक व राजकीय महिला पॉलीटेक्निक में की है। इसके लिए कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त करा दिए गए हैं। इसमें 6354 कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए 21 कमरों में प्रोजेक्टर एवं माइक की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए पेयजल, शौचालय की सुविधा भी प्रशिक्षण स्थल पर उपलब्ध रहेगी। प्रशिक्षण व्यवस्था को समय से पूरा करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने दोनों प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने बताया कि जनपद में चुनाव प्रथम चरण में हैं।चुनाव की गतिविधियों को लेकर दिए जाने वाले प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर में पीठासीन व मतदान अधिकारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव।

फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 362, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु 16

धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान 15

अस्पताल के शौचालय का शीशा तोड़ बंदी फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बंदी रक्षक निलंबित, कांस्टेबल के विरुद्ध पीएसी कमांडेंट को लिखा
- तमंचा बरामदगी मामले में पांच मार्च को जेल में हुआ था निरुद्ध

अमृत विचार : जिला अस्पताल में भर्ती बंदी अजीत पुत्र राजेंद्र गुरुवार की सुबह शौचालय के रोशनदान का शीशा तोड़कर फरार हो गया। सुरक्षा में लापरवाही के आरोप में बंदी रक्षक दीपक कुमार द्वितीय को वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है, जबकि पीएसी गाजियाबाद के कांस्टेबल यदुराज तोमर के निलंबन के लिए सेनानायक को लिखा है।

इनके विरुद्ध विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। फरार बंदी के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। फरार बंदी संभल जिले थाना जुनावई क्षेत्र के गांव रेवाड़ा का है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी अजीत कुमार जिला जेल में पांच मार्च से निरुद्ध था। इसके पास तमंचा बरामद होने पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा था। नशे की लत के कारण बंदी की पहले भी तबीयत खराब हुई थी तो जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर, 19 मार्च को सीने में दर्द की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को डॉक्टरों ने उसे अस्पताल के दूसरे फ्लोर पर संचारी वार्ड में शिफ्ट कर दिया। सुरक्षा में बंदी रक्षक दीपक कुमार द्वितीय व कांस्टेबल यदुराज तोमर तैनात थे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे अजीत शौचालय गया था। तभी उसने शौचालय के रोशनदान में लगे शीशे को तोड़ दिया और फरार हो गया। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर बंदी रक्षक ने देखा तो रोशनदान का शीशा टूटा था। बंदी रक्षक व कांस्टेबल ने अस्पताल में तलाश की। जब नहीं मिला तो जेल प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर सिविल लाइंस थाने से सीओ अर्पित कपूर, थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे। फरार बंदी की तलाश की जा रही है।

> जिला अस्पताल में सीसीटीवी की फुटेज देखी हैं। संबंधित शौचालय में प्रत्येक बिंदु पर जांच की गई। फरार बंदी को पकड़ने के लिए टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर भेजी गई है।
> **-पवन प्रताप सिंह**, वरिष्ठ जेल अधीक्षक

निर्वाचन आयोग की विकास कार्यों की धनराशि पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने विकास कार्यों की धनराशि जारी करने पर रोक लगा दी है। आयोग ने लोकसभा चुनाव और राज्यों में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में सांसद और विधायक निधि के तहत संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड रिलीज नहीं होगा। जिलाधिकारियों-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सांसद को विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक-विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी। पत्र के जारी होने से पहले किसी विकास कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है तो ये काम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र

वोटर आईडी न होने पर 12 विकल्पों का करेंगे प्रयोग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में सभी लोगों के मतदाता फोटो पहचान पत्र सुनिश्चित किए गए हैं। इसके बाद भी अगर किसी का मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) नहीं बन पाता है, तो लोग 12 विकल्पों का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज शामिल हैं।

विकसित भारत के व्हाट्स एप संदेश पर भी रोक

निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत' को लेकर लोगों को जारी किए जा रहे व्हाट्सएप संदेश पर रोक लगा दी है। केंद्र को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि देश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने केंद्र को संदेश पर रोक का पालन कराने की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

एक नजर

अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की उम्मीद

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल एवं श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों पर चर्चा के लिए यहां राजभवन में एक बैठक की अध्यक्षता की। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होने के बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

ईडी के अधिकारियों के खिलाफ नोटिस पर रोक

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में राज्य पुलिस के नोटिस पर गुरुवार को रोक लगा दी। सोरेन ने 29 जनवरी को दिल्ली स्थित उनके आवास पर एजेंसी द्वारा की गई छापेमारी के संबंध में रांची के अजा/अजजा पुलिस थाने में ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत ईडी अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के तहत अधिकारियों को जांच अधिकारी के सामने पेश होकर अपनी बात रखने को कहा गया था। ईडी ने नोटिस को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

आबकारी नीति मामले में ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची आम आदमी पार्टी, आज होगी सुनवाई

- ईडी ने मुख्यमंत्री के आवास पर ली तलाशी, दो घंटे तक पूछताछ
- गिरफ्तारी से राहत को लगाई थी गुहार, हाईकोर्ट ने किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल (55) की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आप ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जरूरत पड़ने पर, वह जेल से सरकार चलाएंगे। हालांकि, भाजपा ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग की है।

ईडी के एक अतिरिक्त निदेशक के नेतृत्व में एजेंसी की 10 सदस्यीय टीम सिविल लाइंस स्थित उनके आधिकारिक आवास पर पहुंची और तलाशी ली। मुख्यमंत्री आवास पर ईडी की टीम के पहुंचने के दो घंटे से अधिक समय बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। ईडी शुक्रवार को यहां एक अदालत में मुख्यमंत्री को पेश करेगी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में देने का अनुरोध करेगी। केजरीवाल मामले में पूछताछ के लिए एजेंसी द्वारा जारी किए गए नौ समन को टाल चुके थे। इनमें नया समन गुरुवार 21 मार्च को जारी किया गया। ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल के आवास के अंदर कार्रवाई किए जाने के दौरान सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

आप के काफी संख्या में समर्थक और नेता मुख्यमंत्री आवास के निकट एकत्र हुए और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित एजेंसी के दफ्तर के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी है। दिन में, केजरीवाल ने मामले में कोई राहत देने से हाईकोर्ट के इनकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। दिल्ली सरकार में मंत्री एवं आप नेता आतिशी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को रद कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। आप ने गुरुवार रात ही सुनवाई का अनुरोध किया लेकिन सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। पिछले हफ्ते, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं बीआरएस नेता के. कविता को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति से संबद्ध है। हालांकि, बाद में यह नीति रद कर दी गई। आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

डरा तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है : कांग्रेस

कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि "एक डरा हुआ तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि रोज़ जीत का झूठा दंभ भरने वाली अहंकारी भाजपा, विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से कमज़ोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सच में जीत का भरोसा होता तो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज नहीं किया जाता। विपक्षी पार्टियों के नेताओं को ठीक चुनाव से पहले निशाना नहीं बनाया जाता।

चुनाव आयोग को दी चुनावी बॉण्ड की सभी जानकारियां

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एसबीआई ने दिया शपथ पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है।

शीर्ष अदालत में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया कि इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए। हालांकि, तथ्य यह भी है कि ऐसी जानकारी प्रणाली में दर्ज/संकलित नहीं की जाती है। राजनीतिक दलों की पहचान के लिए ये आवश्यक भी नहीं हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एसबीआई ने जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें बॉण्ड के खरीदार का नाम, उसका मूल्य और विशिष्ट संख्या, इसे भुनाने वाली पार्टी का नाम और बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्शाए गए हैं। हलफनामे में कहा गया कि एसबीआई ने 15 फरवरी, 2024 और 18 मार्च 2024 को शीर्ष कोर्ट द्वारा पारित आदेशानुसार अब सभी विवरणों का खुलासा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को एसबीआई को फटकार लगाते हुए उसे मनमाना रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा था। 15 फरवरी को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की विवादास्पद चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था।

फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र की अधिसूचना पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए ''फैक्ट चेक यूनिट'' से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम निर्णय लेने से बच रहे हैं।

निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अर्जियां गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और इससे अव्यवस्था और अनिश्चितता की स्थिति बनेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय शर्तें) अधिनियम, 2023 पर भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह अधिनियम, 2023 की वैधता को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं पर गौर करेगी। पीठ ने केंद्र से छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को नियत की। याचिकाकर्ताओं से पीठ ने कहा कि इस समय हम कानून पर रोक नहीं लगा सकते।

बदायूं हत्याकांड: दूसरे हत्यारोपी जावेद को ऑटो चालकों ने बरेली से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ बदायूं

अमृत विचार : बदायूं में दो बच्चों की गला काटकर हत्या के मामले में दूसरे आरोपी जावेद को गुरुवार तड़के सेटेलाइट बस स्टैंड पर कुछ ऑटो चालकों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद दिल्ली भागा जावेद लखीमपुर खीरी जाने के लिए सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था, जहां उसे एक ऑटो चालक ने पहचानने के बाद अपने साथियों की मदद से दबोच लिया। रात में बदायूं पुलिस बरेली आकर जावेद को अपने साथ ले गई। बदायूं पुलिस की पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बच्चों से नफरत करता था।

बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद कुमार के दो नाबालिग बेटों की 19 मार्च की देर शाम हत्या करने वाले साजिद को पुलिस ने मुठभेड़ में उसी रात मार गिराया था मगर हत्या के दौरान उसके साथ रहा उसका भाई जावेद फरार हो गया था।

गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसे कुछ ऑटो चालकों ने सेटेलाइट बस स्टैंड पर दबोच लिया। बताया जा रहा है कि जावेद लखीमपुर खीरी जाने की फिराक में था और दिल्ली की बस से बरेली के पुराने रोडवेज बस अड्डे पर उतरने के बाद साहिल मौर्य के ऑटो में बैठकर सेटेलाइट बस स्टैंड पहुंचा था। रास्ते में ही साहिल को उस पर शक हुआ। साहिल के मुताबिक अखबारों में छपी जावेद की फोटो उसके मोबाइल फोन में थी। उस फोटो से चेहरा पूरी तरह मिलता-जुलता लगा तो उसने सेटेलाइट पहुंचकर अपने साथी अभिषेक प्रताप सिंह, शेखर यादव और विकास सोनकर को इकट्ठा कर जावेद को रोक लिया। ऑटो चालकों ने इसके बाद जावेद से उसका नाम पूछा तो वह हड़बड़ा गया। उसने भागने की कोशिश की तो ऑटो चालकों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और एक ऑटो में बैठा लिया। उससे दोबारा पूछताछ की तो उसने कुबूल कर लिया कि वह जावेद ही है और आत्मसमर्पण करना चाहता है। इसके बाद ऑटो चालकों ने पुलिस को सूचना दी।

- पकड़ा गया तो की आत्मसमर्पण के लिए पुलिस को बुलाने की फरियाद
- कहा, बच्चों से नफरत करता था साजिद, इसलिए दिया वारदात को अंजाम

पुलिस ने बार-बार बदली कहानी

जावेद के हाथ आने के बाद पुलिस शाम तक उलझन में रही कि उसे गिरफ्तार दिखाकर इसका श्रेय खुद ले या ऑटो चालकों को उसे पकड़ने का श्रेय दे। इसी वजह से सुबह बारादरी पुलिस ने पहले दावा किया कि जावेद नहीं उसका भाई पकड़ा गया है, फिर उसके आत्मसमर्पण करने की बात कही। शाम को इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने देर रात जावेद को सेटेलाइट स्टैंड पर कुछ लोगों की मदद से पकड़े जाने की बात कही। उधर, बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने भी दावा किया कि जावेद को बरेली से गिरफ्तार किया गया है।

इनाम लेने बदायूं पहुंच गए ऑटो चालक

एक तरफ पुलिस जावेद की गिरफ्तारी का श्रेय ऑटो चालकों को देने से कतराती रही तो दूसरी तरफ उसे पकड़ने वाले ऑटो चालक जावेद पर घोषित 25 हजार का इनाम लेने गुरुवार को बदायूं एसएसपी के आवास पर पहुंच गए। वहां उन्होंने पूरा घटनाक्रम बताकर जावेद पर घोषित इनाम दिलाने को कहा। ऑटो चालक अभिषेक और शेखर ने बताया कि बदायूं के अधिकारियों ने उन्हें इनाम दिलाने का आश्वासन दिया है, उनका फोन नंबर भी ले लिया है।

बच्चों से नफरत करने लगा था साजिद : बदायूं में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। इसलिए वह बच्चों से नफरत करता था। वह चाकू खरीदकर बच्चों के घर गया था। घटना वाले दिन वह साजिद के साथ विनोद कुमार के घर गया था। साजिद ने दोनों बच्चों की हत्या की। इसके बाद वे दोनों साथ भागे थे। जावेद के अनुसार साजिद जल्दी गुस्सा हो जाता था। इसलिए साजिद का बचपन से ही इलाज चल रहा था।

जेल के खाने में मुझे दे रहे जहर : मुख्तार अंसारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- अदालत में गुहार, मेडिकल बोर्ड बनाकर कराएं मेरा इलाज

अमृत विचार : बाराबंकी में अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 पर गुरुवार को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की फर्जी एंबुलेंस मामले में पेशी हुई। जिसमें मुख्तार तो पेश नहीं हुआ लेकिन उसके वकील ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें मुख्तार की तरफ से लिखा गया कि 19 मार्च की रात उसे खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। वर्चुअल पेशी में बांदा जेल के डिप्टी जेलर महेंद्र सिंह हाजिर हुए। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि मुख्तार बीमार है। जिसकी वजह से वह सुनवाई में पेश होने में असमर्थ है। कोर्ट ने मामले में 29 मार्च की अगली तारीख लगा दी। मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रार्थनापत्र में मुख्तार की तरफ से लिखा गया है कि खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि उसका दम निकल जाएगा।

67,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

भोजशाला परिसर का आज से सर्वेक्षण करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी

- सर्वेक्षण के मद्देनजर किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा।

एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण निर्देश दिए थे।

इनसे सीखें डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर निभा रहे नदियों के संरक्षण की जिम्मेदारी

कुकरैल को दिलाया नदी का दर्जा, अब नदियों का संरक्षण

विश्व जल संरक्षण दिवस आज

- जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन लिए मिला भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ के कुकरैल को नदी का दर्जा दिलाने वाले बीबीएयू के प्रोफेसर अब छात्रों को नदी संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान के अध्येता को नदियों के संरक्षण के लिए शासन ने अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें जल संरक्षण को लेकर कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रो. वेंकटेश दत्ता बताते हैं कि उनका प्रयास जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में नदियों के संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। इसलिए कैचमेंट प्लानिंग, नदी पुनर्स्थापन और इको-हाइड्रोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य जल नीति 2020 की प्रारूप समिति के सदस्य का कहना है कि उप्र में 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। हाल में इसका प्रमाण लखनऊ की कुकरैल नदी को संरक्षित किया जाना है। जल संरक्षण के सार्थक प्रयासों को लेकर प्रो. दत्ता को वर्ष 2022 में भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार दिया जा चुका है।

यमुना नदी के किनारे रोज लगती है पाठशाला, हजारों ऑनलाइन छात्र

प्रोफेसर दत्ता यमुना नदी के किनारे छात्रों की पाठशाला लगा रहे हैं। इसमें पहले विश्वविद्यालय के ही छात्र जुड़े थे। संरक्षण की मुहिम इतनी कारगर हुई कि ये संख्या ऑनलाइन व्यवस्था के सहारे हजारों में पहुंच गई है।

13 वर्षों से जारी है नदी पुनरुद्धार मुहिम

उप्र में गोमती, घाघरा, राप्ती बेसिन की 17 नदियों और छोटी धाराओं के पुनरुद्धार पर वर्ष 2011 से कार्य कर रहे प्रो. दत्ता बताते हैं कि 960 किमी की यात्रा करके 27 सहायक नदियों का दस्तावेजीकरण पूरा किया है। 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवन मिला है।

25 देशों में दिया जल संरक्षण का संदेश

अमेरिका के फुलब्राइट स्कॉलर और इंग्लैंड के ब्रिटिश शेवेनिंग फेलो रहे प्रोफेसर दत्ता ने 25 से अधिक देशों की यात्रा कर जल संरक्षण का संदेश दिया है। अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कर उप्र के 2019 भूजल विधेयक के साथ केंद्र सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2020 का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

एक नजर

होली मिलन समारोह में शामिल संस्था की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

महिला संस्था की सदस्यों ने सेवा कर कमाया धर्म लाभ

मुरादाबाद, अमृत विचार : महिला संस्था यंग एनर्जेटिक पीपुल के सदस्यों ने गुरुवार को होली मिलन समारोह में भाग लिया। सभी महिला सदस्यों द्वारा प्रसाद वितरण में सहयोग करके धर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, वीनू आहूजा, मिली सिक्का, शालिनी गुप्ता आदि मौजूद रहीं। उधर, विट्सो चैरिटेबल ट्रस्ट ने न्यू डॉन प्ले स्कूल में महिला दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर्णा मैन्सल ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। आईशा व एशा ने नारी शक्ति के प्रति सुन्दर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्या नसरीन जहां ने संयुक्त रूप से किया। जबकि प्रबंधक डॉ. सुनीता डी. सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एलिना, अलीमा, अर्षा, हुमैरा, हुदा, शालीनी, पूनम व डायरेक्टर विजय सिंह मौजूद रहे।

आज भोजन अवकाश के बाद न्यायालयों में कार्य नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : रंगोत्सव के कारण शुक्रवार को दोपहर में भोजन अवकाश के बाद अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। न्यायालय में कार्य स्थगित रहेगा। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले रंगोत्सव के कारण न्यायालयों में अधिवक्ता भोजनावकाश के बाद न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इसलिए शुक्रवार को न्यायालयों में भोजनावकाश के बाद कार्य स्थगित रहेगा।

भाईचारे का त्योहार है होली

मुरादाबाद, अमृत विचार : सेनफोर्ट प्ले स्कूल में गुरुवार को होली उत्सव का आयोजन किया गया। होली उत्सव में बच्चे आकर्षक परिधान पहनकर शामिल हुए। बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली का त्योहार मनाया और खूब मौज मस्ती की। प्रबंध निदेशक डॉ. अंतरिक्ष अग्रवाल व डायरेक्टर नेहा अग्रवाल ने बच्चों को बताया कि होली परंपरा प्रसन्नता और भाईचारे की भावना का त्योहार है। इसके बाद बच्चों ने मिठाई व गुजिया खाकर एक दूसरे को रंग लगाया। बच्चों ने नृत्य, गायन व अन्य प्रस्तुति देकर माहौल जमा दिया।

महानगर के बाजारों पर चढ़ा होली का रंग, खूब बिक रहा अबीर-गुलाल

बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने से बढ़ी चहल-पहल, व्यापारियों के चेहरे खिले, बच्चों को भा रहीं कार्टून कैरेक्टर की विभिन्न प्रकार की पिचकारियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 24 मार्च को होलिका दहन और 25 को रंगोत्सव है। जिसके चलते बाजार में होली के रंग बिखरने लगे हैं। खरीदारी को लेकर बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए उत्पाद उपलब्ध हैं। वहीं, बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर पिचकारियों की मांग भी कुछ कम नहीं है।

अब होली का काउंटडाउन शुरू हो गया है। जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। घरों में विशेष तैयारियां चलने लगी हैं तो वहीं बाजार में होली का रंग चढ़ने लगा है। इस बार बाजार में विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध हैं। नई तरह की पिचकारी, फायर सिलेंडर, पटाखे की तरह चलने वाला गुलाल इस बार लोगों को अधिक आकर्षित कर रहा है। रंग और पिचकारी बनाने वाली कंपनियों ने इस बार बाजार में कुछ नया प्रयोग किया है।

पानी में घुलने वाले रंगों के साथ रंगबिरंगे फाग स्प्रे, विभिन्न प्रकार के गुलाल भी लोगों को उत्साहित कर रहे हैं। पर्व को लेकर महानगर का बाजार सज गया है। केसरिया रंग की टोपी और पगड़ी भी आई हैं। बुधबाजार के दुकानदार सुभाष कुमार ने बताया कि पहले लाल रंग का गुलाल ज्यादा बिकता था। अब केसरिया रंग की बिक्री अधिक है।

इसके अलावा केसरिया रंग की टोपी, विभिन्न जानवरों के मुखौटे बाजार में उपलब्ध हैं। वहीं, बच्चों में भी होली का उत्साह देखा जा रहा है। बच्चे पिचकारी व मुखौटे लेने पहुंच रहे हैं।

होली की तैयारी को लेकर बाजार में पिचकारी पसंद करते लोग। ● अमृत विचार

जमकर खेली फूलों की होली, लगाया गुलाल

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट की ओर से गुरुवार को होली रंगोत्सव, कवि सम्मेलन व मंडलाध्यक्ष अधिकारिक यात्रा का आयोजन हुआ। इसका आयोजन एक होटल में किया गया। क्लब की बेटी कनिष्का रस्तोगी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। हाउजी रोटेरियन नीरू रस्तोगी ने आयोजित की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अशोक गुप्ता ने सभी को होली रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सुविख्यात कवि फक्कड़ मुरादाबादी और मयंक शर्मा ने हास्य रस व प्रभु श्रीराम पर रचनाएं सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन राकेश कुमार रस्तोगी और रोटेरियन डॉ. गोविंद ने संचालन किया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन इला सिंह ने क्लब की प्रगति आख्या बताई और सभी का आभार व्यक्त किया। अंत में फूलों की होली के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली गीतों से कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान अशोक गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, दीपक गुप्ता, रामचन्द्र सोती, अमित रस्तोगी, भारत भूषण सिक्का, रविंद्र अग्रवाल, सुनील पथिक आदि मौजूद रहे।

विभाग की पकड़ से दूर अवैध शराब के कारोबारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : होली और लोकसभा चुनाव के दौरान अन्य राज्यों से आने वाली शराब की रोकथाम को लेकर आबकारी विभाग की ओर से कार्रवाई के नाम पर मात्र औपचारिकता की जा रही है। विभाग अवैध शराब और नशीली औषधियों को लेकर छापेमारी की बात कह रहा है। मगर अभी तक अवैध शराब कारोबारी विभाग की पकड़ से बाहर हैं। वहीं महानगर में होली से पहले ही धड़ल्ले से हरियाणा की शराब की बिक्री की जा रही है। हाल ही में प्रमुख सचिव आबकारी ने त्योहार और लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब का कारोबार करने वाले माफियाओं पर आबकारी विभाग को नकल कसने के आदेश दिए थे। शहर के कुछ मोहल्लों में अवैध रूप से अन्य राज्यों की शराब बिक रही है। जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र सिंह कार्रवाई का दावा कर रहे हैं। उनके मुताबिक जिले में पिछले एक सप्ताह में अलग-अगल स्थानों पर टीमें बनाकर छापेमारी कार्रवाई की जा रही है। जिसमें महानगर की सीमाओं पर रात को बाहर से आने वाल माल वाहक वाहनों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर और हाईवे पर स्थित मेडिकल स्टोर पर नशे की औषधियों की तलाश में अब तक 100 से अधिक दवा विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की गई है।

होली उत्सव में एक दूसरे को गुलाल लगाते बच्चे। ● अमृत विचार

बच्चों ने उड़े रे गुलाल कार्यक्रम में मचाया धमाल

मुरादाबाद, अमृत विचार : एसएस चिल्ड्रन एकेडमी में गुरुवार को कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्नों के लिए फागुन मास के पवित्र त्योहार होली पर उड़े रे गुलाल होली उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने फूलों से व प्राकृतिक रंगों से बने गुलाल से होली खेली। विभिन्न खेलों जैसे कि आओ मिलकर बनाएं रेल, रंगों से खुशियां बरसाओ, फनी फेसेज बनाओ तथा जंप टू रीच योर सर्किल व मिठाइयां और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों द्वारा एंजॉय किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल मौजूद रहीं।

पार्किंग की कमी से बढ़ीं मुश्किलें

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुख्य बाजार में पार्किंग न होने की वजह से ही स्थिति बिगड़ रही है। उधर, स्मार्ट सिटी के काम ने परेशानी बढ़ा दी है। दुकानों के आगे ग्राहक अपने दोपहिया वाहन खड़ा कर देते हैं। ई- रिक्शा पर भी कोई पाबंदी नहीं है। जिसकी वजह से आए दिन जाम लगा रहता है। पैदल निकलने वालों को काफी परेशानी होती है। बड़ी परेशानी त्योहार के सीजन में होती है।

टीम ने खोया, छेना रसगुल्ला समेत 11 नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: होली पर मिलावट करने वालों के कारोबार पर अंकुश लगाकर जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए गुरुवार को सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीमों ने छापेमारी कर नमूने लिए। टीम ने महानगर के विभिन्न मोहल्लों की दुकानों से खोया, मिठाई, तेल, बेसन, मैदा सहित 11 नमूने लेकर जांच के लिए भेजा। वहीं एक प्रतिष्ठान से पिसी हल्दी व पिसी मिर्च टीम ने सीज कर दी।

टीम गोविंद नगर कटघर के पूजा स्वीट्स पर छापेमारी के लिए पहुंची। टीम को देखते ही वहां पर काम करने वाले कर्मचारी व ग्राहक सकते में आ गए। टीम ने जांच कर संदेह के आधार पर छेना रसगुल्ला का नमूना लिया। राजीव कुमार वर्मा निवासी गोहरपुर सुल्तानपुर थाना भोजपुर के मालिक व नईम अहदम पुत्र आले हसन निवासी स्योहारा बिजनौर विक्रेता के प्रतिष्ठान मेसर्स गोपाल जी स्वीट्स इस्लामनगर से छेना रसगुल्ला का नमूना लिया गया। महानगर के कोठीवाल नगर बुध बाजार में सतीश ढल के प्रतिष्ठान प्रकाश बेकर्स से रिफाइंड सोयाबीन वेजिटेबल ऑयल व मैदा का नमूना संकलित किया गया। इसके अलावा तमन्ना वाली मस्जिद के समीप स्थित प्रतिष्ठान से खोया, हब्सी हलवा का नमूना टीम ने लेकर राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा। गोविंद नगर गली नंबर पांच स्थित लल्ला के मिठाई की दुकान से बर्फी का नमूना, सेक्टर 13 नया मुरादाबाद स्थित नितिन कुमार के प्रतिष्ठान से टीम ने खोया का नमूना और निशु के प्रतिष्ठान से बेसन का नमूना लेकर जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि कुल 11 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह, पीके त्रिपाठी, एसएसडी सच्चन, अमिता जिज्ञासु, ज्योत्सना त्रिपाठी, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

नमूनों की सैंपलिंग कराते सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव व अन्य।

हल्दी व पिसी लाल मिर्च टीम ने की सीज

डबल फाटक क्षेत्र में शिवपुरी हनुमान मंदिर के समीप प्रतिष्ठान से 25 किलोग्राम पिसी हल्दी, 38 किलोग्राम पिसी लाल मिर्च टीम ने सीज कर ली। बताया कि इसकी बाजार में कीमत 8740 रुपये है। दोनों सामग्री सीज कर कारोबारकर्ता दीपक रस्तोगी को सुपुर्द कर दिया।

तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का ऐलान किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 25 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। होली में मात्र तीन दिन शेष बचे हैं। जिसके चलते ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी हैं। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कुछ दिन पहले ही होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। गुरुवार को रेलवे की ओर से तीन जोड़ी और स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का ऐलान किया है।

गुरुवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि होली पर्व पर यात्रियों को घर आने-जाने में कोई दिक्कत न हो। इसलिए यात्रियों की सुविधा को देखते हुए होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं।

जिसमें ट्रेन संख्या 04538 23 मार्च से सप्ताह में एक बार चंडीगढ़ से कटिहार तक व ट्रेन संख्या 04537 25 मार्च से सप्ताह में एक बार कटिहार से चंडीगढ़ तक संचालित की जाएगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 04540 सप्ताह में एक बार अंबाला कैंट से कटिहार तक व ट्रेन संख्या 04539 23 मार्च से सप्ताह में एक बार कटिहार से अंबाला कैंट तक संचालित की जाएगी। जबकि ट्रेन संख्या 04534 22 मार्च से सप्ताह में एक बार सरहिंद से जयनगर तक व ट्रेन संख्या 04533 23 मार्च से सप्ताह में एक बार जयनगर से सरहिंद तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सभी स्पेशल ट्रेनें मुरादाबाद से होकर गुजरेंगी। जिससे मुरादाबाद से होली का पर्व मनाने के लिए जाने वाले लोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी।

रेलवे स्टेशन पर बिहार जाने वाली ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

- मुरादाबाद से होकर गुजरेंगी सभी स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को होगी सहूलियत

गाय के गोबर से होगा होलिका दहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है होली का उल्लास बढ़ता जा रहा है। होलिका दहन 24 मार्च को है। इसके लिए गोशालाओं से लेकर बाजारों तक होली के गोबर की मांग बढ़ गई है। अनेक स्थानों पर गाय के गोबर की लकड़ियां व उपलों से होलिका जलाने की तैयारी है। इसके लिए आसपास के क्षेत्रों से भी गोबर की लकड़ियां ले जाई जा रही हैं।

क्षेत्र के लोगों ने पेड़-पौधों को बचाने के लिए गाय के गोबर की लकड़ियों और उपलों से होली जलाना की पहल की है। इसमें सहयोग और अहम भूमिका निभाने को गोशालाएं भी आगे आईं हैं। उन्होंने भी गोबर का इस्तेमाल इन्हें बनाने में शुरू कर दिया है। मोरा की मिलक स्थित श्री भगवती गो पुनर्वास आश्रम के संस्थापक दीपक वार्ष्णेय ने बताया कि दिवाली के कुछ समय बाद से ही इनकी तैयारियों में जुट गए। उनकी गोशाला में देसी गाय के गोबर से लकड़ियां, बड़गुल्ले, बलगुरियां, तलवार, ढाल, नारियल, सूर्य, चंद्रमा, होलिका, पान आदि बनाए गए हैं। इसके खूब आर्डर मिल रहे हैं।

धूमधाम से मनाया होली पर्व

मुरादाबाद, अमृत विचार : हर-हर महादेव ग्रुप ने खुशहालपुर रोड स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में होली महोत्सव मनाया। इसमें कथा व्यास व्योम त्रिपाठी ने होली का महत्व बताया। उन्होंने होली गीतों की प्रस्तुति की तो श्रद्धालु झूमने लगे। बाद में फूलों की होली खेलकर बरसाने की होली की याद ताजा कर दी। सानिध्य प्रबंधक कुलदीप कुमार गुप्ता का रहा।

होली उत्सव में महिलाओं ने किया मनमोहक नृत्य

मुरादाबाद, अमृत विचार : गोल्डन लायनेस क्लब ने गुरुवार को होली उत्सव खूब उमंग के साथ मनाया। महिलाओं ने समारोह में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। बॉलीवुड और पंजाबी गीतों की धुन पर शैली पारिख, रुचि और निधि सिंह ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर आनंदित कर दिया। वहीं भारती खट्टर ने हास्य कविता तो सुधा शर्मा ने होली के गीत की प्रस्तुति दी। इंदू पारिख को स्ट्रॉग वुमेन के अवार्ड से नवाजा गया। संचालन रेखा चतुर्वेदी ने किया। अध्यक्षता मृदुला गुजराती ने की। अल्का अग्रवाल, सीमा मेहता, साधना, हंसा मेहता, ऋतु शर्मा, संध्या, ममता आदि महिलाएं रहीं।

मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की

मुरादाबाद, अमृत विचार: बर्तन बाजार में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने होली का त्योहार मिलजुल कर सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। महानगर अध्यक्ष सुनील कत्याल ने कहा की जबरन किसी के रंग न लगाएं।

गुरुवार को बर्तन बाजार में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल ने कहा की होली का त्योहार गले मिलने और मन की बुराई को मिटा देने वाला त्योहार है। बैठक में व्यापारियों ने कहा कि रंगों का त्योहार होली सभी लोग मिलजुल कर बनाएं। होली के रंगों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल ने करें, ताकि रंगों से किसी के चेहरे को कोई नुकसान न हो। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सुनील कत्याल, मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल और सचिन गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।।

होली के पर्व को सभी शांति से मनाएं

संवाददाता, मैनाठेर

अमृत विचार: थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें नगर के प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।

इस दौरान थानाध्यक्ष ने सभी से पर्व को हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि होली के बहाने हुड़दंग व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से भी ऐसे तत्वों से सावधान रहने को कहा। साथ ही किसी भी घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली पर डीजे नहीं बजेगा। डीजे बजाते हुए मिलने पर साउंड बॉक्स, मशीन सेट जब्त कर उसके संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक पवन शर्मा, उपनिरीक्षक आशीष कुमार, गफ्फार हुसैन, दयाराम सैनी, कुलदीप चौधरी, ओमप्रकाश, अरुण कुमार, रामोतार सैनी, जुबेर आलम आदि मौजूद रहे।

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में मौजूद थाना प्रभारी व अन्य। ● अमृत विचार

बैठक

- होली को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक
- होली पर डीजे बजता मिला तो संचालक पर होगी कार्रवाई

अनियंत्रित डंपर डिवाइडर पर चढ़ा, हादसा टला

मैनाठेर, अमृत विचार: गुरुवार की सुबह एक डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। मगर जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। क्षेत्र में दूसरे दिन भी ट्रक की टक्कर की घटना से दहशत व्याप्त है।

चालक अतीक अहमद पुत्र इश्हाक डंपर में काशीपुर से बजरी भरकर मुरादाबाद को होते हुए संभल की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सुबह करीब चार बजे मुरादाबाद से संभल रोड पर ग्राम नानकार फैक्ट्री वाले रास्ते के पास पहुंचा तभी डंपर चालक को अचानक नींद की झपकी आई गई। जिससे डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। इस दौरान बड़ा हादसा होने से बच गया। डंपर के चालक अतीक अहमद और क्लीनर इमरान चोट लगने से घायल हो गए। घटना में डंपर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं सूचना पर मैनाठेर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जानकारी ली।

माह-ए-रमजान | पहला अशरा खत्म होकर शुरू हुआ दूसरा, रोजेदारों को गुनाहों से मिलेगा छुटकारा

मगफिरत का जरिया रमजान का दूसरा अशरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रमजान के पहले अशरे में रोजेदारों पर अल्लाह की खूब रहमत बरसी और रोजेदारों ने खूब इबादत की। वहीं शुक्रवार तड़के से रमजान का पहला अशरा खत्म होकर दूसरा अशरा शुरू हो गया है। जिसमें रोजेदारों को गुनाहों से छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने का सिलसिला चलेगा।

रमजान के महीने में रोजेदार इबादत में मशगूल है। तड़के सहरी से लेकर रात को तरावीह की नमाज तक रोजेदार इबादत कर अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा करने में लगे रहते हैं। रमजान का मुकद्दस महीना 10 दिन के तीन अशरों में बंटा है। शुरू के 10 रोजों तक पहला अशरा चलता है, जोकि रहमत का कहलाता है। शुक्रवार तड़के से रमजान का दूसरा अशरा शुरू हो गया। रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत का है। इस अशरे में अल्लाह मरहूमों की मगफिरत फरमाता है और रोजेदारों को उनके गुनाहों से आजाद करता है। उलमा का कहना है कि रमजान के दूसरे अशरे के 10 दिन में अल्लाह जितने भी मरहूम हैं उनकी मगफिरत फरमाता है और रोजेदार के सारे गुनाह माफ कर देता है। इसलिए दूसरे अशरे में अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगी जाए तो वह रद नहीं होती है।

रमजान का महीना रहमत, मगफिरत के साथ ही जहन्नुम से आजादी दिलाने वाला महीना है, जो बेशुमार बरकतों वाला है। इस महीने में अल्लाह की रोजेदारों पर खूब नेमते बरसती हैं। गुनाह माफ हो जाते हैं। दूसरा अशरा मगफिरत का होता है। इसलिए इसमें ज्यादा से ज्यादा इबादत करे।

-सैय्यद अली नईम चिश्ती, सज्जादानशीन, दरगाह सुल्तान साहब

मुसलमानों को मुकद्दस रमजान के इस पाक महीने में रोजा रखने के साथ तिलावत-ए-कलाम पाक और तरावीह की नमाज भी पाबंदी के साथ मुकम्मल करनी चाहिए। 11 वें रोजे से तीसरा अशरा मगफिरत का शुरू होने जा रहा है। इसमें सभी रोजेदार अल्लाह से मगफिरत की दुआ करे।

-शिब्ली मियां, सज्जादानशीन, दरगाह शाह मुकम्मल साहब

- तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने का सिलसिला जारी

वैसे तो रमजान का पूरा महीना बड़ी बरकतों वाला है और तीनों अशरों में बड़ा सवाब है। रमजान के दूसरे अशरे में अल्लाह मगफिरत फरमाते हैं। रोजेदारों को चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा इबादत करे।

-दानिश उल कादरी, मुफ्ती

दरगाह हाफिज साहब में हुई कुरान मुकम्मल

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के कटघर रेलवे स्टेशन के पास दरगाह हजरत हाफिज साहब की मस्जिद में गुरुवार को नमाज-ए-तरावीह में कुरान मुकम्मल हुआ। यह हाफिज मोहम्मद अदनान ने कुरान सुनाया और उनके सामा हाफिज मकसूद रहे।

सज्जादा नशीन हयातउन नबी खान ने कुरान-ए-पाक की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वह कुरान को पढ़े और उसे समझे। रमजान के महीने में कुरान की तिलावत करने पर आला सवाब मिलता है। आखिर में उन्होंने मुल्क की तरक्की को दुआ कराई। इस मौके पर हाफिज इफ्तिखार, आरिफ मंसूरी, सूफी वसीम अहमद कादरी, सैय्यद मोहम्मद आलम, फजले हक, मोहम्मद रईस, हाफिज सईद, मोहम्मद जफर मौजूद रहे।

इबादत के जरिए करें गुनाहों से तौबा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रमजान के महीने में नमाज-ए-तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल का सिलसिला जारी है। गुरुवार की रात हरथला के हिमगिरी कालोनी स्थित ख्वाजा मस्जिद में 10वें रोजे को कुरान मुकम्मल हुआ। इस दौरान उलमा ने रमजान के महीने की फजीलत बया की।

ख्वाजा मस्जिद में हाफिज आकिल रजा रोनजा तीन पारे सुना रहे थे। जबकि हाफिज उमर सामा रहे। इस दौरान हाफिज रजा ने रमजान के महीने की फजीलत बया करते हुए कहा कि रोजेदारों के लिए यह महीना इबादत के जरिए गुनाहों से तौबा करने का महीना है। उन्होंने कहा कि रमजान में हमें गरीबों, जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। कुरान मुकम्मल के मौके पर आसपास की मस्जिदों के इमाम व लोगों ने भी शिरकत की। इस दौरान मुल्क में अमन और शांति की दुआ कराई गई। इस मौके पर हाफिज दानिश, मौलाना इस्लाम नबी, मौलाना अकरम, कारी राशिद, फैजान सलमानी, सरफराज, चुन्ना भाई, सरताज, अरशद एडवोकेट, मोहम्मद इदरीस, महबूब अली, अकबर अली व शानू शामिल रहे।

ख्वाजा मस्जिद में कुरान मुकम्मल के मौके पर मौजूद हाफिज व अन्य लोग।

- हिमगिरी स्थित ख्वाजा मस्जिद में मुकम्मल हुआ कुरान-ए-करीम
- रमजान में गरीबों, जरूरतमंद लोगों की मदद करें

रमजान मुबारक

शुक्रवार 11वां रोजा
इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 30 मिनट
शिया- 6 बजकर 37 मिनट

शनिवार 12वां रोजा
खत्म सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 49 मिनट
शिया- 4 बजकर 50 मिनट



एक नजर

सूबेदारगंज से चलेगी वीकली स्पेशल

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल के हापुड़ और बुलंदशहर के यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने वीकली स्पेशल ट्रेन के संचालन का फैसला लिया है। रेल यात्रियों के लिए सूबेदारगंज से शहीद कैप्टन तुषार (04141-42) वीकली स्पेशल ट्रेन आठ से 30 अप्रैल तक चलेगी। यह ट्रेन हर सोमवार को सूबेदार गंज से रवाना होगी, जबकि वापसी में मंगलवार को चलेगी। ट्रेन से मंडल के हापुड़ और बुलंदशहर के यात्रियों को सुविधा होगी।

सड़कों के टूटने पर मरम्मत करने में अब कर्मचारियों को होगी आसानी, महानगरवासियों को भी होगी सहूलियत

1.20 करोड़ रुपये की मशीन से हर मौसम में होगी सड़कों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अब महानगर की सड़कों के पैच रिपेयरिंग में मौसम का फर्क नहीं पड़ेगा। 1.20 करोड़ रुपये की लागत से आई मशीन से अब हर मौसम में सड़कों की रिपेयरिंग की जा सकेगी। जिससे महानगरवासियों की परेशानी दूर होगी।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने ऑटोमेटिक कोल्ड इमल्सन पैच रिपेयर मशीन के कार्य करने की प्रणाली के डेमो का निरीक्षण गुरुवार को कंपनी बाग स्थित गांधी मूर्ति के निकट किया। कंपनी के प्रतिनिधियों के द्वारा वहीं पर स्थित गड्ढे को शीघ्रता से मरम्मत कर नगर आयुक्त को दिखाया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह मशीन सभी मौसम में पैच रिपेयर करने में सक्षम है। इसकी कीमत 1.20 करोड़ रुपये है। नगर आयुक्त ने कहा कि इससे टूटी सड़कों की मरम्मत में आसानी होगी। कंपनी के प्रतिनिधियों से इसके द्वारा तेजी से टूटी सड़कों की मरम्मत का कार्य करने का निर्देश दिया। डेमो निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान, सहायक अभियंता रईस अहमद, क्षेत्रीय अवर अभियंता आदि मौजूद रहे।

ऑटोमेटेड पैच रिपेयरिंग मशीन के डेमो का निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, इस मशीन से हर मौसम में सड़क की पैच रिपेयरिंग हो सकेगी। ● अमृत विचार

- नगर आयुक्त ने ऑटोमेटिक कोल्ड इमल्सन पैच रिपेयर मशीन का डेमो देखा
- टूटी सड़कों की मरम्मत में होगी आसानी

पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : विश्व वानिकी दिवस पर गुरुवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने जिला नेत्र चिकित्सालय के सामने नव निर्मित हरित पट्टी में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। नगर आयुक्त ने अमलतास का पौधा रोपित कर लोगों से कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संरक्षण व ऑक्सीजन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ग्रीन बेल्ट में अमलतास, कचनार, चक्रेशिया, मौल श्री सावनी आदि के 200 पौधे लगाए गए। इस दौरान मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान, अधिशासी अभियंता जलकर दिनेश त्रिपाठी, पर्यावरण विशेषज्ञ राम सिंह बिष्ट, सहायक अभियंता रईस अहमद, एसपी सिंह, बिजेंद्र कुमार, अशोक कुमार, अवर अभियंता किशन लाल, एसके शाही, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता में जुटने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर आयुक्त के निर्देश पर एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की कार्ययोजना के अनुरूप कार्य कराने के लिए निगम के अधिकारियों ने बैठक की। इसमें महानगर क्षेत्र में इसको लेकर गंभीरता दिखाने पर जोर दिया गया।

उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद व वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने पीलीकोठी स्थित कैपेसिटी भवन में आयोजित बैठक में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। सफाई व खाद्य निरीक्षकों के अलावा सभी वार्ड सुपरवाइजरों व यूनीसेफ की टीम के साथ बैठक में कार्ययोजना के अनुसार काम करने के लिए कहा। दोनों अधिकारियों ने कहा कि संचारी रोग व दिमागी बुखार (इंसेफेलाइटिस) पर प्रभावी नियंत्रण और सही व त्वरित इलाज राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रथम चरण में बनी कार्ययोजना के अनुसार कार्य कर एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान को सभी मिलकर सफल बनाएं। लोगों को स्वच्छता आदि के बारे में प्रेरित करें। रोग से बचाव के लिए वार्डों में नागरिकों को जागरूक करने पर जोर दिया गया है।

हाईटेंशन तारों में फाल्ट से चार घरों में लगी आग

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में करुला पीर का बाजार मीना नगर के चार घरों में आग लग गई। मुहल्ले के लोग आग लगने का कारण हाईटेंशन लाइन के तारों में फाल्ट होना बता रहे हैं।

मीना नगर टीला निवासी परवेज बेग ने बताया कि आग लगने के दौरान उनके घर में केवल पत्नी थीं, वह भूतल वाले भवन के कमरे में थीं। छत पर पन्नी व अन्य कबाड़ का सामान रखा था, जो जल गया है। जब आग घर के नीचे भूतल पर आई तो आंगन में रखी वॉशिंग मशीन व अन्य उपकरण भी जल गए हैं। इस तरह आग लगने से उनका करीब ढाई से तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। शमशाद पुत्र खलील अहमद ने भी आग लगने का कारण पतंगबाजी की बात दोहराई है। इनका घर भी आग की चपेट में आ गया। इसी तरह दो अन्य पड़ोसियों के घर भी आग की चपेट में आ गए थे। हालांकि इन लोगों को बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है।

शौचालय के रोशनदान में नहीं लगा था जाल

जिला अस्पताल के कर्मचारी और पुलिस कर्मियों की लापरवाही से भागा बंदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गुरुवार सुबह जिला अस्पताल से एक बंदी शौचालय के रोशनदान से फरार हो गया। जिसमें जिला अस्पताल की लापरवाही भी सामने आई है। जिस रोशनदान से बंदी भागा है, उसमें लोहे का जाल ही नहीं लगा था। वहीं बंदी भागने से पहले कई बार शौचालय गया, लेकिन अस्पताल के कर्मचारी और पुलिसकर्मी सतर्क नहीं हुए।

जनपद संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव रेवाड़ा निवासी 45 वर्षीय अजीत कुमार को पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार कर पांच मार्च को जिला कारागार मुरादाबाद भेजा था। तभी से वह जिला कारागार में बंद था। बताया गया कि वह नशे का भी आदी था। जेल में पहुंचने के बाद से उसकी तबीयत खराब होने लगी। हालत बिगड़ने पर उसका 16 मार्च को जिला अस्पताल में चेकअप कराया गया था। इसके बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया था। जेलर मृत्युंजय पांडेय के अनुसार 19 मार्च को अजीत की तबीयत एक बार फिर खराब हो गई। जिसके बाद उसे दोबारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार सुबह नौ बजे बंदी अजीत शौचालय से फरार हो गया। जब वह बाहर नहीं आया तो सुरक्षा में लगे सिपाहियों ने उसे आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। बंदी के भागने की सूचना से जिला अस्पताल स्टाफ व पुलिस में हड़कंप मच गया।

बंदी भागने की घटना के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि जिस रोशनदान से बंदी फरार हुआ है उसमें शीशा व जाल नहीं लगा था। इसी का फायदा उठाकर वह फरार हो गया। सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार व अन्य अधिकारियों को अस्पताल की सभी खिड़कियों और शौचालयों के रोशनदान में लोहे के जाल लगाने के आदेश दिए। वहीं पता चला है कि भागने से पहले बंदी 13 बार शौचालय गया, लेकिन इस बात पर न तो सिपाहियों ने ध्यान दिया और न ही अस्पताल के स्टाफ ने। इसका फायदा उठाकर बंदी फरार हो गया।

जिला अस्पताल में पूछताछ करते वरिष्ठ जेल अधीक्षक पवन प्रताप सिंह। ● अमृत विचार


इसी खिड़की को तोड़कर भागा था बंदी।

सीसीटीवी फुटेज में दिखी बंदी की गतिविधि

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस ने खंगाला तो देखा गया कि बंदी अजीत महिला जिला अस्पताल की ओपीडी की ओर से होकर भाग गया है। वह शौचालय के रोशनदान से महिला अस्पताल की ओर पड़े कबाड़ में कूदा था।

लापरवाही
- भागने से पहले लगभग 13 बार शौचालय गया था बंदी
- अस्पतालकर्मियों व सिपाहियों ने नहीं दिया ध्यान

किशोरी को गायब करने का आरोप, पांच नामजद

मुरादाबाद, अमृत विचार : आधी रात के बाद किशोरी घर का दरवाजा खोलकर चुपके से निकल कर कहीं चली गई। इस मामले में किशोरी की मां ने सिविल लाइंस थाने में पांच लोगों पर मामला दर्ज कराया है। ये प्रारंभिक कार्रवाई भी उसके दूसरे प्रार्थना पत्र पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस ने की है।

इसमें मुहल्ले के एक ही परिवार के चंद्रपाल, उनकी पत्नी और तीन बेटे नामजद हुए हैं। किशोरी की मां का कहना है कि 11 मार्च की रात में उनकी बेटी घर के दरवाजा खोलकर निकल गई, जब वह सोकर उठी तो देखा बिटिया नहीं थी और दरवाजे खुले थे। जानकारी करने पर पता चला कि चंद्रपाल व उसके घर वालों ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर कहीं गायब कर दिया है। महिला ने पुलिस को बताया है कि अभी उसकी बेटी की आयु 16 वर्ष है। किशोरी की मां ने आरोपी नीटू और उसकी मां राजेश्वरी, पिता चंद्रपाल, भाई रिंकू व दीपांशू को नामजद किया है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक और उसके परिजन समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीम लगी है।

पॉक्सो एक्ट के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : संभल जिले की किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लेने के मामले में अभियुक्त रविंद्र सिंह को 10 साल की सजा सुनाई गई है। पॉस्को कोर्ट-3 ने दोषी पर 20,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। दोषसिद्ध अभियुक्त रविंद्र सिंह बुलंदशहर का रहने वाला है।

घटना नौ साल पुरानी बताई जा रही है। मामला संभल जिले के नाखासा क्षेत्र का है। ईंट भट्ठा पर काम करने वाले मजदूर की बेटी को युवक बहला फुसलाकर अगवा कर अपने साथ ले गया था। पीड़िता के पिता की ओर से 12 मई 2015 को अभियुक्त के खिलाफ तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में पीड़िता के पिता की ओर से कहा गया था कि वह अपने परिवार के साथ ईंट भट्ठे पर काम कर रहा है। भट्ठे पर काम करने वाला बुलंदशहर के थाना नरसेना निवासी रविंद्र सिंह सहयोगी छविराम की मदद से उसकी बेटी को अगवा कर ले गया। किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजन ने उसकी तलाश की थी। घटना के अगले तीन दिन बाद किशोरी को पुलिस ने बुलंदशहर में अभियुक्त के पास से बरामद किया था।

पुलिस ने मुकदमे में नामजद रविंद्र सिंह के खिलाफ न्यायालय में समय रहते आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था। जिसके क्रम में न्यायालय ने दोषी पाकर अभियुक्त को सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक मनोज गुप्ता एवं अकरम खां ने बताया कि इस मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट-3 चंद्र विजय श्रीनेत के न्यायालय में हुई है।

न्यायालय ने साक्ष्य को देखते हुए अभियुक्त रविंद्र सिंह को दोषी मानते हुए 10 साल की सजा व 20,000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

सजा
- दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया
- ईंट भट्ठे से किशोरी को अगवा कर ले जाने का था आरोप

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जल्द लगेगी एफेरेसिस यूनिट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गर्भवती महिलाओं और डेंगू के मरीजों को नहीं होगी जंबो पैक की परेशानी

अमृत विचार: जिला अस्पताल में जल्द ही एफेरेसिस यूनिट की स्थापना होने जा रही है। जिसके बाद खून की कमी से परेशान गर्भवती महिलाओं व अन्य गंभीर डेंगू के सीजन में जंबो पैक के लिए मरीजों के तीमारदारों को भटकना नहीं पड़ेगा।

डेंगू के सीजन में जंबो पैक के लिए मारामारी होती है। मरीजों को जंबो पैक चढ़ाने से एक बार में 50 से 70 हजार तक प्लेटलेट्स मिल जाती हैं। लेकिन अब खून की कमी से जूझने वाले मरीजों को जंबो पैक के लिए निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में एफेरेसिस यूनिट की स्थापना की जा रही है। जिसके बाद लोग शासन द्वारा निर्धारित शुल्क देकर जंबो पैक प्राप्त कर सकेंगे। जिला अस्पताल की एसआईसी डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि ब्लड बैंक में स्थापित होने जा रही एफेरेसिस यूनिट में अत्याधुनिक मशीन की मदद से मरीज की जरूरत के हिसाब से डोनर के ब्लड से प्लाज्मा, आरबीसी और प्लेटलेट्स निकाल लिया जाएगा। इस मशीन का प्रयोग प्लेटलेट्स के जंबो पैक तैयार करने के लिए होगा। डेंगू मरीजों, एनिमिक गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को लाभ मिलेगा।

अस्पताल में इलाज के दौरान दरोगा की मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार शाम को दरोगा वीरेंद्र कुमार की मौत हो गई। वह रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात थे। वह बागपत के निवासी थे। बीमारी के कारण जिला अस्पताल में भर्ती थे, उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई है। पुलिस विभाग में उनकी नियुक्ति 1 नवंबर 1985 को कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुई थी।

एसएसपी हेमराज मीना ने अन्य अधिकारियों के साथ दिवंगत दरोगा को सैल्यूट कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सहायक पुलिस अधीक्षक अमरिंदर सिंह, क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर कुलदीप गुप्ता, क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स अर्पित कपूर आदि ने भी श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत के परिजनों को सांत्वना दी और पार्थिव शरीर को उनके गृह जनपद भिजवाया गया है।

फाग खेलन बरसाने आएंगे पर झूमे भक्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: श्री हरि विराट संकीर्तन सम्मेलन समिति ने गुरुवार को फाल्गुन महोत्सव के तहत आज ब्रज में होली मोरे रसिया का आयोजन किया। जिसमें होली एवं कृष्ण भक्ति के गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे।

नेहरू युवा केंद्र में हुए कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद कोठारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। इस दौरान दिल्ली से आए भजन गायक राहुल चौधरी अपने साथी संजीव विश्नोई, राजू, अंशू, नीरज और तिलक के साथ मंच पर पहुंचे तो श्रद्धालुओं ने तालियों से उनका स्वागत किया। संजीव विश्नोई ने माइक संभाला और हरे कृष्णा महामंत्र के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। भजन गायक राहुल चौधरी ने होली गीत वृंदावन में हुक्म चले बरसाने वाले का और संजीव विश्नोई तथा राजू के साथ डब बाजे कुंवर किशोरी का डब बाजे भजन सुनाकर माहौल पूरी तरह होली मय कर दिया। उन्होंने आज बृज में होली मोरे रसिया तथा फाग खेलन बरसाने आएंगे गीत सुनाए तो श्रद्धालु झूमने लगे। भजन गायक ने जब गीत ऐसी होली तोहे खिलाऊं दूध छठी का याद दिलाऊं सुनाया तो पूरा परिसर ही झूमने लगा। श्रद्धालुओं के इस उत्साहवर्धन से उत्साहित होकर गायकों ने भी एक से बढ़कर एक भजन व गीत सुनाकर समा बांध दिया। श्रद्धालुओं ने पुष्प और अबीर गुलाल बरसाकर होली का आनंद लिया। इस मौके भोला नाथ खन्ना, अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, चक्रेश लोहिया, संजय मेहरोत्रा, पंकज मेहरोत्रा, अश्विनी रस्तोगी, ज्ञान चंद्र शर्मा, चमन कक्कड़, अरुण कपूर, अतुल कपूर, उमेश आदि मौजूद रहे।

नेहरू युवा केंद्र में आयोजित भजन संध्या में भजन गाते गायक। ● अमृत विचार

एलआईसी एजेंट के भाई ने की आत्महत्या

पाकबड़ा, अमृत विचार: एलआईसी एजेंट का बड़ा भाई फंदे से लटक गया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

थाना क्षेत्र के गांव मौड़ा हाल निवासी धारीवाल नगर एलआईसी एजेंट अग्निवेश के बड़े भाई इंद्रवेश(48) पुत्र राजकुमार करीब डेढ़ साल से धारीवाल नगर में ही रह रहे थे। पत्नी से अलग रहने पर कुछ परेशान से बताए जा रहे थे। उनके दो बच्चे हैं। जिसमें एक की शादी कर दी है। गुरुवार की सुबह को अग्निवेश जब उनके पास घर पर पहुंचे। तब दरवाजा बंद होने पर उन्होंने खिड़की में से देखा। पता चला कि अंदर से दरवाजा बंद है। दरवाजा तोड़ने पर देखा कि इंद्रवेश मफलर से फंदा लगाकर पंखे पर झूल रहे थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

उत्साह महानगर के स्पिनर पीयूष चावला व संभल के तेज गेंदबाज मोहसिन खान का खेल देखने को क्रिकेट प्रेमी बेताब

आईपीएल में जलवा दिखाएंगे मंडल के दोनों गेंदबाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आईपीएल 2024 का पहला मैच भले ही शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। मगर इसकी धमक महानगर में भी देखने को मिलेगी। क्रिकेट प्रेमियों में आईपीएल को लेकर खास उत्साह है। इसमें मंडल के सितारे भी अपनी चमक बिखेरने को बेकरार हैं। एक तरह जहां महानगर के अनुभवी पीयूष चावला मैदान में उतरेंगे तो दूसरी ओर संभल के युवा तेज गेंदबाज मोहसिन खान अपनी धमक दिखाने को बेताब होंगे।

आईपीएल की शुरुआत शुक्रवार से होने जा रही है। इसमें पहला मैच चेन्नई सुपर किंग और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। इसमें महानगर के लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते नजर आएंगे। तो बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज मोहसिन खान लखनऊ सुपर जेंट्स की ओर से आईपीएल के रण में उतरेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है। इसका खुमार युवाओं के सिर पर चढ़कर बोलता है। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में मुंबई इंडियंस की ओर से दो बार के विश्व विजेता इंडिया टीम का हिस्सा रह चुके महानगर के लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला प्रतिभाग करेंगे। जिन पर मंडल के क्रिकेट प्रेमियों की नजरे रहेंगी। वही संभल निवासी मोहसिन खान की गेंदबाजी का लुफ्त भी मंडल के क्रिकेट प्रेमी उठाने के लिए बेताब हैं। हालांकि इस बार भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अमरोहा निवासी मोहम्मद शमी की कमी जरूर मंडल के क्रिकेट प्रेमियों को खालेगी। क्योंकि वह चोट की वजह से आईपीएल से बाहर रहेंगे। क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि इन खिलाड़ियों को देखकर मंडल के युवा खिलाड़ियों में नया जोश पैदा होता है। पीयूष अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाकर मुंबई इंडियंस को छठवीं बार चैंपियन बनाने की कोशिश करेंगे। तो युवा तेज गेंदबाज मोहसिन आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन कर इंडियन टीम का दरवाजा खटखटाना की प्रयास में लगे हैं।

मेरी पसंदीदा टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है। उनकी महिला टीम ने हमारे ट्राफी के इंतजार को खत्म किया है। इस बार पूरी उम्मीद है कि पुरुष टीम भी खिताब अपने नाम करेगी।
–मनीषा चौधरी, युवा खिलाड़ी

मुंबई इंडियंस ने भविष्य को देखते हुए हार्दिक को कप्तान जरूर बनाया है। लेकिन, रोहित उनकी टीम का नेतृत्व करते, तो उनकी टीम के लिए अच्छा रहता। मैं रोहित को कप्तान के रूप में बहुत पसंद करती हूं।
–नीलम सैनी, युवा खिलाड़ी

आईपीएल से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जब से मोहसिन खान ने भी आईपीएल में पदार्पण किया है। तब से हमारे लिए वहां तक जाने के रास्ते खुल गए हैं। नए संस्करण को लेकर बहुत उत्साहित हूं।
–शहबाज, युवा खिलाड़ी

पीयूष भैया ने साबित कर दिया है कि आयु सिर्फ एक नंबर है। वह हमारे लिए प्रेरणा हैं। जब से आईपीएल शुरू हुआ है उनका प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। इस बार शमी की कमी खलेंगी।
–यथार्थ, युवा खिलाड़ी

युवती को पिता का दोस्त बताकर ठगे 45,000 रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित युवती ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई एफआईआर
- पिता को फोन करने पर युवती को हुआ ठगी का अहसास

अमृत विचार: युवती से उसके पिता का दोस्त बताकर साइबर ठग ने 45,000 रुपये ठग लिए हैं। इस मामले में निशा ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें उसने कॉल करने वाले राजेंद्र कुमार को नामजद किया है।

निशा ने बताया कि वह बिलारी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। कॉल करने वाले आरोपी राजेंद्र कुमार ने उससे कहा कि वह उसके पिता राम महेश का दोस्त बोल रहा है। उसने मजबूरी बताते हुए तत्काल कुछ रुपये उधार मांगे थे।

जिस पर निशा ने साइबर ठग की बातों में आकर 10-10 हजार रुपये करके कुल 45,000 रुपये उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। उसने बताया कि इस संबंध में जब उसने अपने पिता को जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि इस नाम का कोई भी व्यक्ति उनका दोस्त नहीं है। जिस पर निशा ने फिर उसी मोबाइल नंबर पर फोन किया तो वह रिसीव ही नहीं हुआ। ऐसे में उसे समझने में देर नहीं लगी कि वह साइबर क्राइम का शिकार हुई है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

एक नजर

संचारी रोग रोकथाम की बैठक में तैयारियों की चर्चा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चिकित्सा अधीक्षक डॉ .राजपाल सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि संचारी रोग अभियान 1 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। कहा, लोग घरों में साफ- सफाई का पूरा ध्यान रखें। कहीं घर में या घर के आस-पास कोई गड्ढा हो तो उसमें मिट्टी डालकर उसे बन्द कराएं। गड्ढों में पानी एकत्र न होने दें, ताकि उसमें मच्छर आदि का लार्वा पैदा न हो सकें। इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रामपाल सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर अजय सक्सेना सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कपिल को समाज सेवक सम्मान मिला

बिलारी, अमृत विचार : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवा जन समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान ने नगर निवासी कपिल राज को अखिल भारतीय धर्मनिरपेक्ष समाज सेवक सम्मान से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए गति प्रदान करने के लिए दिया गया है। कपिल राज को अखिल भारतीय धर्मनिरपेक्ष समाज सेवक सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया।

पड़ोसी गांव की नाबालिग को लेकर फरार, रिपोर्ट दर्ज

भगतपुर,अमृत विचार : क्षेत्र के ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि दूसरे समुदाय का युवक नाबालिग को लेकर फरार हो गया है। दोनों आस-पास के गांव के रहने वाले हैं। आरोपी आटो चलाता है। मामला अलग-अलग समुदाय के होने की वजह से गांव में तनाव की स्थिति है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीण के अनुसार युवती हाईस्कूल की छात्रा है। पड़ोस के ही गांव का युवक युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। ग्रामीणों ने युवक के परिजनों से भी बात की है, लेकिन परिवार वाले चुप हैं। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

सरकार के दावे की हवा निकाल रहे हैं चिकित्सक और कर्मचारी, हर दिन बिना उपचार के लौट रहे रोगी

ओपीडी में डॉक्टर की कुर्सी खाली होने से मरीज रहे परेशान

अमृत विचार लाइव

संवाददाता, डिलारी

अमृत विचार : दूर-दराज के लोग सामुदायिक अस्पताल में इलाज कराने के लिए सुबह जल्दी घरों से चल देते हैं लेकिन, अस्पताल की ओपीडी सुबह 10 बजे से शुरू होती है। ग्रामीण नौ बजे से पहले ही अस्पताल पहुंच जाते हैं, लेकिन डॉक्टर कभी समय से ओपीडी में नहीं आते हैं। मरीज लाइन में लगकर उनका घंटों इंतजार करते हैं।

गुरुवार को सुबह 11 बजे पहुंची अमृत विचार की टीम को कोई चिकित्सक सीट पर बैठा नहीं मिला। एक बजे तक इंतजार के बाद मरीज और उनके तीमारदार मजबूरी में घर लौटे। इस वजह से मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। इस केंद्र का यह ढर्रा पुराना है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप सिंह भी 11 बजे अपने कक्ष में नहीं थे। बताया यह जा रहा है कि डॉक्टर अपने कक्ष में कभी भी समय से नहीं पहुंचते हैं। जब चाहे, उस समय अस्पताल पहुंचते हैं और जब मर्जी, तब चले जाते हैं। इसके चलते मरीजों को अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। घंटों मरीज डॉक्टरों के इंतजार में लाइनों में खड़े रहते हैं, लेकिन जब खड़े होने की हिम्मत नहीं होती तो मायूस होकर अस्पताल से लौट जाते हैं। पिछले माह मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी अस्पताल का निरीक्षण करते हुए डॉक्टरों को सख्त चेतावनी दी थी। इसके बावजूद भी उनकी कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ है। काजीपुरा निवासी नफीस ने बताया कि वह अस्पताल में दवा लेने के लिए आये हैं लेकिन, यहां काफी देर से डॉक्टर ही नहीं आए हैं।

ढकिया के रहने वाले सुलेमान का कहना है कि अस्पताल में इलाज के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। कभी डॉक्टर नहीं मिलते, तो कभी दवा नहीं मिल पाती है। हम इस बात से बहुत परेशान हैं। बढेरा के हसमत अली ने बताया कि वह अस्पताल में जख्म पर मरहम-पट्टी के लिए तीन बार आ चुके हैं, लेकिन कोई देखभाल नहीं की जा रही है। वह काफी परेशान हैं। झोलाछाप से इलाज कराने को मजबूर हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुलदीप सिंह ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों के नदारद रहने की जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में उनकी कुर्सी खाली। ● अमृत विचार

नफीस।

सुलेमान।

हसमत अली।

डीएम, एसएसपी ने मतदान केंद्र देखा

बोले : शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम एवं थाना प्रभारी को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, एसडीएम विनय कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने ऊमरी कला में पब्लिक इंटर कॉलेज पर बने मतदान केंद्रों का दौरा किया। इसके बाद डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ पहुंचे और केंद्रों का हाल देखा। मतदान केंद्रों पर खिड़की एवं अन्य व्यवस्थाएं देखीं।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि अभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हैं। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करें तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने एसडीएम तथा थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, एसएसपी हेमराज मीना व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के गांवों में किया फ्लैग मार्च

कांठ, अमृत विचार : थाना प्रभारी निरीक्षक एवं प्रशिक्षु आईपीएस ने केंद्रीय एवं स्थानीय पुलिस फोर्स के साथ घूमकर लोगों से निर्भय होकर मतदान का आह्वान किया। प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने ग्राम बेगमपुर, मघपुरी इनायतपुरी, मुख्तयारपुर नवादा, पैगंबरपुर सहित दर्जनों ग्रामों में फ्लैग मार्च किया। लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने फ्लैग मार्च का क्षेत्रीय जनता को विश्वास दिलाया कि पुलिस निष्पक्ष चुनाव कराने में सुरक्षा के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह करने में पीछे नहीं हटेगी।

कार की ई-रिक्शा से टक्कर, तीन जख्मी

ठाकुरद्वारा , अमृत विचार : तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क पर ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी, इसमें ई-रिक्शा चालक सहित दो लोग घायल हो गए।

घायलों की चीख-पुकार पर राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव राघुवाला हरि सिंह गांव के शमीम अहमद निवासी जनपद बिजनौर अपने भाई की दुर्घटनाग्रस्त बाइक को ई-रिक्शा में रखकर गांव आ रहे थे। शरीफनगर गांव के निकट पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने ई-रिक्शा मे टक्कर मार दी, जिसमें रिक्शा पलट गई।

रिक्शा चालक शमीम अहमद व हरि सिंह घायल हो गए। टक्कर ऐसी थी की ई-रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार के अगले पहिये फट गए।

घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जिसमें शमीम अहमद को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

तमंचा और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को 12 बोर के तमंचा और दो कारतूस के साथ किया गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक छविनाथ व सोहनलाल शर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान कमालपुरी बाग के पास पुलिस को देख युवक घबरा गये। शक होने पर पकड़ लिया। तलाशी ली तो युवकों के पास से 12 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। पूछताछ में अपना नाम अंकुल निवासी पसियापुर पदार्थ बताया। उप निरीक्षक छविनाथ ने कमालपुरी माधोवाला वाली पुलिया के पास नितिन निवासी कमालपुरी खालसा को पकड़ा। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

पुलिस ने गांजा, कच्ची शराब के साथ दो को पकड़ा

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने एक व्यक्ति को 600 ग्राम गांजा एवं कच्ची शराब के साथ अलग-अलग युवक और महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने दशहरा ग्राउंड के सामने नई कॉलोनी के पास चेतरामपुर मार्ग से नगर के मोहल्ला माननगर पट्टीवाला निवासी अबरार उर्फ मढ़ैय्या को 600 ग्राम गांजा साथ पकड़ा। उधर, उप निरीक्षक विपिन कुमार और इनकी टीम ने सुनीता निवासी आशापुर कॉलोनी को 10 लीटर कच्ची शराब एवं बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

शिविर में छह महिलाओं की हुई नसबन्दी

कांठ, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छह महिलाओं की नसबंदी की गयी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ .राजीव कुमार की देखरेख में महिलाओं के ऑपरेशन किए गए। महिलाओं को नसबंदी के बाद पोषक तत्वों का सेवन करने एवं घर में स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में भगवान सिंह (एचएस), सीपी थपियाल (फार्मासिस्ट),आयशा, यशीर,अल्पना आदि का सहयोग रहा।

रामचरण लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

निबंध प्रतियोगिता में मानसी रहीं प्रथम

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज पसियापुरा पदार्थ में लोकतंत्र के महापर्व के चुनाव (स्वीप) कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुमारी मानसी प्रथम, कुमारी नरगिस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने कहा की देश में लोकतंत्र के महापर्व चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। हम सभी का दायित्व बनता है कि हम समाज के सम्मानित जनमानस को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदान भारत में लोकतंत्र की नींव है। निबंध प्रतियोगिता में कुमारी मानसी प्रथम कुमारी पलक द्वितीय एवं कुमारी नरगिस तृतीय स्थान पर रही। भाषण में कुमारी अशी आर्य प्रथम, हरीश कुमार द्वितीय, महक तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धर्मवीर सिंह, जयपाल सिंह, रघुवीर सिंह, हसीन खान, प्रमोद कुमार, पंकज कुमार, अनिल कुमार, निर्वेश कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंचल कुमारी, सलोनी चौहान, मधु कुमारी, पूनम कुमारी, शशि वाला, संजना कुमारी, मनीषा आदि मौजूद रहीं।

बैंक में पीओ के पद पर अंजली विश्नोई चयनित, खुशी

कांठ, अमृत विचार : नगर की दो बहनों एवं एक भाई ने बैंक में पोओ के पद पर नियुक्त होकर विश्नोई समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोहल्ला पट्टीवाला निवासी विश्व बंधु विश्नोई ने बताया कि उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं जिसमें बड़ी पुत्री आरजू विश्नोई बैंक ऑफ इंडिया, पुत्र अर्पित पंजाब नेशनल बैंक में वर्ष 2022 में पीओ के पद पर नियुक्त हुए थे। अब छोटी पुत्री अंजली के भारतीय स्टेट बैंक में पीओ के पद पर नियुक्ति होने से परिवार और समाज में खुशी का माहौल है। विश्वबन्धु ने बताया कि उनके तीनों बच्चों ने कड़ी कड़ी मेहनत और लगन के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। व्यक्तियों की नियुक्ति पर सभी उनको बधाई दे रहे हैं और युवाओं को इससे यह भी प्रेरणा मिलती है कि मेहनत कर अपना मुकाम हासिल किया जा सकता है।

होली पर बाजार में बढ़ी मावा और दूध की मांग

कांठ, अमृत विचार : होली को देखते हुए बाजार में मावा और दूध की मांग बढ़ गई है। मावा महंगा हो गया है। उधर, मिलावट खोर भी सक्रिय हो गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने इस बार मिलावट खोरी रोकने के इंतजाम नहीं किए हैं। क्षेत्र के कुछ गांवों में मिलावटी मावा तैयार किया जा रहा है। इसे कस्बा में लाकर बेचा जा रहा है। दूध के खरीदारों को कहना है कि दूध और मावा में पहले जैसा स्वाद नहीं है।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया

कांठ, अमृत विचार : गुरुवार को शिक्षक नेता वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी छज्जलैट विकास कुमार का स्वागत किया। शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी से बातचीत की। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक समस्याओं के अपने स्तर से समाधान का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालों में सुरेंद्र विश्नोई, शिशुपाल सिंह, नरेंद्र सिंह चौहान, होराम सिंह, सुरेंद्र सिंह चौहान, राजीव कुमार, इंद्रजीत सिंह, सुजाउल हक, सुरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, घनश्याम सिंह ,उदयवीर सिंह, अंशु शर्मा, वैशाली चौधरी, पूनम राणा, सीमा चौहान, सुभाष सिंह ,सत्यवीर सिंह आदि शिक्षक शामिल रहे।

यात्री भरा आटो बिजली पोल से टकराया, घायल

भगतपुर, अमृत विचार : दलपतपुर अलीगंज मार्ग पर ग्राम बहेड़ी के समीप गुरुवार की सुबह10 बजे काशीपुर की दिशा से आ रहा आटो कुत्ता आने के कारण बिजली के पोल से टकरा गया। इस हादसे में ऑटो में सवार महिलाएं बच्चे व दो पुरुष घायल हो गए। दुर्घटना के दौरान बिजली के पोल पर रखा ट्रांसफार्मर आटो पर गिर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया, जहां पर दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में शान्ति, विमला देवी, आशू कुमार, प्रियांशु, रामकली देवी, रामवती देवी, गजराज सिंह व ऑटो चालक समेत आठ लोग घायल हैं।

वहीं : कांठ क्षेत्र में काशीपुर निवासी महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। उत्तराखंड के ग्राम संगिनी मानपुर निवासी राइसीन कांठ क्षेत्र के ग्राम रिश्तेदारी में आई थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर में भाई की मौत और बहन घायल

सवांददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : बहन को बाइक से उसके घर पहुंचाने जा रहा भाई दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा में भाई- बहन दोनों घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने भाई को मृत घोषित कर दिया। बहन का उपचार जारी है।

युवक की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी अमरपाल सिंह (40) गुरुवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे अपनी बहन शशी देवी को बाइक से गांव रानीनांगल छोड़ने के लिए पंडितपुर व बंकावाला गांव के लिंक मार्ग से जा रहा थे। जैसे ही बाइक बंकावाला के निकट पहुंची, तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें भाई-बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया।

मौके पर जुटी भीड़ ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के बड़े भाई जयप्रकाश ने बताया कि अमरपाल निजी स्कूल में छात्रों का वाहन चलाता था। उसकी पत्नी मालती देवी आशा के पद पर कार्यरत है। वह तीन भाइयों में मझला था। एक भाई की दो वर्ष पूर्व दुर्घटना में मौत हो गयी। अस्पताल में पति का शव देख पत्नी तालती बेहोश हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में मानों पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बेटे का रो-रो कर बुरा हाल है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर घायल को देखते परिजन। ● अमृत विचार

हादसा

- मौत की सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम
- बहन को बाइक से रानीनांगल पहुंचाने जा रहा था भाई

ट्रैक्टर-बाइक टक्कर में बाइक चालक की मौत

कांठ, अमृत विचार : सलेमपुर जा रहे किसान की बाइक पर ट्रैक्टर चढ़ गया। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह घटना हुई। बाद में घायल किसान ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में चिकित्सकों ने किसान की मौत की घोषणा की। अब किसान के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम राम सराय निवासी अजीत कुमार के पिता का एक वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया था। एकादशी पर शोक उठाने के लिए संबंधी व मित्र आए हुए थे, जो इस कार्यक्रम के बाद थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर स्थित दुकान पर बाइक द्वारा जा रहे थे। सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने गलत साइड से बाइक पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। अजीत हेलमेट लगाए हुए थे। दुर्घटना में उनकी गर्दन कट गई एवं एक टांग कुचल गई। सूचना मिलने पर परिजन गंभीर रूप से घायल अजीत कुमार को उपचार हेतु मुरादाबाद कॉसमॉस अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मृतक के घर एवं गांव में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे एक 24 वर्षीय बेटे, 19 वर्षीय बेटी, माता एवं परिजनों को रोते बिलखते छोड़ गया है। परिजनों ने ग्राम रामसराय निवासी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों ने उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

ब्रह्मकुमारी होली आध्यात्मिक रंगों का त्योहार है, स्वयं में कई रहस्य समेटे है

ईश्वरीय विश्वविद्यालय में होली का जमा रंग

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर के चंद्र वाटिका कॉलोनी स्थित ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र पर आध्यात्मिक होली खेली गई। एक दूसरे पर शुभकामना और भावना के रंग डालने की अपील की गई। कार्यक्रम का आरंभ आध्यात्मिक होली गीत से हुआ। सभी के मस्तक पर चंदन का तिलक, फूलों का रंग व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। भोग प्रसाद का वितरण हुआ।

ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी अलका ने कहा, होली आध्यात्मिक रंगों का त्योहार है जो स्वयं में कई रहस्य समेटे हुए है। होली का अर्थ पवित्रता है। अर्थात होली हमें पवित्र बनने का संदेश देती है। होली यानी जो हो चुकी, जो भी पुरानी बुरी आदतें हमारे जीवन में आतीं हैं, उन्हें हमें भूलना चाहिए। सदा यह सोचना है कि जो हुआ, जो हो रहा है वह कल्याणकारी है, जो होने वाला है वह भी कल्याणकारी ही होगा। होली का अर्थ है कि परमपिता शिव परमात्मा के संग रंग में उनके समान बनना। ऐसे भिन्न-भिन्न रंग जो अविनाशी होते हैं। ज्ञान, याद, शक्तियों, गुणों, श्रेष्ठ दृष्टि, श्रेष्ठ वृत्ति, श्रेष्ठ भावना और कामना के रंग हैं।

समारोह में मुख्य रूप से बीके कुमार प्रदीप, रामकुमार चंद्रपाल सिंह यादव, सुखबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह राघव, मानसिंह, पान सिंह, भूकन सिंह, राम अवतार, नेम सिंह, रामेश्वर, नरेश कुमार, राजवीर, धीरन, तोलाराम, शिवम, बांकेलाल, डा.रघुनाथ, वेदराम, बृजपाल, बीके प्रेमा, कृपांशु, उजाला, रीना, संजू रानी, सोनी, सरोज, सरस्वती देवी, रेणु कुमारी, पुष्पा, दयावती, आदि ने होली मनाया।

चंद्र वाटिका कॉलोनी स्थित सेवा केंद्र में फूलों की होली खेलतीं सदस्य।

बथुआ खेड़ा में धरना दे रहे किसानों के साथ मारपीट

संवाददाता, भगतपुर

- गुस्साए किसानों ने नेपा चौकी का किया घेराव
- भाकियू आंदोलन करने वालों के समर्थन में

अमृत विचार : बथुआखेड़ा में अनिश्चित कालीन धरना पर बैठक किसानों को सेंचुरी लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मार-पीट कर जख्मी कर देने का आरोप है। इस मामले में गुस्साएं किसानों ने नेपा चौकी का घेराव कर गुस्से का इजहार किया। पुलिस ने किसानों को समझाकर उन्हें शांत कराया।

किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किसानों का कहना है कि बथुआखेड़ा, मानपुर में पिछले करीब तीन महीने से अनिश्चित कालीन धरना चल रहा है। गुरुवार को कुछ महिलाएं धरने पर बैठीं थीं, तभी वहां पर सेंचुरी लिमिटेड के कुछ कर्मचारी औरतों से गाली गलौज करने लगे। बागवती देवी पत्नी मनोहर सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। किसानों का आरोप है कि प्रदीप सिंह, मानसिंह, आजम, लियाकत, राकेश, तेजपाल, सुनील द्वारा मारपीट की गई।

धरना दे रही औरतों के चोटें भी आईं हैं। मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिला सचिव रोहित देवल के नेतृत्व में संगठन के सदस्य नेपा पुलिस चौकी पहुंचे और अधिकारियों के खिलाफ तहरीर दे दी। आंदोलन में मोहित, अमन, बलवीर सिंह, मुरारी, मिथिलेश, भजन सिंह, सुनील, अनिल, शाहिद, अनीस, विजय पाल सिंह, मुनेश कुमार, पंकज कुमार, ऋषिपाल सिंह, रघुवीर सिंह, ओम प्रकाश, शरीफ, मुन्नी, मिथिलेश आदि किसान मौजूद रहे।

भोलेनाथ की कथा से श्रोता भाव विह्वल

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : क्षेत्र के अमरपुर काशी गांव में श्री राम कथा में व्यास शिव शंकर भारद्वाज ने राजा दक्ष के यज्ञ में बेटी सती एवं दामाद शंकर भोलेनाथ को नहीं बुलाने का प्रसंग सुनाया। बताया, राजा दक्ष ने अपने यज्ञ का निमंत्रण बेटी और दामाद को नहीं दिया।

भोलेनाथ को बुलावा नहीं मिलने पर स्वयं भगवान ब्रह्मा और विष्णु भी यज्ञ में हिस्सा लेने नहीं आये। कथा व्यास ने कहा जब सती को यह पता चला कि उनके पिता ने सभी को निमंत्रण भेजा है किंतु, उनके पति (भोलेनाथ) को निमंत्रण नहीं भेजा है। मेरा (सती) भी निमंत्रण पिता के घर से नहीं आया है, इसके बाद भी सती मायके पहुंच गयीं। राजा दक्ष ने बेटी को सम्मान नहीं दिया लेकिन, उसके बाद भी सती ने यज्ञ विधि देखी। यज्ञ में भगवान भोलेनाथ को स्थान नहीं दिया गया था। इससे कुपित होकर सती ने वहीं पर अपने तेज से अग्नि प्रज्जवलित कर लिया और उसमें ही भस्म हो हुईं। कथा प्रसंग के जरिये व्यास ने समझाने का प्रयास कि हर पिता और समाज के लोगों को अपनी बेटियों का सम्मान रखना चाहिए।

कहा, बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं अनुशासन में रखने के लिए थोड़ा अंकुश की भी जरूरत रहती है। वर्तमान में भारतीय संस्कृति पर दूसरे देशों का असर दिख रहा है। खान-पान, वेश-भूषा एवं वार्तालाप में बदलाव दिख रहा है। माता-पिता से अलग होकर बहुत देर तक मोबाइल पर लंबी बातचीत करना भी बेटियों के लिए ठीक नहीं है। बताया कि सबसे बड़ा दान कन्यादान बताया गया है। जीवन भर बेटी के मायके आने पर त्योहारों पर दान करने का अवसर प्राप्त होता है। इसलिए बेटी को बचाओ, उसे भ्रूण में मत मारो। बेटी को अधिक से अधिक पढ़ाओ। अनुशासन और संस्कार पर विशेष ध्यान दों।

कथा में ठाकुर राजेंद्र सिंह, द्रोपदी देवी, शकुंतला चौहान, रेखा चौहान, विमला तोमर, लज्जावती, सरोज, लक्ष्मी चौहान, आंचल, काजल, दिव्यांशी, मुख्य यजमान डॉ.रामचरण सिंह, ठाकुर पान सिंह चौहान, पुष्पेंद्र पाल सिंह, ठाकुर सोमपाल सिंह, जितेंद्र कुमार तोमर शामिल हुए। देवेंद्र सिंह तोमर ने भजन प्रस्तुत किया। ब्यास पीठ का आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री ने पूजन कराया। कार्यक्रम संचालन विनोद कुमार मिश्रा ने किया।

अमरपुर काशी में श्री राम कथा सुनाते पंडित शिवकुमार भारद्वाज।

एक नजर

युवक ने गृह क्लेश के चलते की आत्महत्या

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में गृह क्लेश के चलते 35 वर्षीय युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर पांच के गांव निवासी 35 वर्षीय युवक ने अपने घर के पीछे खेत में अमरूद के पेड़ से लटककर बुधवार की देर रात आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह परिजनों ने शव को लटके देखा तो उन्हें आत्महत्या की जानकारी हुई। मृतक के परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

रंग एकादशी पर हुई सामूहिक शोकसभा

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में अखिल भारतीय आंबेडकर युवा संघ ग्राम सहेलिया द्वारा गांव में रंग एकादशी पर सामूहिक शोकसभा हुई। शोकसभा में आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। आंबेडकर युवा संघ के अध्यक्ष थान सिंह ने कहा की ईश्वर की मर्जी के सामने किसी की मर्जी नहीं चलती। इस मौके पर संतोष देवी, वीरवती देवी, सुमन देवी, बाबूराम, वीर सिंह, चंद्रभान सिंह, नेपाल सिंह, संजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को भेजा पत्र

अमरोहा, अमृत विचार : पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले सभी राजनैतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को पत्र लिखा है। जिसमें पेंशनर्स और कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को अपने घोषणापत्रों में शामिल करने की अपील की गई है। जिनमें पुरानी पेंशन बहाली, आठवां वेतन आयोग गठित करना, पेंशन को आयकर से मुक्त करने और वरिष्ठ नागरिकों को पहले की भांति रेल किराये में छूट बहाल करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। यह जानकारी एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह चिकारा ने दी।

15 अपराधियों पर पुलिस ने लगाया गुंडा एक्ट

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में 15 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। गुरुवार को कोतवाली नगर प्रभारी राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने 15 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। जिनमें साकिब उर्फ छोटू, भूरा, मुनाजिर उर्फ बाबू उर्फ काना, रिजवान, महेन्द्र सिंह, आसिफ, अली हसनैन उर्फ अली हैदर, सलमान, अली अब्बास उर्फ खेवा, दिवाकर, सुमित कुमार, शाकिब, भोलू, महेन्द्र और जीतू अमरोहा के खिलाफ कार्रवाई की गई।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम गंगेश्वरी निवासी राजू पुत्र छोटेलाल दिल्ली में नौकरी करता है, उसके भाई की कुछ समय पहले मृत्यु हो गई थी। शोक के चलते वह रंग एकादशी पर बुधवार को घर आया हुआ था। गुरुवार सुबह वह बाइक से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक नगर के रहरा मार्ग स्थित कालका वाली डगरौली के निकट पहुंची, तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया।

घर के पीछे गड्ढे के पास मिला रेल कर्मी का शव

घर से बाहर जाने की बात कहकर निकला था अरुण, शव के पास मिली शराब की बोतल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे के गेटमैन की मौत हो गई। गेटमैन का शव आवासीय कॉलोनी में उसके कमरे के पीछे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव के पास से शराब की बोतल भी बरामद की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गेटमैन का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

अरुण कुमार की फाइल फोटो।

मूल रूप से डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मिठनपुर निवासी अरुण कुमार रेलवे में गेटमैन के पद पर तैनात था। उसकी तैनाती अमरोहा रेलवे स्टेशन पर थी। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। वह परिवार के साथ रेलवे की आवासीय कॉलोनी में रह रहा था। बुधवार रात को डयूटी से लौटकर वह घर चला गया था। इसके बाद पत्नी से बाहर टहलकर आने की बात कहकर घर से निकल गया। अरुण कुमार के देर रात तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसे तलाशा तो वह कहीं नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों ने जीआरपी और आरपीएफ को सूचना दी। बुधवार देर रात करीब एक बजे गेटमैन अरुण कुमार का शव घर के पीछे ही गड्ढे के पास पड़ा मिला। पुलिस की मुताबिक अरुण के शव के पास शराब की बोतल भी मिली है। आरपीएफ व जीआरपी कर्मी उसको लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिवार से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई संजीव कुमार ने बताया कि उनका भाई अरुण कुमार रेलवे में गेटमैन था। परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। मामले में नगर कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि रेलवे कर्मचारी का शव घर के पीछे गड्ढे के पास पड़ा मिला। शव के पास से शराब की बोतल भी बरामद हुई है। मृत्यु का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनास्थल पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

पटाखा फैक्ट्री में कर्मचारी की मौत

गजरौला, अमृत विचार : थाना क्षेत्र स्थित पटाखा फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक की मौत हो गई। जनपद हापुड़ के थाना हाफिजपुर इलाके के गांव इंटौरी निवासी 23 वर्षीय गौरव पुत्र किशनलाल गजरौला क्षेत्र के गांव ओसिता जगदेवपुर में पटाखा फैक्ट्री में काम करता था। फैक्ट्री मालिक के मुताबिक बुधवार रात गौरव खाना खाकर सो गया था। लेकिन सुबह नहीं जगने पर उसे उठाया, लेकिन वह नहीं उठा। जिसके बाद वह उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका है। मृतक के पिता किशनलाल व अन्य परिजनों ने फैक्ट्री मालिक समेत साथ काम करने वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक का फैक्ट्री मालिक पर 10 माह का वेतन बकाया था। जो गुरुवार को मिलना था। बृजघाट चौकी प्रभारी नितेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि युवक की मौत हुई है। फैक्ट्री मालिक हार्ट अटैक की आशंका जता रहा है। लेकिन परिजन फैक्ट्री वालों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। युवक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

मृतक गौरव की फाइल फोटो।

लाडो बिटिया सम्मान योजना का पोस्टर दिखाते डॉ. राजीव त्यागी व अन्य।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में लाडो बिटिया योजना आरंभ

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में वेंक्टेश्वरा लाडो बिटिया सम्मान योजना शुरु की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महिला सशक्तीकरण मुहिम से प्रेरणा लेते हुए चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत अस्पताल में कन्या के जन्म पर निःशुल्क उपचार एवं 3100 रुपये राशि की योजना का आरंभ की है।

एक अप्रैल से शुरू होने जा रही योजना के तहत कोई भी गर्भवती किसी दस्तावेज आय, जाति, मूलनिवासी प्रमाणपत्र के बिना सिर्फ आधार कार्ड दिखाकर इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। अस्पताल सीईओ डॉ. एचपी सिंह एवं डॉ. रेहाना नजम व प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। विम्स अस्पताल के निदेशक मार्केटिंग डॉ. एमए चौधरी, डॉ. अपराजिता सिंह, डॉ. प्राची त्यागी, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा, डॉ. अन्चिता, डॉ. नजरी, डॉ. शिवानी, डॉ. कोमल, डॉ. रितु सिंह, डॉ. जिकरा, डॉ. अनिभा एवं मेरठ से डॉ. प्रताप व विश्वास राणा रहे।

टायर फटने से पलटा पड़ा ट्रक। ● अमृत विचार

टायर फटने पर ईंटों से भरा ट्रक पलटा

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : टायर फटने पर ईंटों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। जिससे उसमें सवार चालक, हेल्पर व तीन युवक मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कुछ देर तक जाम की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हादसे के बारे में जानकारी ली।

गुरुवार को ईंटों से भरे ट्रक का टायर अचानक से तेज धमाके के साथ फट गया। यह हादसा नेशनल हाईवे पर कांकाठेर के निकट हुआ। धमाका होने पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। ट्रक पलटने पर कुछ देर के लिए जाम के हालात बन गए। मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक के शीशे तोड़कर उमसें फंसे चालक, हेल्पर व अन्य तीन लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

अनियंत्रित होकर खंदक में पलटी कार

गजरौला, अमृत विचार : चंदौसी से चंडीगढ़ जा रही कार हाईवे किनारे खंदक में पलट गई। गनीमत रही कि कार सवार लोगों को ज्यादा चोट नहीं आईं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बता दें कि गुरुवार को सम्भल के हनुमानगढ़ी निवासी मुकेश कुमार, चंदौसी निवासी दिनेश व राधा कार से चंडीगढ़ जा रहे थे। मोहम्मदाबाद ढाल के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खंदक में जा घुसी। हालांकि गनीमत रही कि हादसे में कार सवारों को ज्यादा चोट नहीं आई। आसपास के लोगों की मदद से पलटी हुई कार को सीधा कराया गया।

कार को निकालने की कोशिश करते लोग।

भजन संध्या में खाटू श्याम का गुणगान

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : बाबा खाटू श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा रंग एकादशी पर कीर्तन में श्याम भक्तों ने भजन कीर्तन कर मनाया। बुधवार रात नगर के हरदेव बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मन्दिर में श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल ने श्री खाटूश्याम बाबा की भजन संध्या का आयोजन किया।

सर्वप्रथम भगवान गणेश व लक्ष्मी नारायण का पूजन किया। मनोज अग्रवाल ने पूजन कराकर श्याम बाबा की ज्योत प्रज्वलित की। इसके बाद उत्सव अग्रवाल, राघव वर्मा ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं मंत्रमुग्ध कर दिया। शमी ने भी मेरे दरवाजे पर हनुमान का पहरा होता है गाया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल का कमेटी ने स्वागत किया। समापन पर मोरछड़ी का झाड़ा लगाकर आरती कर प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर अमित गर्ग भोले, अतुल वर्मा, अंकित जैन, मोहित अग्रवाल, अर्पित गर्ग, राजीव अग्रवाल, उत्सव, सूरज वशिष्ठ, राजीव मित्तल, आंचल कुमार, काजल गर्ग, नीतू जैन, अनिता वर्मा, नीति अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, रजनी अग्रवाल रहे।

हसनपुर में भजन प्रस्तुत करतीं सलोनी। ● अमृत विचार

श्री श्याम मित्र मंडल ने किया कीर्तन

हसनपुर, अमृत विचार : शिवाला मंदिर में रंग एकादशी पर श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में भजन कीर्तन हुआ। कीर्तन के दौरान भक्तों ने होली खेली। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर रंग एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें सलोनी दीदी, अमन लाडला एवं आदित्य महाजन ने बाबा खाटू श्याम के भजन प्रस्तुत किए। भजन-कीर्तन के दौरान भक्तों ने गुलाल एवं फूलों की होली खेली। कीर्तन सम्पन्न होने पर खाटू श्याम महाराज की आरती हुई और प्रसाद बांटा गया। इस दौरान शैंकी अग्रवाल, संदीप अग्रवाल,आशु चौहान, मोहित चौहान, प्रवीण प्रजापति, शुभम, अंकित अग्रवाल, पराग अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अंकित गुप्ता रहे।

महाराजा हरिश्चंद्र वंशीय महिला सभा ने मनाया होली उत्सव

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में महाराजा हरिश्चंद्र वंशीय महिला सभा ने धूमधाम से होली उत्सव मनाया। होली उत्सव के दौरान महिलाओं ने फूलों की होली खेली।

महाराजा हरिश्चंद्र वंशीय महिला सभा के तत्वावधान में मोहल्ला कायस्थान स्थित रस्तोगी धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सभा की सदस्यों ने राधा कृष्ण कीर्तन कर फूलों की होली खेली। होली उत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति बहुत ही मनमोहक रही। इस अवसर पर सदस्यों ने विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। सभा की महिला सदस्यों ने माहौल को उल्लास से भर दिया। नृत्य और संगीत की धूम रही। फाग गीतों की प्रस्तुति हुई। अबीर-गुलाल के फुहार में होली उत्सव मनाया। इस मौके पर प्रिया रस्तोगी, स्वाति रस्तोगी, प्राची रस्तोगी, शालू रस्तोगी, नेहा रस्तोगी, सोनिया रस्तोगी, छवि रस्तोगी, बबीता रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

कुत्तों ने मजदूर को काटा बकरे को मार डाला

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में कुत्तों ने एक मजदूर को घायल कर दिया और बकरे को मार डाला।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर कलां निवासी संजीव मजदूरी करता है। वह गुरुवार सुबह मजदूरी के लिए साइकिल से आ रहा था। जैसे ही वह नगर के मोहल्ला हिरनवाला पहुंचा तो कुत्तों का झुंड उस पर टूट पड़ा और उसे काट लिया। चीखपुकार सुनकर मोहल्लेवासी एकत्र हुए और उन्होंने कुत्तों को भगा कर घायल को सीएचसी पहुंचाया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकूबपुर में बुधवार शाम घेर में बंधे बकरे को कुत्तों ने हमला कर मार डाला। जिस समय बकरे पर हमला हुआ, उस समय सभी लोग रोजा इफ्तार करने के लिए गए हुए थे। गांव निवासी मोहम्मद अली पुत्र फारूक का घेर गांव के बाहरी छोर पर स्थित है। पीड़ित का कहना है कि बकरा घेर में बंधा हुआ था। किसी समय कुत्ते आए और उसे मार डाला।

केबल बक्सा फटने से नगर में चार घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, हसनपुर

- 14,000 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति रही ठप
- बुधवार रात 10 बजे बहाल हो पाई बिजली आपूर्ति

अमृत विचार : 33 केवीए लाइन का केबल बक्सा फटने से 14 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। नगर के ग्राम हैबतपुर मार्ग पर केबल बक्सा फटने से बुधवार शाम से देर रात तक पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सूचना मिलने पर विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दुरुस्त करने में जुट गए।

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है। वैसे ही बिजली कटौती की समस्या बढ़ती जा रही है। बुधवार शाम 33 केवीए लाइन का केबल बक्सा फट गया। केबल बक्सा फटने से नगर के करीब 14 हजार घरों की आपूर्ति बंद हो गई। बिजली गुल होने पर उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया। वहीं, कुछ घरों में पेयजल की भी समस्या हो गई। काफी समय तक बिजली गुल रहने की उपभोक्ताओं ने जानकारी लेने का प्रयास किया तो आरोप है कि बिजलीघर कर्मियों ने फोन कॉल रिसीव नहीं की गई। बाद में उपभोक्ताओं को केबल बक्सा फटा होने की जानकारी मिली। वहीं, बुधवार शाम से गुल हुई बिजली देर रात लगभग 10 बजे तक बहाल हो सकी। बिजलीघर के जेई साहिल गांधी ने बताया कि ग्राम हैबतपुर मार्ग के निकट 33 केवीए लाइन का केबल बक्सा फटने से सप्लाई बाधित हुई है। केबिल बक्सा को ठीक कर दिया गया है। अब आपूर्ति सुचारु हो गई है।

एसडीएम के पिता पर मारपीट का आरोप

गजरौला, अमृत विचार : अलीगढ़ जिले में तैनात एसडीएम के पिता व अन्य परिजनों पर दंपती व उनके बच्चों से मारपीट का आरोप लगा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई निवासी संजीव बतौर एसडीएम अलीगढ़ जिले में तैनात हैं। 18 मार्च को गांव के ही निवासी होरीलाल से एसडीएम के पिता का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि एसडीएम के पिता व अन्य परिजनों ने विवाद के चलते होरीलाल के साथ मारपीट कर दी। उसके बचाव में आई पत्नी व बच्चों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। होरीलाल ने घटना की तहरीर पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रंग एवं पिचकारियों की दुकानों पर बढ़े खरीदार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : होली को लेकर रंग और पिचकारियों की दुकानें सज चुकी हैं। दुकानों पर ग्राहक भी रंग-गुलाल, सजावटी कैप व पिचकारी खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। बच्चों में होली के प्रति उल्लास देखते ही बन रहा है। उधर, मिठाई की दुकानों पर गुझिया और नमकीन की बिक्री भी बढ़ी है।

नगर के प्रमुख बाजारों में होली की दुकानें सज गई हैं। रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हैं। ब्लाक चौराहा, आंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, पुरानी तहसील, पंसारा बाजार, दरबार, नवयुवक मार्केट, रहरा बस स्टैंड, अमरोहा बस स्टैंड, राजपूत कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में रंगों की दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। इस बार मोटू-पतलू, वाटर टैंक, स्पाइडर मैन की पिचकारियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। डरावने मुखौटे भी दुकानों पर सजे हैं। बाजार में होली खेलने के लिए टोपी, टी-शर्ट, पगड़ी, कुर्ता पायजामा समेत अन्य वस्तुएं उपलब्ध है। हर्बल रंग व गुलाल को लोग अधिक पसंद कर रहे हैं। बाजार में रंग व गुलाल के पैकेट 10 से 50 रुपये तक बिक रहे हैं।

बैठक | तहसील सभागार में स्वास्थ्य कर्मचारियों से एसडीएम ने की अपील, एक अप्रैल से चलेगा अभियान

संचारी रोग नियंत्रण के लिए लोगों को करें जागरूक

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : गुरुवार को एसडीएम चंद्रकांता की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ बैठक हुई।

गुरुवार को हुई बैठक में एसडीएम चंद्रकांता ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। अभियान को सफल बनाने के लिए आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की ओर से घर-घर जाकर दिमागी बुखार, टाइफाइड, खांसी, जुकाम, क्षय रोग एवं विभिन्न संचारी रोगों से बचाव के लिए सर्वे किया जाए। इसके उपचार के बारे में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण के प्रति स्वयं और नागरिकों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। बैठक में एसडीएम चंद्रकांता ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ब्लॉक सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को शासन द्वारा चलाए जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति गंभीरता दिखाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने संचारी रोगों के प्रति समाज को जागरूक रखने, सफाई और शुद्ध पेयजल के प्रति लोगों को बताने को कहा। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, आशाओं, ग्राम प्रधानों व राशन डीलरों से अभियान में सहभागिता को कहा।

सीएचसी प्रभारी डॉ. संदीप कुमार व डॉ. योगेंद्र सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान में 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान, चार अप्रैल से शून्य से दो वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने संचारी रोगों में मच्छर जनित रोगों मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, टाइफाइड के लक्षण मिलते ही उपचार की सलाह दी। इस मौके पर डॉ. सतीश भास्कर, डॉ. योगेंद्र सिंह, मनोज सैनी, अभिषेक वर्मा, सोनिका, सुमेदा शर्मा, शीबा परवीन, तजेंद्र कौर सहित रहे।

मंडी धनौरा में संचारी रोग नियंत्रण की बैठक के दौरान एसडीएम चंद्रकांता व अन्य। ● अमृत विचार

एक नजर

तमंचा व कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : पुलिस ने रामपुर तगा चौकी के पास से बुधवार देर शाम तमंचा व दो कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप ने बताया कि बुधवार शाम रामपुर तगा चौकी प्रभारी टीम के साथ चौकी के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी बीच पुलिस को देखकर बाइक सवार युवक ने भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस के तलाशी लेने पर युवक के पास से एक तमंचा तथा दो कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नईम पुत्र बबलू सैफी निवासी गांव चुचैलां कलां थाना मंडी धनौरा जिला अमरोहा बताया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

ज्योति बनीं एंटी क्राइम फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष

गजरौला, अमृत विचार : नेशनल एंटी क्राइम करप्शन फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव अभय चौधरी ने संगठन की महिला मोर्चा का विस्तार करते हुए अमरोहा जनपद से नन्हीं चौधरी को जिला अध्यक्ष अमरोहा, पोलिन को जिला उपाध्यक्ष व हापुड़ जनपद से ज्योति माला को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। अभय चौधरी ने कहा कि सभी मनोनीत पदाधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि वे पूरी मेहनत से संगठन को मजबूत करने के लिए जुट जाएं और सदस्यता अभियान चलाकर संगठन का विस्तार करें।

खेत में मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

अमरोहा, अमृत विचार : खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। मामला थाना अमरोहा थाना क्षेत्र के गांव उक्सी के जंगल का है। गांव निवासी अशरफ के खेत से गुरुवार सुबह बदबू आ रही थी। पास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने मौके पर पहुंच कर देखा तो पता चला कि खेत में युवक का सड़ा गला शव पड़ा था। कुछ देर में मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौक पर पहुंच गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक अपराध अमरीश त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि शव कई दिन पुराना लग रहा है। फिलहाल शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है।

एसडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट किए तैनात

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गुरुवार को होली को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए एसडीएम चंद्रकांता ने थानावार सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। 24 मार्च को होलिका दहन व 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। एसडीएम ने गजरौला क्षेत्र में नायब तहसीलदार वीपी सिंह, मंडी धनौरा क्षेत्र में तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, बछरायूं क्षेत्र में नायब तहसीलदार गजरौला राजपाल सिंह व रजबपुर क्षेत्र में पशु चिकित्साधिकारी गजरौला डॉ. अतुल कुमार की बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनाती की है। क्षेत्र में निगाह रखने के साथ ही किसी भी घटना की जानकारी तहसील मुख्यालय पर देने का निर्देश दिया है।

प्रशिक्षण से निर्वाचन में होगी आसानी

मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण, समस्या का निराकरण कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनर्स को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने प्रशिक्षण के लिए लगाए गए मास्टर ट्रेनरों को उनकी जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। पोलिंग पार्टियों को निर्वाचन की बारीकियों से अवगत कराने की बात कही।

सभागार में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देते जिलाधिकारी व सीडीओ। ● अमृत विचार

गुरुवार को दूसरे चरण के प्रशिक्षण में जिलाधिकारी राजेश त्यागी ने कहा कि किसी भी निर्वाचन में मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि किसी को प्रशिक्षित करना भी बहुत ही कठिन कार्य होता है। इसलिए चुनाव के लिए लगे मास्टर ट्रेनर्स गहनतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। ताकि वे भी भली-भांति प्रशिक्षण दे सकें। कहा कि पीठासीन अधिकारी की हस्त पुस्तिका का भली-भांति अध्ययन करें, ताकि कोई शंका न रहे। ईवीएम व वीवीपैट के परिचालन, कनेक्शन, माकपोल आदि को भली-भांति सीख लें। जिससे किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण जितना प्रभावी होगा, उतना ही चुनाव कराना आसान होगा। यदि किसी बिंदु पर शंका है तो एक दूसरे से जानकारी कर उसका समाधान कर लें। चुनाव के काम में कोई भी संदेश नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व मास्टर ट्रेनर्स को मतदाता जागरुकता की शपथ भी दिलाई। इस दौरान सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र, पीडी अमरेंद्र प्रताप, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आज से कई मार्गों पर चलेंगी स्पेशल बसें

अमरोहा, अमृत विचार : होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए अमरोहा डिपो आज से कई मार्गों पर स्पेशल बसों का संचालन शुरू कर देगा। अभी स्पेशल बस का संचालन दिल्ली और मेरठ के लिए किया जाएगा।

गुरुवार को अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल बसों को कई मार्गों पर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका संचालन 22 मार्च शुक्रवार से प्रारंभ होगा। यह बस दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर और हरिद्वार के लिए चलेंगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रतिदिन कई मार्गों पर चलने वाली बसों के किलोमीटरों को बढ़ा दिया जाएगा। जिससे यात्री चांदपुर, बिजनौर, धामपुर, नूरपुर और मुरादाबाद समय से पहुंच सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने बसों को तैयार कराया है । स्पेशल बसों के लिए अतिरिक्त चालक व परिचालकों की भी व्यवस्था कर ली गई है। क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक ने बताया कि यह व्यवस्था 27 मार्च तक रहेगी।

मतदान से मजबूत होगा लोकतंत्र

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : मतदाता जनजागरुकता अभियान के तहत कारमेल पब्लिक स्कूल में बैठक हुई। जिसमें नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करे और अपने परिवार, आस पड़ोस के लोगों को भी इस बारे में जागरूक करें।

कार्यक्रम में हरियाणवी फिल्मों के अभिनेता उत्तर कुमार ने बताया कि हमारे लोकतंत्र में मतदान का सबसे बड़ा महत्तव है। जब हम मतदान करेंगे तो मजबूत लोकतंत्र बनेगा। उन्होंने प्रत्येक मतदाता से अपने मत का प्रयोग करने का आह्वान किया। कारमेल स्कूल के प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने कहा कि हम सब मताधिकार का प्रयोग करें। मतदान वाले दिन सबसे पहले अपना वोट डालें, उसके बाद ही कोई दूसरा काम करें। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक रामपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, हर्षित रस्तोगी, आदेश कुमार अग्रवाल, अजय गोस्वामी, फिल्म अभिनेता सुरजीत सिरोही, राजीव सिरोही, संजय कुमार, सभासद डॉ. अरकान आलम आदि मौजूद रहे।

कारमेल पब्लिक स्कूल में बैठक में बोलतीं ईओ शालिनी गुप्ता। ● अमृत विचार

- जन जागरुकता अभियान को लेकर कारमेल स्कूल में बैठक
- बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया गया जोर

खरीद के बहाने पांच क्विंटल गेहूं और 50,000 रुपये लूटे

संवाददाता, आदमपुर

अमृत विचार : डिग्री कॉलेज के प्राचार्य के घर में घुसकर वाहन सवार आरोपी पांच क्विंटल गेहूं व संदूक में रखी 50 हजार की नकदी लेकर भाग गए। जब प्राचार्य के भाई ने वाहन को रोकने का प्रयास तो बदमाश धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने ढबारसी चौकी पुलिस को तहरीर दी है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दूल्हेपुर अहीर में एचडीएसडी डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. शिव शंकर का घर है। गुरुवार सुबह 10 बजे दो लोग गेहूं खरीदने की आवाज लगा रहे थे। प्राचार्य के भाई रविशंकर ने गेहूं का भाव मालूम किया तथा 2500 रुपये प्रति क्विंटल तय हुआ। इसी बीच दोनों लोगों ने मैक्स गाड़ी व सात साथियों को घर बुला लिया। प्राचार्य डॉ. शिव शंकर कालेज चले गये तथा छोटा भाई पिता तीरथ सिंह व माता लक्ष्मी देवी को घर छोड़कर खेत पर चला गया। तभी घर में घुसे बदमाशों ने गेहूं की बिना तौल किए मैक्स में लादना शुरू कर दिया। तीरथ सिंह ने गेहूं लादने का विरोध किया तो आरोपी जबरदस्ती करने लगे। तीरथ सिंह ने रविशंकर को फोन करके बताया तो वह बाइक से घर आए तो आरोपी वाहन लेकर भागने लगे। रविशंकर ने वाहन रोकने का प्रयास किया तो आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। रविशंकर ने घर पर देखा तो पता चला कि कमरे में रखे संदूक से 50,000 रुपये गायब थे। प्राचार्य के भाई रविशंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए ढबारसी पुलिस को तहरीर दी गई है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

मोदी सरकार में व्यापारी भयमुक्त : कंवर सिंह

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा स्वागत सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें व्यापारियों ने 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस दौरान व्यापारियों ने पूर्व सांसद और भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर का स्वागत किया।

बुधवार रात शहर के बिजनौर रोड एक बैंक्वेट हॉल में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा स्वागत सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विशाल गोयल ने की। इस दौरान व्यापारियों ने मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर का स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी व्यापारियों ने विचार रखे और 26 अप्रैल को ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करने के लिए अपील की। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विशाल गोयल ने कहा कि अबकी बार पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार लगातार तीसरी बार जीतकर इतिहास रचेगी। व्यापार मंडल के संरक्षक विनोद गुप्ता ने कहा कि 400 सीटें जीताकर एनडीए की सरकार बनाना है। कार्यक्रम संयोजक शार्दुल अग्रवाल ने कहा कि अमरोहा का व्यापारी जागरूक है और भारतीय जनता पार्टी के साथ है। पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि वह हर बार अमरोहा की जनता की कसौटी पर खरे उतरे। व्यापारी भयमुक्त होकर व्यापार कर रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला, पालिका की अध्यक्ष शशि जैन, गुरिंदर सिंह ढिल्लो, बृजेश चौधरी, राम सिंह सैनी, केएस सैनी, राकेश वर्मा, पूरन सिंह सैनी, चंद्रभान भाटी, प्रेम सिंह सैनी, विनोद गुप्ता, करुणेश गोयल, अजय कुमार अग्रवाल, योगेश जैन, शार्दुल अग्रवाल, वरुण माहेश्वरी, रिभू माहेश्वरी, पुष्कर लाल गुप्ता, संजीव रघुवंशी, अभिषेक शर्मा, अभय सिंघल, शंकर प्रकाश, दीपक बंसल, सुधांशु विश्नोई, अभय आर्य, सुमित सरन, प्रवीण अग्रवाल रहे।

मंच पर मौजूद शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, पालिकाध्यक्ष शशि जैन, कंवर सिंह तंवर व अन्य।

रुमाल सुंघाकर ई-रिक्शा फोन व 1200 रुपये लूटे

गजरौला, अमृत विचार : मोहल्ला चौहानपुरी निवासी कर्ण सिंह का बेटा विकास ई-रिक्शा चलाता है। बुधवार को वह शहर के मोहल्ला नाईपुरा में सवारी लेकर गया था। वहां से एक युवक ने उसकी ई-रिक्शा को बृजघाट के लिए किराये पर तय कर लिया।

बताया कि कुछ ही दूरी पर एक अन्य युवक भी ई-रिक्शा में सवार हो गया। बृजघाट के पास एक युवक ने अपनी जेब से रुमाल निकाला और विकास को सुंघाकर बेहोश कर दिया। उसकी जेब में रखे 1200 रुपये के साथ मोबाइल व ई-रिक्शा लूट ली। विकास को बेहोशी की हालत में वहीं फेंक कर आरोपी फरार हो गए। होश में आने पर पीड़ित ने राहगीर के फोन से परिजनों को पूरी जानकारी दी। जानकारी पर परिजन बृजघाट पहुंचे और विकास को निजी अस्पताल से दवा दिलाई। गुरुवार को घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

हसनपुर में पैदल मार्च करते पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस ने अर्ध सैनिक बल के साथ किया पैदल मार्च

हसनपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की आचार संहिता को लेकर पुलिस ने अर्ध सैनिक बल के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया। शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता का पालन, अपराध नियंत्रण एवं कानून शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के नेतृत्व में अर्ध सैनिक बलों के साथ नगर स्थित कोतवाली से पैदल मार्च शुरू हुआ जो नगर में मुख्य मार्गों से होता हुआ कोतवाली पहुंचकर संपन्न किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था तथा चुनाव आचार संहिता के पालन की भावना जागृत करने के दृष्टिगत पैदल मार्च किया गया है।

सपा अल्पसंख्यक सभा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते पूर्व राज्यमंत्री मौलाना जावेद आब्दी। ● अमृत विचार

सपा अल्पसंख्यक सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

नौगांवा सादात, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की बैठक में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित की गयी। गुरुवार को नौगांवा में पूर्व राज्य मंत्री मौलाना जावेद आब्दी की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की बैठक हुई। बैठक में अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष नवाजिश अली ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मोहम्मद उमर को जिला उपाध्यक्ष, सद्दाम हुसैन को जिला उपाध्यक्ष, डॉ. इरफान को जिला सचिव, फरहान अली को जिला सचिव, मोहम्मद फैजल हक को जिला कोषाध्यक्ष व मोहम्मद मानिस को सदस्य मनोनीत किया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव, मोहम्मद अली उर्फ भूरे, डॉ. अनीश अहमद, मिंकू सिंह, सरफराज, धर्मपाल सिंह, मुराद अली, प्रदीप चौधरी, सलमान, मेहंदी रजा, सद्दाम हुसैन व रफसन जानी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए दूध के नमूने

अमरोहा, अमृत विचार : होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर दूध, दही और मावा आदि के नमूने भरने की कार्रवाई की है। गुरुवार को मुख्य खाद्य अधिकारी हरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि होली को देखते हुए पूरे जिले में खाद्य पदार्थों के नमूने भरने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि होली पर दूध, दही, मावे के साथ रिफाइंड, तेल और घी आदि का प्रयोग हर घर में होता है। मिलावट से रोकने के लिए टीम बनाकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्र से दूध, दही और मावा लाने वाले दूधियों से नमूने भरे और खाद्य पदार्थों की जांच की। खाद्य अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को कई दूधियों के सैंपल भरे गए। इसके अलावा हसनपुर, गजरौला, धनौरा एवं नगर के क्षेत्र में खाद्य सामग्रियों की भी जांच भी की गई है।

नमूने लेते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी।

गांव में पिंजरा लगाते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

गांव ढकिया भूड़ में दिखाई दिया तेंदुआ

गजरौला/मंडी धनौरा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव ढकिया भूड़ के जंगल में तेंदुए के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने वन अधिकारियों से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। वन विभाग की टीम ने गांव में पिंजरा लगाया और ग्रामीणों को भी सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। गुरुवार सुबह गांव निवासी किसान बुग्गी से अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसने खेत से निकल रहे तेंदुए को देखा तो किसान बुग्गी लेकर लौट गया। इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों को हुई तो वह लाठी-डंडे लेकर खेतों की तरफ पहुंचे। लेकिन तेंदुआ तब तक वहां से जा चुका था। सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम में शामिल विनोद कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है और ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की है।

तैयारी | माहौल खराब करने वालों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

1141 स्थानों पर होगा होलिका दहन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले भर में 1141 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए पुलिस-प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए हैं। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस तैनात रहेगी। होली पर माहौल बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी।

जिले में 24 मार्च को होलिका दहन और 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। कुल 1141 स्थानों पर होलिका दहन होगा। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि जिले में शांति एवं भाईचारे के साथ होली मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि माहौल को खराब करने वालों पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिस कर्मियों को निर्देश दे दिए गए हैं। उधर, खरीदारी करने वालों की भीड़ बाजार में उमड़ रही है। सुरक्षा के लिए शहर के चौक चौराहा और बाजार में पुलिस ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली को शांतिपूर्वक मनाने के लिए थाना अध्यक्षों को गांव में जाकर लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने और किसी प्रकार से माहौल नहीं बिगड़ने की हिदायत दी है।

होलिका दहन वाले स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाई जा रही है। जगह-जगह पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया जिले के 50 संवेदनशील क्षेत्रों पर अतिरिक्त फोर्स को लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर जिले में 25 स्थानों पर जुलूस निकाल जाएंगे। तीन स्थानों पर मेले लगाए जाएंगे। जिसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंतजाम किए गए हैं। नगर के मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में मेला लगेगा। मेले की तैयारी पूरी कर ली है। सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से माहौल खराब करने वालों पर नजर रखी जाएगी।

होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 11 बजे के बाद

भद्रा में होलिका दहन करना शुभ नहीं होता है। इस साल होलिका दहन 24 मार्च को रात्रि 11:14 से लेकर 12:20 तक रहेगा। इसी बीच होलिका दहन किया जाएगा।

पालिका की ओर से पानी की रहेगी विशेष व्यवस्था

अमरोहा, अमृत विचार : नगर पालिका की ओर से होली पर 25 मार्च को पानी की विशेष व्यवस्था रहेगी। इसके लिए नगर पालिका ने 24 घंटे जलापूर्ति करने का फैसला लिया है। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि होली पर सूखे एवं गीले रंगों का प्रयोग किया जाता है। होली पर पानी की अधिक आवश्यकता होती है। इसलिए जल कल विभाग के साथ बैठक की गई है। 25 अप्रैल को 24 घंटे पानी की आपूर्ति रहेगी।

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़। ● अमृत विचार

होली से पहले ट्रेनों में नहीं मिल रहा आरक्षण

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : होली नजदीक आते ही रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्रों पर भीड़ उमड़ने लगी है। सबसे ज्यादा बिहार लौटने वाले लोगों की संख्या है। दिल्ली-लखनऊ और प्रयागराज रूट की प्रमुख ट्रेनों में अगले 15 दिन तक कोई सीट खाली नहीं हैं। प्रतिक्षा सूची भी 150-170 के बीच में पहुंच गई है। वहीं यात्रियों को तत्काल टिकट भी नहीं मिल पा रहा है।

होली पर कई दिन की छुट्टियां रहेगी। ऐसे में नौकरीपेशा लोग त्योहार मनाने के लिए अपने घरों की ओर जाएंगे। नतीजा ट्रेनों में सीटों की बुकिंग ज्यादा हो रही है। बीते एक सप्ताह से सीट बुकिंग करवाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। बहुत से यात्री तो वेटिंग में ही अपने टिकट बुक करवा रहे हैं। अब उन टिकटों को कनफर्म करवाने के लिए यात्रियों को खासी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बात अगर दिल्ली से गजरौला होते हुए बरेली जाने वाली आला हजरत एक्सप्रेस की करें तो इसमें अगले 15 दिन तक ट्रेन में कोई भी सीट खाली नहीं है। नौचंदी एक्सप्रेस में 150 वेटिंग है जबकि रक्सौल एक्सप्रेस में 180 वेटिंग चल रही है। इंटरसिटी एक्सप्रेस में भी कोई सीट इस दौरान खाली नहीं है। स्लीपर से लेकर एसी कोच तक सीटों को लेकर मारामारी के हालात बने हैं। रेलवे स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह के मुताबिक होली के चलते ट्रेनों में एक माह पहले ही ज्यादातर लोगों ने सीट बुक करा रखी हैं।

बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

शाहबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव तुरखेड़ा निवासी अजयपाल 16 मार्च को नई बाजार से सब्जी खरीदने गया था। उसने अपनी बाइक बाजार में खड़ी कर दी। जब वह सब्जी खरीदकर वापस आया तो बाइक गायब थी। इसके बाद बाइक को काफी ढूंढा लेकिन बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

एक नजर

पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने किया पैदल मार्च

बबराला, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने पैदल मार्च निकाला। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कोतवाल संजीव बालियान की अगुवाई में पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने गुन्नौर, बबराला, बाघऊ आदि में पैदल मार्च करते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं होगी। आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें।

दो गिरफ्तार, चाकू व तमंचा बरामद

सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नबाबखेल कच्चा इलाका निवासी फुरकान गुरुवार को मुहल्ला के नजदीक आम के बाग के पास तमंचा लेकर खड़ा था। पुलिस मौके पर पहंची और तमंचा बरामद कर फुरकान को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी अफसर गांव नगला खोकर जाने वाले कच्चे रास्ते पर स्थित मजार के पास से खड़ा था। मौके पर पहुंची पुलिस को तलाशी लेने पर अफसर के पास चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने अफसर व फुरकान का चालान कर दिया।

टैक्स के 1.14 करोड़ न चुकाने पर कुर्की

घर, होटल व बैंक्वेट हॉल सील, सालों से नहीं अदा किया गृह एवं जलकर, जारी हुई थी आरसी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के गृहकर एवं जलकर के बकाया का भुगतान न करने के बाद जारी हुई 1.14 करोड़ रुपये की आरसी के मामले में प्रशासन ने कुर्की की बड़ी कार्रवाई की है। अधिकारियों ने बाकीदार भाइयों के बैंक्वेट हाल, होटल व मकान को सील करते हुए दो कार व बाइक समेत अन्य सामान जब्त कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र में यशोदा चौराहा के पास स्थित एग्फा बैंकट हाल में गुरुवार को दोपहर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, तहसीलदार रवि सोनकर, ईओ नगर पालिका आनंद कुमार कटारिया टीम के साथ पहुंचे। एसडीएम के निर्देश पर अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कराई। ईओ आनंद कुमार कटारिया ने बताया कि मोहल्ला लोधी सराय निवासी सगे भाइयों मोहम्मद जुबैर और मुशय्यद हुसैन

कुर्की के दौरान होटल मालिक की कार को जब्त कर ले जाते कर्मचारी ● अमृत विचार

होटल के गेट पर सील लगाते वसूली टीम के कर्मचारी।

▸▸ एसडीएम, तहसीलदार, ईओ टीम के साथ पहुंचे, कई घंटों तक चली कार्रवाई

द्वारा करीब 19 साल से गृहकर और जलकर अदा नहीं किया गया। जिस पर 1.14 करोड़ रुपये की आरसी जारी की गई थी। आरसी जारी करने की कार्रवाई बार-बार नोटिस जारी करने के बाद हुई। फिर भी राजस्व की अदायगी नहीं की गई। आरसी के आधार पर कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। टीम ने छोटे बड़े सात जेनरेटर, छह कूलर, दो कार, एक बाइक आदि सामान जब्त करते हुए एग्फा बैंक्वेट हाल एवं होटल परिसर को सील किया। तहसीलदार ने बताया कि बाकीदारों का मकान भी सील किया गया है।

कार्रवाई की कराई वीडियोग्राफी

संभल, अमृत विचार : एग्फा बैंक्वेट हाल एवं होटल में अधिकारियों ने सामान जब्त करने की कार्रवाई को रिकॉर्ड कराया। अधिकारियों के निर्देश पर कर्मचारी सामान जब्त किए जाने की कार्रवाई की वीडियोग्राफी करते नजर आए। जब्त सामान को तहसील प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया। कुर्की की कार्रवाई से खलबली मची रही। साथ ही लोग बकाएदार भाइयों की संपत्ति कुर्क किए जाने को लेकर चर्चा करते नजर आए।

कनेक्शन काटने पहुंची बिजली टीम से मारपीट

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में बिजली बकाये पर कनेक्शन काटने के लिए पहुंची टीम के साथ उपभोक्ताओं ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। टीम ने किसी तरह भागकर जान बचाई। मारपीट में अवर अभियंता घायल हो गए।

विद्युत उपकेंद्र असमोली पर तैनात अवर अभियंता अजय कुमार शर्मा गुरुवार को नौ कर्मचारियों की टीम के साथ विभागीय आदेश पर बिजली बिल बकायेदारों के कनेक्शन काटने के लिए गांव मबई डोल पहुंचे। यहां उपभोक्ताओं से बिल जमा करने के लिए कहा तो विवाद हो गया। आरोप है कि उपभोक्ताओं ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। इतना ही नहीं, महिलाओं ने टीम को दौड़ा लिया। टीम ने जैसे तैसे भागकर जान बचाई। मारपीट में अवर अभियंता अजय कुमार शर्मा घायल हो गए। उन्होंने घटना की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी। जिसके बाद अवर अभियंता ने तीन नामजद व अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

सार संक्षेप

शहीद के परिजनों को उपहार देते डीआईजी सुभाष चंद्र। ● अमृत विचार

शहीद सब इंस्पेक्टर के परिजनों का जाना हाल

गुन्नौर, अमृत विचार : सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर रामपुर के डीआईजी सुभाष चंद्र गुरुवार को शहीद सब इंस्पेक्टर के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात करते हुए हाल जाना। डीआईजी ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुहल्ला अस्पताल निवासी सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर जमीरूल हसन 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में शहीद हो गए थे। उनका बेटा आमिर और छोटी बेटी फरहीन अलीगढ़ में रहते हैं। पति की शहादत के कुछ वक्त बाद पत्नी शबीना की मृत्यु हो गई जबकि बेटी रूबीना और मीना शादीशुदा हैं। गुरुवार को उनके घर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर रामपुर से डीआईजी सुभाष चंद्र पहुंचे। उन्होंने अलीगढ़ से घर पहुंचे परिवार का हाल जाना और यथा संभव मदद का भरोसा दिया। जमीरूल हसन के बेटे आमिर ने मृतक आश्रित कोटे से सीआरपीएफ में नौकरी से असमर्थता जताई और अविवाहित बहन फरहीन को नौकरी की पैरवी की। डीआईजी ने फरहीन को सीआरपीएफ अलीगढ़ में ही समायोजित कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान कोतवाल संजीव बालियान, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर धाम सिंह, एएसआई कमल सिंह, गजेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता केवी यादव आदि रहे।

बदायूं घटना के आरोपियों को दी जाए फांसी की सजा

संभल, अमृत विचार : समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष महंत भगवानदास शर्मा ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बदायूं में दो भाइयों की निर्मम हत्या को लेकर दुख जताया। कहा कि जिन लोगों ने अपराधियों को संरक्षण दिया है और जो जघन्य अपराध में शामिल हैं, उन्हें तुरंत फांसी दी जाए। इस दौरान महेंद्र स्वामी, संजीव सहारा, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, जोगेंद्र शर्मा, महीपाल सिंह, नितिन शर्मा एडवोकेट, अशोक कुमार, विनेश अग्रवाल, हरकिशन सिंह, कांति प्रसाद शर्मा आदि रहे।

बच्चे को बाल कल्याण समिति ने माता-पिता को सौंपा

बहजोई, अमृत विचार : दो दिन पहले अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में परिजनों से बिछड़े बच्चे को बाल कल्याण समिति ने उसके माता-पिता से मिलाया। माता-पिता को देखकर बच्चा भावुक होकर उनके गले लग गया। बाल कल्याण समिति ने बच्चों को माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। 19 मार्च को अलीगढ़ बरेली पैसेंजर में महिला समाजसेवी महिला उर्मिला सागर को एक बच्चा मिला था। वह अपने माता-पिता से ट्रेन में बिछड़ गया था। उर्मिला सागर ने बच्चे को रजपुरा थाने के सुपुर्द कर दिया था। इसके बाद थाना पुलिस ने बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति के सदस्यों ने बच्चों की काउंसलिंग की उसके माता-पिता के बारे में जानकारी प्राप्त कर माता-पिता निवासी गाजियाबाद को अपने बुलाकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी की। पिता मिथुन मंडल ने बताया कि बच्चा उसके छोटे भाई के साथ गंगा स्नान के लिए राजघाट नरोरा आया था। वहां से ही ट्रेन में बच्चा बिछड़ गया था। इस दौरान बाल कल्याण समिति के गौरव गुप्ता, गौरव शर्मा, नूतन चौधरी, नीलम राय सहित आदि मौजूद रहे।

स्कूल बस से टकराकर खंदक में पलटी कार

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर पहिया निकल जाने के बाद कार स्कूल बस से टकराने के बाद गहरी खाई में जाकर पलट गई। हादसा देख लोग सहम गये लेकिन गनीमत यह रही कि किसी को चोट नहीं आई। गांव रायां बुजुर्ग निवासी शाने आलम गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे संभल जोया मार्ग पर असमोली की ओर से कार लेकर आ रहा था। गांव मदाला फतेहपुर के पास पहुंचते ही कार का अगला पहिया निकल गया। संभल से शिक्षकों लेकर सामने से आ रही असमोली में संचालित अकादमी ऑफ मॉडर्न लर्निंग स्कूल की बस में टक्कर मारते हुए कार सड़क किनारे खंदक में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और किसी तरह कार के अंदर फंसे शाने आलम को बाहर निकाला। स्कूली बस व कार दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

एमएसपी पर आंदोलन को दी जाएगी गति

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं और किसानों ने किसान आंदोलन में दिल्ली के सिंधु बार्डर पर शहीद हुए किसान शुभकरण सिंह की अस्थियों को लेकर गुरुद्वारा भड़वाड़ा में अरदास कराई। गुरुद्वारा के पास में किसानों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाकियू असली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि सरकार ने पहले किसान आंदोलन में किसानों से एमएसपी पर कानून बनाने का वादा किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया है। पूरे देश का किसान फसल की एमएसपी को लेकर आंदोलित है। सरकार किसानों को दिल्ली जाने से भी रोक रही है। आंदोलन को गति देने के लिए गांव-गांव जाकर किसानों को किसान आंदोलन के बारे में समझाया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, दिनेश सिरोही, समरपाल सिंह, मोनू चौधरी, प्रकाश सिंह आदि रहे।

फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

चन्दौसी, अमृत विचार : मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. अमोल कंचन व प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में तपस्या यादव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद छात्रा गोरी, नमन व विकास ने फिल्मी गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर लिया। छात्रा अनन्या, तपस्या, आज्ञा व प्रगति ने सोलो डांस प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इसके उपरांत ग्रीश, सिमरन, हिमांशी, नुपूर, राशि गुप्ता ने समूह नृत्य की प्रस्तुत कर धमाल मचाया। कार्यक्रम में स्व. डॉ. एसपी सिंह यादव व स्व. डॉ. ओपी कंचन स्मारक छात्रवृत्ति से एलएलबी टॉपर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। तपस्या यादव को मिस फ्रेशर व अनुज प्रजापति को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। इस दौरान डॉ. अजीत सिंह, वीरेश कुमार, शरद त्यागी, नितिन, ज्योति वर्मा, कुमकुम, कौशल सैनी, आशुतोष गुप्ता, गौरी, विकास, अमन, शगुन, नमन, अमित, गौरव आदि मौजूद रहे।

अवैध शस्त्र की दो फैक्ट्रियां पकड़ीं

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : कैलादेवी व हयातनगर थाने पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंड़ाभोड़ किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर मौके से नौ बने और दो अधबने तमंचे, पिस्टल, बंदूक और अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। दो आरोपी मौके से फरार हो गए।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश्चंद्र ने गुरुवार को बताया कि हयातनगर थाना क्षेत्र में गांव धतरा के पास बंद पड़े ईंट भट्टे पर बुधवार की देर रात पुलिस को अवैध शस्त्र बनाने की सूचना मिली। कोतवाल संत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाते नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला नरोत्तम सराय निवासी गफ्फार उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया। जबकि गांव बिचपुरी निवासी नेत्रपाल उर्फ मित्रपाल भाग गया।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी, बरामद हथियार व जानकारी देते एएसपी श्रीश्चंद्र।

मढ़ावती के जंगल में बना रहे थे अवैध शस्त्र

सीओ अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि कैलादेवी थाना पुलिस को क्षेत्र के गांव मढ़ावली के जंगल में दो लोगों द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करने की सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से हजरतनगर गढ़ी निवासी सलीम उर्फ सलीमा को गिरफ्तार कर लिया। सलीम का साथी सरायतरीन निवासी वसीम उर्फ लाला भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने मौके से चार बने व दो अधबने तमंचे और अवैश शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में सलीम ने बताया कि होली व चुनाव के मौके पर मांग होने की वजह से अवैध शस्त्र बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे थे। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई गफ्फार व सलीम का चालान कर इनके फरार साथियों की तलाश में जुट गई।

युवक पर जानलेवा हमला, रिपोर्ट दर्ज

गुन्नौर, अमृत विचार : रास्ते के विवाद में लोगों ने युवक को घर में खींचकर सिर पर धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। जिससे युवक बेहोश हो कर गिर गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भोजराजपुर में खेतों की ओर जाने वाले रास्ते पर गांव के कुछ लोग गिरीश पाल के परिवार को निकलने नहीं देते जबकि बाकी ग्रामीण उसी रास्ते से निकलते हैं। गिरीश पाल ने इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की थी। गिरीश का बेटा अनिल गांव में शादी समारोह से लौटते समय रास्ते में जैसे ही दूसरे पक्ष के घर के सामने पहुंचा तो आरोप है कि परमेश्वरी, दानवीर, राजू और प्रवीन ने उसे घर में खींच लिया। मारपीट करते हुए अनिल के सिर पर धारदार हथियार से वार किया। जिससे वह घायल होकर गिर गया। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

राशन की कालाबाजारी में कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, गुन्नौर

▸▸ जिलाधिकारी ने जांच कराई तो आरोप सही पाए गए

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव भोजराजपुर की डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमित्ता बरतने और जांच में कम खाद्यान्न मिलने के मामले में पूर्ति निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव भोजराजपुर के कार्डधारकों ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि राशन विक्रेता गुड्डो देवी लंबे समय से ई पोस मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन वितरण नहीं कर रही। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राजस्व विभाग व पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम से जांच कराई। चार मार्च को नायब तहसीलदार बबलू कुमार और रजत कुमार के साथ पूर्ति निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव गांव पहुंचे तो लोगों ने राशन वितरण में अनियमित्ता के आरोप लगाए। टीम को दुकान बंद मिली तो कोटेदार के ससुर नरसी की मौजूदगी में दुकान खुलवा कर स्टाक का सत्यापन किया गया। ई पोस मशीन, विभागीय पोर्टल और स्टाक रजिस्टर से दुकान में मौजूद खाद्यान्न के मिलान में भारी गड़बड़ी मिली। बाजरा 2.75 क्विंटल अधिक मिला तो गेहूं 9.58 क्विंटल और चावल 10.87 क्विंटल कम पाया गया। स्टाक रजिस्टर अपडेट नहीं था। आरोप सही पाए जाने पर दुकान को निलंबित कर जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई। डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने कोतवाली में कोटेदार के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हत्यारोपी पति ने पत्नी और साले पर किया एसिड अटैक

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ चेहरे व शरीर के अन्य हिस्से तेजाब से झुलसे

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में ससुराल में किराये का मकान लेकर पत्नी के साथ रह रहे हत्यारोपी पति ने पत्नी व साले पर एसिड अटैक कर दिया। एसिड से महिला व उसका बीमार भाई गंभीर रुप से झुलस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने झुलसे भाई बहन को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपासराय निवासी आदिल बाबा ने अपनी बेटी हिना की शादी 17 वर्ष पहले बहजोई के मोहल्ला पच्चीसा निवासी एहसान के साथ की थी। शादी के तीन वर्ष बाद एहसान हत्या के आरोप में जेल चला गया तो हिना 15 दिन के बेटे फैजान को लेकर दीपा सराय मायके में आ गई। दो वर्ष पहले जेल से आने के बाद एहसान हिना के साथ रहने की जिद करने लगा। करीब डेढ़ माह पहले पति की जिद के आगे मजबूर होकर हिना संभल के मुहल्ला फतेह उल्ला सराय में किराये के मकान में पति एहसान व अपने भाई जावेद के रहने लगी। हिना का कहना है कि बुधवार की रात 11 बजे एहसान ईनो लेने गया तो प्लास्टिक के मग में एसिड लेकर घर लौटा। घर में घुसते ही एहसान ने बीमार भाई जावेद के पास बैठी हिना के ऊपर एसिड उड़ेल दिया। एसिड से हिना व जावेद बुरी तरह झुलस गए। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर तेजाब से झुलसे भाई बहन को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण कर जानी हकीकत

संवाददाता, बहजोई/चन्दौसी

अमृत विचार : बहजोई रेलवे स्टेशन का डीआरएम मुरादाबाद ने निरीक्षण कर अभिलेखों के रखरखाव के बारे में जानकारी की। नगर पालिका चेयरमैन ने बहजोई के रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण व रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

डीआरएम ने धनारी, बबराला व राजघाट स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। यहां रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं को देखा। निरीक्षण में अधिकांश सब कुछ ठीक ठाक रहा है। कुछ कमियां होने पर उसे सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान दोपहर दो बजे वापस जाते समय डीआरएम कुछ देर लिए चन्दौसी स्टेशन पर भी रुके।

डीआरएम राजकुमार सिंह अपनी टीम के साथ बहजोई रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां पर रेलवे स्टेशन पर बन रही बिल्डिंग का निरीक्षण किया। मानक के अनुसार बिल्डिंग का निर्माण किए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद वह रेलवे स्टेशन के टिकट घर पर पहुंचे। अभिलेखों के रखरखाव यात्रियों की सुविधाओं को लेकर जानकारी की। उन्होंने ट्रेन के आवागमन को लेकर बने रजिस्टर को भी चेक किया। रेलवे स्टेशन पर चेयरमैन राजेश शंकर राजू पहुंच गए। यहां उन्होंने ज्ञापन देते हुए कहा कि रेलवे फाटक 45 बी व 46 बी के पार नगर की बड़ी आबादी निवास करती है। नगर के अधिकतर विद्यालयों के बच्चों का आवागमन व जिला मुख्यालय होने के कारण प्रतिदिन वाहनों का आवागमन इसी रेलवे फाटक से रहता है। इस लिए ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। जिला मुख्यालय होने के कारण बुनियादी सुविधाएं जैसे प्लेटफार्म एक व दो पर टिन शेड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। इस दौरान जितेंद्र यादव, ऋषि वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय, खिलेन्द्र वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

बहजोई में डीआरएम को ज्ञापन देते पालिका चेयरमैन राजेश शंकर राजू व अन्य।

▸▸ पालिका चेयरमैन ने मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा

डीआरएम की ट्रेन देख भागे वेंडर

चन्दौसी, अमृत विचार : डीआरएम राजकुमार स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद दोपहर दो बजे चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। स्टेशन पर खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों में भगदड़ मच गई। चंद मिनटों में पूरा रेलवे स्टेशन वेंडरों से खाली हो गया। जब डीआरएम से पूछा तो उन्होंने हंस कर टाल दिया और कोई जवाब नहीं दिया।

त्योहार | होली के अवसर पर रंग-गुलाल से सजी हैं दुकानें, रंग-बिरंगे फैंसी बाल खरीद रहे बच्चे

सजा बाजार, बच्चों को लुभा रही स्पाइडर मैन पिचकारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : होली को लेकर बाजार में उल्लास है। कई दुकानें रंग, गुलाल, पिचकारी और रंग-बिरंगे फैंसी बाल से सज चुकी हैं। बच्चे स्पाइडर मैन पिचकारी और रंग-बिरंगे बाल की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। बिक्री को लेकर दुकानदारों में उत्साह बना है।

रंगों के त्योहार होली मनाने को लेकर संभल में तैयारी शुरू हो चुकी है। मुख्य बाजार में कई दुकानें सज चुकी हैं। दुकानों पर रंग, हर्बल गुलाल भी बिक रहा है। बच्चों को लुभाने के लिए कई आइटम हैं। इनमें पिचकारी, मुखौटे, फैंसी बाल शामिल हैं। मुखौटे की कीमत 10 रुपये से लेकर 120 रुपये तक है। इनमें भूत वाले मुखौटे बच्चों को पसंद आ रहे हैं। फैंसी बाल 50 रुपये से लेकर 250 रुपये तक के हैं। रंग-बिरंगे फैंसी बाल खरीदने के लिए बच्चों में उत्सुकता है। वैसे तो कई तरह की पिचकारी दुकानों पर हैं लेकिन स्पाइरमैन की पिचकारी खास है। इस पिचकारी की कीमत 350 रुपये से लेकर 400 रुपये तक है। दुकानदारों का कहना है कि बिक्री के जोर पकड़ने की उम्मीद है।

संभल में दुकान से पिचकारी व रंग खरीदते ग्राहक। ● अमृत विचार

होली के मौके पर दुकान सजाई है। बच्चों को फैंसी बाल और मुखौटे खूब पसंद आ रहे हैं। कई रंगों में हर्बल गुलाल भी है। जिसकी कीमत ज्यादा नहीं है। उम्मीद है कि बिक्री तेजी पकड़ेगी।
-कीर्तिसरन

वैसे तो कई पिचकारी दुकान पर मौजूद हैं लेकिन स्पाइडरमैन पिचकारी को बच्चे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस पिचकारी की कीमत ज्यादा होने के बावजूद बिक्री हो रही है। अभी दुकान पर और स्टाक लगाएंगे।
-पंकज

पहली पत्नी को तलाक की धमकी, दूसरी शादी रचाई

संभल/असमोली, अमृत विचार : शादीशुदा कारपेंटर ने दिल्ली में काम करते समय एक युवती से शादी कर ली। पहली पत्नी ने विरोध किया तो पति ने तलाक देकर घर से निकालने की धमकी दी। पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव महमूदनगर निवासी जाने आलम दिल्ली में रहकर कारपेंटर का काम करता है। गुरुवार को जाने आलम ने फोन पर पत्नी रोजिस जहां से बताया कि उसने दिल्ली में एक युवती से कोर्ट में शादी कर ली है। पत्नी के विरोध करने पर जाने आलम ने रोजिस जहां को धमकाया कि विरोध किया तो वह उसे तलाक देकर घर से निकाल देगा। रोजिस जहां ने अपने सास ससुर से दूसरी शादी करने की बात बताने को कहा तो जाने आलम जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है।

वारंटी सहित दो लोग गिरफ्तार, डोडा चूर्ण बरामद

असमोली, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में अलग अलग जगह से पुलिस ने गुरुवार को डोडा चूर्ण बरामद कर वारंटी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। असमोली के चीनी मिल गेट निवासी संजीव संभल जोया मार्ग पर स्थित किसान इंटर कालेज के पास डोडा चूर्ण लिए खड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चार किलो आठ सौ ग्राम डोडा चूर्ण बरामद कर संजीव को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव परियावली निवासी बिजेंद्र को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर बिजेंद्र व संजीव का चालान कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खस्तु परिहर्तव्यः प्रत्यक्षो द्विपदः पशुः।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा॥

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए,क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है,जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

संपादकीय

केंद्र के फैसले पर रोक

केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की उस तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) पर रोक लगा दी है, जिसे आनलाइन कंटेट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगाकर भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को झटका दिया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए एफसीयू से संबंधित केंद्र सरकार की एक दिन पहले की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस इकाई को 2023 में कानून में शामिल किया गया था। मगर इस यूनिट को कानून में शामिल करने की कोशिश विवादों के घेरे में रही है। सरकार ने एक दिन पूर्व ही अधिसूचना जारी कर इसे लागू किया था। कई पत्रकारों और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार की आलोचना करने वाली मीडिया की स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कुचलने की कोशिश है। बांबे हाईकोर्ट ने 11 मार्च को इस अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ताओं कहना था कि सबके लिए एक स्वतंत्र एफसीयू रहनी चाहिए जबकि केंद्र सरकार इसे सिर्फ अपने लिए ला रही है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए एफसीयू केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकता। चुनाव के समय एफसीयू केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगा, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन सी जानकारी दी जाए। पीठ ने कहा मामला गंभीर संवैधानिक सवालों से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) पर मुख्य प्रश्नों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद भी इंटरनेट के अधिकार को मौलिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के उपकरण के रूप में मानता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बांबे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। अब लोकसभा चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और प्रमुख कर्मियों को चुनाव कार्य में व्यस्त कर दिया गया है। केंद्र के एक अलग तथ्य-जांच इकाई बनाने के प्रयास फिलहाल विफल हो गए हैं। महत्वपूर्ण है कि विचारों की आजादी लोकतंत्र का आधार है। देखना होगा कि सोशल मीडिया को जिम्मेदार व जवाबदेह बनाने की दिशा में कैसे जागरुकता बढ़ाई जाए।

मंदिर-मठों के बौद्धिक नवजागरण पर चिंतन

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं।

अधिकांश भारत मूर्तियों और मंदिरों में ही उलझा हुआ है। प्राचीन समय में मंदिरों का निर्माण नगर और गांव से बाहर किया जाता था और इन्हें या तो मठों के निकट या भीतर निर्मित किया जाता था या इन्हें नागर शैली में नगर से बाहर एक जल स्रोत के निकट के शांत और वनाच्छादित क्षेत्र में स्थापित किया जाता था ताकि ये एक इंस्टिट्यूशंस ऑफ आर्ट एंड नॉलेज की तरह से कार्य कर सकें। यहीं रहकर एकाग्रता से चिंतन,अध्ययन और अन्वेषण की प्रक्रिया पूरी होती थी।

कुछेक ऐसे ही देवालय-मठ इतने विशाल थे जिनकी व्यवस्था राजकोष से या इन्हें दान में दी गई भूमि से हुआ करती। इस भूमि पर कृषि कार्य करके फसल उगाकर अन्न पैदा किया जाता था और गोचारण में गाय रखने के अलावा अन्य भारवाहक पशु रखने की भी व्यवस्था हुआ करती। अनेक मठों में हाथी भी रखे जाते थे। छात्रों और अध्येताओं से शुल्क नहीं लिया जाता था। भारत की व्यवस्था ऐसी ही थी,लेकिन डेमोक्रेसी और इलेक्शन्स ने भारत के लोगों में एक आदत यह पैदा की कि, ज्ञान के इन पारंपरिक 'अस्थानों' (आस्था-स्थल अथवा संस्थान) को वास्तु कला और ज्ञान-सृजन की परिधि से निकाल कर सिर्फ दर्शनीय और कर्मकांड स्थल बना दिया गया। राजनेताओं की जमात सत्ता-सुख की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद स्थल के रूप में इन्हें ऐसे इस्तेमाल करने लगी जैसे की यह इनका निजी अधिकार हो गया है।

एक मिनी विश्वविद्यालय के रूप में काम करने वाले प्राचीन समय में स्थापित मठों और ज्ञान-संस्थाओं का ह्रास चिंतित करता है, क्योंकि इन्हें अपेक्षाकृत कर्मकांड और पूजा-पाठ का स्थल समझा जाने लगा है। इसलिए कि हिम्मत करके कोई यह बताने वाला नहीं रहा कि सैकड़ों और हजार से अधिक साल से आबाद रहे मंदिर संस्थानों-मठों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य क्या था। इनका सही उद्देश्य नए ज्ञान का सृजन करना, ज्ञान को लिपिबद्ध करना स्मृति और श्रुति दोनों विधियों से और ज्ञान का प्रसार तर्क और न्याय के तत्वों का ध्यान रखना करना था। यूरोप में ईसाई मत में और इस्लाम में ऐसा हुआ तो परंतु काफी बाद में और चुनिंदा विधाओं में।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया।

इनके मुकाबले में हिंदू ज्ञानकोष और वांग्मय में अत्यधिक विस्तार है जिसे यूरोपियन और अन्य अनेक भारत अध्येताओं ने स्वीकार किया है,सिवाय मैक्स म्युलर के जो पूरे भारत को ईसाईयत से सराबोर करना चाहते थे। भारत में जन्मे गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने वाले दक्षिण एशिया के देशों के राजनीतिज्ञ बौद्ध मठों में जाकर राजसत्ता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद लेते हुए कभी नहीं देखे जाते सिवा ऐसे अवसर के जब या तो राजा का अभिषेक होता है या फिर किसी उत्सव के समय।

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं। यह भी विचित्र है कि इन कर्मकांडों में वैदिक और वैष्णव दोनों ही पद्धतियों से कार्य निष्पादन होता है। लोगों की आस्था अब मंदिरों-मठों में रहने वाले ज्ञानियों द्वारा ज्ञान सृजन, अन्वेषण और परंपरा से ज्ञान के आख्यान का मूल्य समझने की उतनी नहीं रही जितना कर्मकांड में दिखाई जाने वाली 'आस्था' के प्रति बढ़ गई प्रतीत होती है। आस्था भाव एक हद तक ही सही है,लेकिन मनुष्य को अगर यह पोंगापंथी बनाए और बारम्बार एक ही रिचुएल को करते रहने की उसके मन में आदत डाल दे तो इससे विचारों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होती है। व्यक्ति में नया काम करने के लिए उत्साह नहीं रहता और वह डरपोक बनता है। 'धर्म', प्रकृति और मनुष्य समाज में जीने की एक तरह की अद्वितीय पद्धति है जिसका संप्रेषण भाव संस्कृतिनिष्ठ कार्य पद्धति में दिखाई देता है। पूजा-पाठ और कर्मकांड तो इस समग्र संस्कृति का एक छोटा सा अंश मात्र हैं। इसे ही प्रमुख बना देना अव्यावहारिक है। यह विचित्र ही नहीं, लेकिन सत्य बात है कि खेत या कहीं और श्रम करने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ और कर्मकांड से अधिकतर दूर रहता है।

इतिहास बताता है कि धर्म के पारंपरिक स्वरूप के प्रति आस्था और भय का प्रभाव यूरोप के लोगों में भारत से भी अधिक बड़ा था,क्योंकि वहां के धर्माचार्यों ने इसे रहस्यमयी और क्रूर भी बनाया जैसा कि पूर्वी यूरोप के रोमानिया,बुल्गारिया और स्पेन के प्राचीन ईसाई मठों के इतिहास से मालूम होता है। हिंदुस्तान में 'धर्म' के प्रति, जैसा कि इसे प्रेक्षित किया जाता रहा,भय का भाव तो कभी था ही नहीं। 'निर्भय हो' कथन आचार्य वर्ग ने हमेशा प्रतिस्थापित और संप्रेषित किया। यह भाव तब पैदा हुआ जब विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने और इन्हें देश की उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से परे खदेड़ने में भारत बिल्कुल नाकामयाब हो गया। 'धर्म' के बारे में विवेचना,विमर्श और आलोचना की प्रवृत्ति को आघात पहुंचाया गया। आधुनिक भारत में क्षुद्र-प्रवृत्ति राजनीतिज्ञों ने मौके पर इस स्थिति का शोषण किया है। सरदार पटेल और नेहरू जैसे चंद राजनीतिज्ञ ही ऐसे हुए जिन्होंनें धर्म-संस्कृति से जुड़ी हुई संवेदना का शोषण करने की प्रवृत्ति से गुरेज किया।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया। ऐसे अवसर दुर्लभ की श्रेणी में आते हैं और आपत्ति से परे। राजनीति करने वालों की आम प्रवृत्ति या आमजन की आम दिनों वाली प्रवृत्ति से विलग भाव से इसमें देखने की जरूरत है। निहितार्थ,फिर भी दूरगामी प्रभाव वाले तो हैं हीं। आमजन को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा। राजनीति करने वालों को भी चुनाव के दिनों में इस प्रवृत्ति के प्रदर्शन से तौबा करनी होगी। धर्माचार्यों और समाज के बौद्धिकों को वास्तविक ज्ञान प्रणाली से प्रशिक्षित बौद्धिक क्षमता के आधार पर बहुत सी बातों को नकारने की हिम्मत पैदा करनी होगी। हमारे ज्ञान ग्रंथों की व्यवस्था में ऐसे निर्देश नहीं है जिसके अंतर्गत आममन के भीतर धर्म-भीरू या देव-भीरू स्वभाव की उत्पत्ति की जाए। भारत में 'युगों' की बात भी बेमानी है,क्योंकि यह हमारे ही आचार्यों और गणितज्ञों -आर्यभट और भास्कर के अध्ययनों से मेल नहीं खाता। भारत में इन्हीं आचार्यों द्वारा काल गणना की सर्वमान्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पुराणों में दी गई काल गणना, कथा-तत्व के नाते, सिर्फ एक 'फिक्शनल हिस्ट्री' है। क्या सतयुग में मनुष्य दुखी नहीं था? क्या सतयुग और त्रेतायुग में छल और हिंसा नहीं थी? पुराणों में अनेक कहानियां ऐसी हैं,जो मनुष्य मात्र में देवों और नरेशों के प्रति भय की उत्पत्ति करती हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर हिंदुओं, पारसियों, मुसलमानों और बौद्धों के 'धर्म' पर मीमांसक ग्रंथ अब उपलब्ध हैं। कुछ रोज से मैं सन् 1832 में प्रकाशित किताब 'ऑब्जर्वेशंस ऑन द मुसलमान्स ऑफ इंडिया -ए डिस्क्रिप्टिव ऑफ देयर मैनर्स, कस्टम्स, हैबिट्स एंड रिलिजियस ओपिनियन्स' ध्यानपूर्वक देख रहा हूं। इसे मीर हसन अली की बेगम साहिबा ने दो खंडों में तकरीबन ग्यारह सौ प्रकाशित पन्नों में उपलब्ध करवाया। इसकी भूमिका भारत में दशकों तक निवास करने वाले अंग्रेज स्कॉलर-ब्यूरोक्रेट विलियम क्रूक ने लिखी। हमारे देश में मुसलमानों की संस्कृति की जो झलक इसमें से निकलती है उसके अनुसार बहुत सी रवायतों, परंपराओं और कार्य पद्धतियों में वैज्ञानिकता का पुट है। धर्मांधता और अंधविश्वास बाद में कैसे निर्मित हुए,यह विश्लेषण की विषय वस्तु है। ऐसी ही पुस्तक हिंदुओं के बारे में उपलब्ध हैं जिनमें वैज्ञानिक तत्वों की व्याख्या के बारे अब बात नहीं होती। आमजन के गाइड वही हैं,जो अल्प-बौद्धिक हैं और धर्म-संस्कृति के गलत आख्यान देते हैं।

प्रसंगवश

परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

चुनाव का चित्र अब स्पष्ट हो गया है। थोड़ा बहुत झोल-झक्कड़ है तो उसे भी समाप्त कर लिया जाएगा। प्यार मोहब्बत नाराजगी शुरु है। इधर से उधर,उधर से इधर आना-जाना भी चल रहा है। हर पार्टी ने कुछ नए जोड़े कुछ पुराने छोड़े। किसी का दिल जुड़ाया तो किसी का टूटा। कोई बल्ले-बल्ले उछल रहे हैं तो कोई छले जाने का दोष लगा रहे हैं। अपनी कमजोरी और खामियां कोई नहीं बता रहे। सब दूसरों में खोट निकाल रहे हैं। पांच सालों तक मटरगश्ती करने वाले नेताजी ने फिर से हाथ जोड़ना और दांत निपोरना शुरू कर दिया है। सांसदों का गोद लिया गांव आज भी बदहाल है,यह और बात है कि नेताजी सदा खुशहाल बने रहे। सीटी बज गई तो चुनावी दंगल के पहलवान ताल ठोंककर कूदने के लिए तत्पर हो गए। उतर अखाड़े कूदते,लेकर अपने दांव!/अपने-अपने पैंतरे,घोषित हुआ चुनाव!! केंद्रीय शासन पर काबिज भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया महागठबंधन बनाने का बिगुल फूंका तो गया, मगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसमें छेदकर दिया और उसकी हवा फुस्स से निकाल दी।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हड़बड़ाए हुए थे। मामला यहीं से गड़बड़ हो गया। नीतीश बाबू को सत्ता की कुर्सी बड़ी प्यारी लगती है। उसे छोड़ना भी नहीं चाहते हैं। अपने बिगड़ते हुए माथे का भी उन्हें ख्याल नहीं है। क्या से क्या बोल जाते हैं यह भी उन्हें पता नहीं रहता है,लेकिन यह सब उनकी महत्वाकांक्षा को मजबूती ही देता है तभी तो कभी नहीं बीजेपी समझौता कर सकती है जैसी घोषणा के बावजूद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व सारी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ चिपक जाता है।

अल्टू-पल्टू बनी रही पार्टियां और नीतीश जी का पलटू राम नाम रख दिया,जबकि नीतीश जी तो मुख्यमंत्री पद पर स्थिर हैं,आज भी बने हुए हैं। पार्टियों की नीतियों की दुहाई देने वाले बड़े-बड़े सूरमा सिद्धांतों को ताक पर रखकर घुटने टेक देने में तनिक भी हिचकते नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा पर धूम धड़ाके के साथ निकलते रहे कांग्रेस के राजकुमार चाटुकारिता में बड़े-बड़े बोल और बयान देते रहे पाले-पोसे हुए तोते। प्रायोजित होती रही रैलियां। अधिकार और रोजगार की मांग पर बरसती रही लाठियां! परेशान होते रहे युवा और किसान! बदहाल रही जनता। परोसे जाते रहे भाषण और आश्वासन। बुला-बुलाकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाया गया रुतबा, सुनाई गई विरुदावलियां। दुहाई दी गई भारत की महान जनता और संस्कृति की। सबने मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया। धरती और प्रकृति जार-जार रो रही है और आकाश में नगाड़ों की धमक गूंज रही है। धरती के भगवान बेहाल हैं और आसमान में उड़ रहे हैं देवराज! सब अपनी-अपनी धुन में हैं। राजनीति में स्तर की बात सब करते हैं,मगर धज्जियां उड़ाते हुए जैसी भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन होता है उसे क्या कहा जा सकता है? चुनावी समर में जिन वीर-बांकुरों की घोषणा हो गई वे उछल-उछलकर,मचल-मचल कर अपनी कर्मठता का बयान दे रहे हैं। अखाड़ा तैयार है। पहलवान ताल ठोंक रहे हैं। कई पहलवानों की लंगोट अदल-बदल गई है। राजनीति का सच तमाम नैतिकताओं के सच से सर्वथा अलग होता है। यहां के सारे कर्मकांड परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि के लिए किए जाते हैं। सामाजिक समरसता के नाम पर दंगे कराए जाते हैं,निर्माण के नाम पर ध्वंस का नजारा खड़ा किया जाता है। ईश्वर,अवतार,स्वतंत्रता सेनानी सबके सब चुनावी वैतरणी की नाव पर चढ़ते उतरते रहेंगे जिसके सम्मोहन में जनता फंस जाए वैसा ही तुरुप का पत्ता फेंका जाएगा।

मुखौटों का बाजार सज गया है। नेताओं का करबद्ध पोस्टर अखबारों से लेकर दीवारों तक पर टंग गया है। मीडिया की दुकानदारी में एक दूसरे की टांग खिंचाई चल रही है। प्रायोजित तू-तू मैं-मैं चालू है। भोली-भाली जनता सचमुच लड़ रही है। अपने-अपने नेता के नाम पर बरसों की सामाजिकता को तोड़ रही है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव सारी मर्यादाओं की धज्जियां देता है। देश का हर भाग उद्वेलित और आंदोलित हो गया है। जोड़-तोड़ का गणित बैठाया जा रहा है। कुबेर के खजाने खुल रहे हैं। यमराजों की लाठियां तेल पी रही हैं। नगाड़े बज रहे हैं,शोहदे उछल रहे हैं। कुछ रो रहे हैं तो कुछ ठहाकों में डूब गए हैं। देश की राजधानी में बैठने के लिए सब मचल रहे हैं। बहसें वादे नीतियां,सबकुछ है बकवास!/ सबकी है यह चाहना,दिल्ली हो आवास!!

पर्यावरण हितैषी व्यवहार से ही कम होगा वायु प्रदूषण

डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रतिशत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है,जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं। भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं। भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना,इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किए हैं। जैसे नई स्क्रेप नीति लागू की है, ई-वाहनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है,सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है,ऑड-ईवन नंबर वाले फार्मूला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)।

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है। आने वाले कुछ वर्षों में इसका अच्छा असर दिखना तय है। विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है,वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क, पुल, मेट्रो को विकसित करने, बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं,पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं,आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं। शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है,पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है,कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है,व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है, किसानों द्वारा पराली का जलाना (पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है,पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रैंडली नहीं है,इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

लकड़ी के लिए जंगल से पेड़-पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है,उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है। अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए,उपलब्ध नहीं है। कोयले से विद्युत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है,आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है।

हर उद्योगों को चिमनी से निकलने वाले धुएं से वायु को प्रदूषित होने से रोकने वाली तकनीक का उपयोग करने हेतु संकल्प लेने की आवश्यकता है। मेरा तो यही मानना है कि भारत को स्विस रिपोर्ट के दबाव में अपने विकास कार्यों की रफ्तार को धीमी करने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं है। हां वायु प्रदूषण को रोकने व कम करने के लिए प्रयास और तेज करने होंगे,डीजल-पेट्रोल की खपत को जितना कम किया जा सकता है कम करना होगा। ईंधन के ऐसे विकल्पों को बढ़ावा देना होगा,जो वायु को कम प्रदूषित करते हैं। साथ ही कुल क्षेत्रफल के अनुपात में आपेक्षित वन क्षेत्र के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना होगा। यह सब संभव है जनसहयोग से,सुविधा भोगी आदतों में बदलाव से,पर्यावरण हितैषी व्यवहार से,प्रदूषण को कम करने के लिए बने नियम-कानून के पालन से।

सोशल फोरम

परंपराओं को अद्यतन कीजिए

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हम अपनी परंपराओं पर गर्व करते हैं और उनमें किसी भी परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं,लेकिन देखा जाए तो हमारी सारी परंपरा समय, स्थान,काल और जरूरत के आधार पर विकसित होती हैं और समयानुसार बदलती भी रहती हैं। एक ही धर्म में दो अलग स्थानों पर दो अलग-अलग परंपराएं विकसित हो सकती हैं।

हिमाचल के सिरमौर जिले में एक जनजाति है हाटी। इनके यहां एक परंपरा में एक घर में अगर दो या दो से अधिक भाई हैं तो उनकी एक ही पत्नी होती है। अब कहा जाता है कि ये इलाका इतना दुर्गम था कि स्त्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जाता था। एक और कारण भी गिनाया जाता है कि इन गरीब लोगों के पास काश्त के लिए कम जमीन थी। इसलिए जमीन का और बंटवारा न हो इसके लिए ये प्रथा शुरू की गई। ये सामान्य विवाह व्यवस्था से अलग परंपरा विकसित हुई।

एक शव के दाह संस्कार के लिए 40 मन लकड़ी लगती है,लेकिन मैंने पढ़ा था कि किसी इलाके में लकड़ी की कमी के कारण उपलों से दाह संस्कार संपन्न किया जाता है। एक समय था कि शादियां तीन चार दिन तक चलती थीं और मृत्यु पर तेरह दिन तक शोक मनाया जाता था। आज शादियां एक ही रात में संपन्न होती हैं और तेरह दिन शोक मनाने का समय अब घटता जा रहा है।

किसी समय बाल विवाह बहुत प्रचलित थे। फिर लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 12 वर्ष निर्धारित की गई। 1930 के शारदा एक्ट में इसे 14 वर्ष किया गया और फिर 18 वर्ष। हर बार जब उम्र बढ़ाई गई तो कुछ लोगों ने इसे अपने धर्म और परंपरा में गैर जरूरी हस्तक्षेप कह इसका विरोध किया। विरोध इतना प्रबल था कि आजादी के बाद नेहरू जी को एक हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट कर पास कराना पड़ा।

ऐसा दुनिया में कुछ भी नहीं जिसमें परिवर्तन न हुआ हो। ये जो हम सनातन,सनातन शब्द सब तरफ सुनते हैं तो सनातन भी उतना सनातन नहीं। सनातन यानी शाश्वत, आरंभ से बोलकर आज यहां कुछ भी नहीं है। सब कुछ यहां परिवर्तनशील है और लगातार बदल रहा है। इसलिए परंपराओं से बहुत ज्यादा मोह मत पालिए। हो सके तो बदलते समय के साथ परंपराओं को अद्यतन भी कीजिए। **-फेसबुक वॉल से**

आयरलैंड के प्रथम समलैंगिक प्रधानमंत्री

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

पड़ोसी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भांति भारतीय मूल के अशोक वराडकर आयरलैंड के प्रधानमंत्री थे। हाल ही में उन्होंने त्यागपत्र देकर सियासी बवंडर उठा दिया। पद छोड़ने का कारण उन्होंने दिया : "बेहतर व्यक्ति प्रधानमंत्री पद संभाले। सात साल तक पीएम रहने के बाद मेरी निजी अनुभूति है कि मैं सर्वाधिक श्रेष्ठ नेता नहीं हूं। आयरलैंड के लोग मुझसे बेहतर मुखिया बना सकते हैं।" यह 45 वर्षीय राजनेता सबसे कम उम्र (38) में प्रधानमंत्री निर्वाचित हो गए थे। वे आयरलैंड के प्रथम और दुनिया के पांचवें समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। यूरोप के सबसे रूढ़िवादी देश माने जाने वाले आयरलैंड में वराडकर उदारवाद का चेहरा बनकर उभरे थे।

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था, किंतु 2013 में एक जनमत संग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में समलैंगिक शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक तौर पर घोषित की। उस वक्त वो स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने कहा : "मैं गे हूं और ये कोई राज नहीं है। ये मेरी परिभाषा का हिस्सा नहीं है। न तो मैं आधा-भारतीय राजनेता हूं,न तो डॉक्टर राजनेता हूं और न ही गे राजनेता हूं। ये मेरे जीवन का हिस्सा है मेरे चरित्र का हिस्सा है।" वराडकर ने 2017 में पेशेवर आयरिश भाषा में एक कोर्स पूरा किया और अपने उपनाम, डी वरद के लिए एक आयरिश भाषा फॉर्म तैयार किया। उन्होंने कहा है : "आयरिश के प्रति मेरा दर्शन केवल इसे बोलना है। आयरिश बोलें! यह इसे पूर्ण करने के बारे में नहीं है। यह मजे करने और इसे बोलने का प्रयास करने के बारे में है।" वे दक्षिण भारत का उदाहरण देते हैं,जहां हिंदी भी तमिल के साथ बोली जाती है। डबलिन में जन्मे वरदकर बहुजातीय हैं। उनके पिता मुंबई से और मां डुंगरवन (काउंटी वॉटरफोर्ड) से हैं। उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में चिकित्सा का अध्ययन किया और अस्पताल में डॉक्टर बने। किशोरावस्था से ही फाइन गेल पार्टी के सदस्य रहे। लियो वराडकर अशोक और मिरियम (नी हॉवेल) वराडकर के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता का जन्म मुंबई में हुआ था। वह डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए 1960 के दशक में यूनाइटेड किंगडम चले गए थे। इनकी मां अपने भावी पति से स्लॉ में नर्स के रूप में काम करने के दौरान मिलीं। उन्होंने यूके में शादी कर ली। वराडकर ने 2000 के दशक के अंत में एक मुखर मनमौजी व्यक्ति के रूप में उभरे। उनकी "असामान्य" टिप्पणियों के कारण इवनिंग हेराल्ड ने उन्हें "गलतियां करने वाला" बताया। आयरिश टाइम्स के स्तंभकार स्टीफन कोलिन्स ने 2017 में वराडकर को "जनता,विशेषकर युवा मतदाताओं के सामने ऐसे पेश किया,जैसे कि वह राजनेता नहीं हैं"।

पत्रिका आयरिश परीक्षक 2010 में वराडकर को "रूढ़िवादी" बताया,जबकि उसी वर्ष पत्रिका हॉट प्रेस ने उनकी नीतिगत स्थिति को "कट्टरपंथी अधिकार" के रूप में वर्णित किया। हालांकि उसी लेख में उन्होंने खुद को "केंद्र-दक्षिणपंथी" बताया। वराडकर की राजनीतिक उपलब्धियां कई हैं। जिस वक्त वे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, ब्रिटेन ब्रेक्सिट लागू करने की तैयारी में था। आयरलैंड उसके साथ सीमापार व्यापार को लेकर चर्चा कर रहा था। वराडकर के नेतृत्व में आयरलैंड ने ब्रिटेन से बात की ताकि दोनों के बीच सीमा पार लोगों के आने-जाने को लेकर सख्त पाबंदियां न लगाई जाएं। इसके बाद जब 2020 में चुनाव हुआ वराडकर देश के नए डिप्टी प्रधानमंत्री चुने गए। देश इस समय कोविड महमारी से जूझ रहा था। कोविड के वक्त निभाई अहम जिम्मेदारी आयरलैंड अपने उस नेता को याद रखेगा।

परिवेश विज्ञान

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिवेश क्या है? परितः वेष्टनम्। जिस दृश्य और अदृश्य से हमारा जीवन चारों ओर से परिवेष्टित है,घिरा हुआ है,जिस ज्ञात और अज्ञात से हमारा जीवन चारों ओर से लिपटा हुआ है,वह अपनी समग्रता में हमारा परिवेश है। यह परिवेश हमारे बाहर ही नहीं है,यह समग्र परिवेश हम में ओतप्रोत है। हम में समाया हुआ है। हमारे शरीर में भी और मन में भी। इसीलिए परिवेश को जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है।

यह अंतरिक्ष, यह अनंत ब्रह्मांड मंडल,यह विराट प्रकृति हमारे जीवन से विच्छिन्न नहीं है। विराट प्रकृति अलग है और मनुष्य जीवन अलग है। ऐसा सोचना गलत है,असत्य और अवैज्ञानिक है। सच्चाई यह है कि विराट प्रकृति ही मनुष्य जीवन में अभिव्यक्त होती है। मनुष्य की जो शक्ति है,वह प्रकृति की ही शक्ति है। मनुष्य प्रकृति की ही रचना है। उसका समस्त जीवन-व्यवहार अंततः प्रकृति का ही व्यापार है,अंततः शब्द को ध्यान में रखिए। आकाश में ग्रह-नक्षत्र चल रहे हैं,धरती पर ऋतुचक्र चल रहा है,हवा बह रही है,बीज से वृक्ष बन रहा है,मेघ वर्षा कर रहा है,समुद्र तरंगित हो रहा है। तितली उड़ रही है,वैसे ही मनुष्य जीवन भी चल रहा है। यह सच है कि अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी एक प्राणी है,अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी जन्म लेता है,मरता है,खाता-पीता-सोता है,मूल-प्रवृत्तियों से संचालित होता है,लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि मनुष्य शरीर,मन और मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण अन्य प्राणियों से भिन्न भी है। जैसे चूहा बिल बनाता है,पक्षी नीड़ बनाता है,मकड़ी जाला बुनती है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन-परिवेश की रचना करता है विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश।

असीम अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड मंडल जीवन का विराट प्राकृतिक परिवेश है और इसका अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान करते हैं। विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश मनुष्य की रचना है। मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों की रचना है। इस परिवेश को समझने के लिए हम इसे भौतिक और मनोवैज्ञानिक दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं। देह और मन।

एक नजर

शराब पीने को पैसे देने से मना करने पर पीटा

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के खुर्जा गेट संजय बस्ती निवासी अमित कुमार पुत्र आनंद प्रकाश ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की दोपहर वह अपने खेत पर गया था। वहां दो युवक शराब के नशे में आ धमके और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। उसने मना किया तो गाली-गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं जेब में रखे 14 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गए।

सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : गुरुवार को छाबड़ा मंडल अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव राजथल मैथरा में भाजपाइयों ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया। इसके तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों के घर जाकर केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रहीं योजनाओं की जानकारियां दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, रामनरेश यादव, राजेन्द्र सिंह, जेके शर्मा, जितेंद्र कुमार सिंह, अंकित शर्मा, होतेलाल शर्मा, सोमपाल सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

चन्दौसी, अमृत विचार : मुरादाबाद से आई आबकारी निरीक्षक आकांक्षा सत्यवली ने देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों का निरीक्षण कर रजिस्टर देखे। सबसे पहले आबकारी निरीक्षक बहजोई बस स्टैंड स्थित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान पर पहुंची। यहां क्यूआर कोड से शराब बिक्री की जांच की। इसके बाद रोडवेज बस स्टैंड व मुरादाबाद रोड स्थित शराब व बीयर की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रिंट से अधिक रेट पर शराब बेचने पर कार्रवाई की जाएगी।

सपा की ऐतिहासिक जीत का किया दावा

संभल, अमृत विचार : डा. शफीकुर्रहमान बर्क के पुत्र मौलाना ममलुकुर्रहमान बर्क ने अखिलेश यादव का आभार जताते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने पिता शफीकुर्रहमान बर्क की सियासी विरासत सौंपने का काम किया है। कहा कि ज़ियाउर्रहमान को ऐतिहासिक जीत दिलाकर संसद भेजेंगे। शफीकुर्रहमान बर्क के मिशन को ज़ियाउर्रहमान बर्क आगे बढ़ायेगा।

मिट्टी की ढांग गिरने से महिला की मौत

त्योहार पर घर की लिपाई के लिए मिट्टी लाने गई थी हरकली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढफतेहगढ़

अमृत विचार : तहसील चन्दौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव शहबाजपुर में गुरुवार की सुबह घर में लिपाई के लिए मिट्टी लेने गई महिला की ढांग गिरने से मिट्टी में दब कर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से महिला के शव को बाहर निकाला।

गांव शहबाजपुर निवासी हरकली देवी (53) पत्नी गोकिल प्रसाद गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे होली के त्योहार पर घर की लिपाई के लिए मिट्टी लाने को आबादी के निकट स्थित तालाब पर गई थी। तालाब के किनारे ग्रामीणों द्वारा खोदी गई मिट्टी की ढांग काफी गहरी हो गई। वहीं हरकली भी अपने घर की लिपाई के लिए मिट्टी खोदने लगी। उसी समय अचानक क्विंटलों मिट्टी की ढांग भरभरा कर हरकली देवी के ऊपर जा गिरी। जिससे वह मिट्टी के नीचे पूरी तरह से दब गई। तब ही तालाब में गोबर डालने गई गांव के मुकुट सिंह की पत्नी ने मिट्टी की ढांग को गिरते देखा तो उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। थाना पुलिस भी पहुंच गई। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद मिट्टी हटाकर महिला को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसका दम निकल चुका था।

गांव शहबाजपुर में इसी ढांग की मिट्टी में दबकर हुई महिला की मौत। ● अमृत विचार

> गांव शहबाजपुर में तालाब किनारे ढांग से मिट्टी निकालने के प्रयास में एक महिला की दब कर मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।
>
> –संदीप कुमार बालियान, थानाध्यक्ष, थाना कुढ़फतेहगढ़।

पति से विवाद के चलते पत्नी फंदे पर लटकी, मौत

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के एक गांव में पति से विवाद के चलते महिला का शव गुरुवार को घर के कमरे में रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने फंदा खोलकर महिला के शव को नीचे उतारा। महिला की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर रोते बिलखते मौके पर पहुंचे मायके वालों ने बेटी की हत्या का आरोप लगाया। मौके पर इकट्ठा हुए गांव के ही जिम्मेदार लोगों ने समझा-बुझाकर मायके वालों को शांत कराया। जिसके बाद परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

24 मार्च को रात्रि 11:24 बजे होगा होलिका दहन

चन्दौसी, अमृत विचार : चन्दौसी होलिका दहन समिति की एक बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 मार्च दिन रविवार की रात्रि 11.24 बजे होलिका दहन होगा। मंदिर के पुजारियों हरीओम शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, अरविंद शर्मा, हरीश उपाध्याय, बांकेलाल शर्मा, भूपेंद्र गौड़, उमाकान्त शर्मा, अरविंद्र शर्मा, विनोद शर्मा की मौजूदगी में निर्णय लिया गया।

बताया कि 24 मार्च की रात्रि को मोहल्ला गोपाल निवासी अनुराग अग्रवाल सभासद के आवास से रामधुन के साथ एक जुलूस के रुप में बड़ी होली पुरानी पैंठ को प्रस्थान करेंगे। जहां उमाकान्त शर्मा द्वारा पूजन कराया जाएगा। मुख्य यमजान साहू सुरेंद्र कुमार, जय प्रकाश, अंकित अग्रवाल, रजत अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, पंकज गर्ग, आदित्य दुबे, विनय सर्राफ, विवेक बाबू, सतीश किराना, आदि होंगे। पूजन के उपरांत खेड़ापति अग्नि प्रज्जवलित करेंगे। जिसके बाद शहर के अन्य स्थलों पर होली दहन किया जाएगा। 25 मार्च दिन को प्रातः से होली रंग शुरू हो जाएगा। जो दोपहर 12 बजे तक खेला जाएगा।

सपा कार्यालय पर बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष असगर अली। ● अमृत विचार

जिया उर रहमान को प्रत्याशी बनाये जाने पर सपाइयों ने जताई खुशी

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर समाजवादी पार्टी की बैठक एफआफ रोड स्थित कार्यालय पर हुई। संभल लोकसभा सीट से जिया उर रहमान बर्क को सपा प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कार्यकर्ताओं से चुनाव में जुटने का आह्वान किया। कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।

इस अवसर पर फकरे आलम, संजय मदान, बलवंत सिंह, अशोक यादव, अमित गौतम, नकुल गंगवार, आस मोहम्मद, मोहित शर्मा, लियाकत अली, महफूज आजम, फारुख कुरैशी, राहुल मधुकर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीन विवाद में किया मारपीट कर घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते अधेड़ को रास्ते में रोककर चार लोगों ने लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि धारदार हथियार से अधेड़ के हाथ और पैर पर वार किए। पुलिस ने घायल अधेड़ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव करकौरा निवासी छत्रपाल गुरुवार को कस्बा गवां से वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव केसरपुर और करकौरा के बीच पहुंचा गांव के ही चार लोगों ने रोक लिया और घेरकर मारपीट की। छत्रपाल का आरोप है कि लोगों ने धारदार हथियार से भी वार किए। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

मन में उठे हिलोर सखी री फागुन में, कागा बने चकोर सखी री ...

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ श्री नारायण सेवा समिति की हुई काव्य गोष्ठी

अमृत विचार : श्री नारायण सेवा समिति की ओर से ब्रजनगर कॉलोनी स्थित भोलेनाथ भवन में होली पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें रचनाकारों ने अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद काव्य गोष्ठी आरंभ हुई। गोष्ठी में डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि मन में उठे हिलोर सखी री फागुन में, कागा बने चकोर सखी री फागुन में। केजी गुप्ता ने सुनाया कि मुझे याद आ गई वह बचपन की होली, होली पर हुड़दंग मचाते बन बनाकर टोली। डॉ. टीएस पाल ने सुनाया कि प्यार स्नेह संपूर्ण दुलार मोहब्बत सद्भावना सद्विचार, इन सात रंगों की तरह बोछार, होली के दिन आए आपके जीवन में सतरंगी। हरीश कठेरिया ने कहा कि होली की तैयारियां ऐसे कर रहे है, जैसे बीबी ब्यूटीपार्लर गई है, खुद गुजिया बना रहे हैं। डॉ. रीता सिंह ने सुनाया कि झूम रही है मंजरी, देखो अमुआ डाल, गाती फागुन को किला, पवन लगती ताल।

दुर्गा टंडन ने कहा कि होली आई भगवा वाली, खुशियां अपरंपार है, खेले राघव संग में लाली, नमन बारंबार है। इस दौरान कृष्ण गोपाल मंगलम, सुभाष चंद्र, आकाश कुमार शर्मा, मुकुंद अग्रवाल, मुनीश बाबू, रामसेवक शर्मा, सुभाष चंद्र वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

कविता हृदय की अनुभूतियों की अभिव्यक्ति का एक माध्यम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

आयोजन

▸▸ महापुरुष स्मारक समिति ने मनाया विश्व कविता दिवस

▸▸ हास्य व्यंग पति परमेश्वर, उल्लू की पत्नी ने खूब गुदगुदाया

अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के द्वारा संयुक्त रुप से विश्व कविता दिवस पर बनियाठेर के गांव नेहटा स्थित बद्री प्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र को कवि सम्राट उपाधि से सम्मानित कर स्वागत किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का आरंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि कविता हृदय की छुई-अनछुई अनुभूतियों की अभिव्यक्ति का एक माध्यम है। कविता दुनिया को देखने की एक आंख है, जिससे आप एक अलग दुनिया देख सकते हैं। किसी भी भाषा के साहित्य की कविता, शायरी मां है। कवि माधव मिश्र ने अपने हास्य व्यंग पति परमेश्वर, उल्लू की पत्नी, गधे का लाल से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलवीर शर्मा ने की। संचालन प्रेम सागर गौड़ ने किया। इस अवसर पर शारदा देवी, राकेश कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र, विनीत शर्मा, सुमित राघव, रामनरेश शर्मा, गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

अपहरण और दुष्कर्म में दोषी को 10 वर्ष की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना जनपद संभल के थाना नखासा क्षेत्र में 2015 में हुई थी।

इस मामले में थाना नखासा पुलिस ने आरोपी रविंद्र सिंह पुत्र कालीचरण निवासी रबानी कटेरी थाना नरसेना जनपद बुलंदशहर के खिलाफ धारा 363, 366ए, 376 आईपीसी व 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। साक्ष्य जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। तब से मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो-03 मुरादाबाद में विचाराधीन था। गुरुवार को फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने आरोपी रविंद्र सिंह को धारा 363, 366 आईपीसी व 3/4 पॉक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

गांव में भाजपा की बैठक को संबोधित करते परमेश्वर लाल सैनी। ● अमृत विचार

भाजपा की बैठक में ग्रामीणों को बताई पार्टी की रीति -नीति

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने असमोली विधानसभा क्षेत्र के कैला देवी मंडल के गांव अर्जुनपुर बढैरिया, भगवंतपुर सीकरी, चकरपुर, पाठकपुर, जैतपुर, चोपा शोभापुर, कुवरी कुंवरपुर, बरखेड़ा आदि में भ्रमण एवं नुक्कड़ बैठक की। जिसमें भाजपा की रीति नीति एवं किए गए विकास कार्यों की चर्चा की।

इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने देश को तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो किया वह देश की आजादी से लेकर अब तक कोई नहीं कर पाया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष पति नीलेश यादव, देवेंद्र यादव, हृदेश यादव, सत्य प्रकाश यादव, डॉ. संतोष यादव, नेत्रपाल यादव आदि रहे।

निष्पक्ष चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट की भूमिका अहम

बहजोई, अमृत विचार : लोस चुनाव को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। निष्पक्ष चुनाव व आचार संहिता का पालन कराने पर जोर दिया।

रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने समीक्षा की। एडीएम प्रदीप वर्मा ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट सेक्टर पुलिस अधिकारियों से कहा कि जनपद को 142 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर से जुड़े मतदेय स्थलों के सभी मानचित्र तैयार कर लें। ताकि सेक्टर के विषय में पूरी जानकारी कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदेय स्थलों पर एएमएफ की सुविधा का निरीक्षण करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव वाले दिन संयुक्त रूप से अपने सेक्टर में भ्रमण पर रहेंगे। इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि किसी को वोट देने में असुविधा तो नहीं हो रही है।

सार संक्षेप

वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन करातीं स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

स्वयंसेविकाओं को कराया योगासन का अभ्यास

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के शिविर का आयोजन रामबाग रोड स्थित पतंजलि प्राकृतिक चिकित्सालय में किया गया। जिसमें शिविर का आरंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल व डॉ. प्रियंका ने दीप प्रज्जलित करके किया। शिविर में चिकित्सालय के डॉ. सजेश कुमार ने सेविकाओं को विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया तथा कई योग मुद्राओं की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी भी सेविकाओं को दी। दूसरे सत्र में सेविकाएं वृद्ध आश्रम पहुंची और वहां निवास करने वाले वृद्धजनों के साथ समय गुजारा। इस दौरान उन्हें भोजन खिलाया।

जीनियस गर्ल्स स्कूल में पौधरोपण करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

चन्दौसी, अमृत विचार : विश्व वानिकी दिवस पर जीनियस गर्ल्स स्कूल में गुरुवार को शोभादार और फूलदार पौधों का रोपण कर परिसर को हराभरा और रमणीक बनाने का संकल्प लिया। साथ ही लोगों को समय-समय पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संपूर्ण विद्यालय परिसर में करीब पांच हजार छोटे-बड़े पौधे 15 दिनों में ही रोपे जाने का लक्ष्य है। स्कूल में एकेडमिक हेड सोनिया दीक्षित ने बताया कि बालिकाओं को भी पौधों और वन्य जीवों के प्रति प्रेम करने और उन्हें नष्ट होने से बचाने की व्यवहारिक शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने सभी को विश्व वानिकी दिवस पर बधाई देते हुए गर्मियों में वृक्षों की रक्षा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समन्वयक पल्लवी शर्मा, जेवा रानी, सारिका सक्सेना, महिमा वार्ष्णेय, मीनू शर्मा, शीतल, सलौनी आदि ने पौधरोपण किया।

गर्म तेल की कड़ाही में गिरकर डेढ़ साल का बच्चा झुलसा

संभल, अमृत विचार : सरायतरीन के मोहल्ला भूड़ा निवासी मोहम्मद शकील का डेढ़ वर्षीय बेटा मोहम्मद उमैर गुरुवार की शाम साढ़े पांच बजे रसोई में खेल रहा था। मोहम्मद शकील की पत्नी रोजा इफ्तार करने के लिए रसोई में गैस के चूल्हे पर रखी कड़ाही में पकौड़ी बनाने की तैयारी कर रही थी। महिला कड़ाही में तेल खोलता छोड़कर किसी काम से रसोई बाहर चली गई। अचानक से खेलते समय मोहम्मद उमैर तेल की कड़ाही में गिरकर गंभीर रुप से झुलस गया। आनन फानन में मोहम्मद उमैर को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

तय मार्ग से ही निकालें चौपाई का जुलूस

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर थाना परिसर में होली को लेकर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी ने लोगों से चौपाई का जुलूस तय मार्ग से निकालने और किसी पर जबरदस्ती रंग न ड़ालने की अपील की। बताया कि होली पर बिजली पानी की व्यवस्था सहित साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक में थाना क्षेत्र के दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया। सीओ ने कहा कि एक समुदाय के लोग होली का त्यौहार प्रेम पूर्वक मनाते हुए दूसरे समुदाय के लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखें। किसी भी व्यक्ति पर जबरदस्ती रंग न डालें और आपसी भाईचारा बनाए रखें। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें। कहा कि होली पर बिजली, पानी व साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जाएगा। थाना प्रभारी संत कुमार ने लोगों से हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान संजय वार्ष्णेय, नवरत्न वार्ष्णेय, जयप्रकाश गुप्ता, सुरेश, अटल, जीशान, कल्लू, संजीव, गणेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

राष्ट्र निर्माण व युवा निर्माण शिविर का किया आयोजन

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय आर्य वीर दल की ओर से बृज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज संभल में गुरुवार को साप्ताहिक शिविर राष्ट्र निर्माण व युवा निर्माण का आरंभ किया गया। शिविर के पहले दिन छात्राओं को आचार्य धर्मवीर आर्य ने संस्कृति संस्कार और योग व व्यायाम से शरीर को स्वस्थ बनाने के विषय पर विस्तार से समझाया। साथ ही छात्राओं को योगाभ्यास भी कराया। आर्य भोले सिंह त्यागी ने छात्राओं को जीवन को आगे बढ़ाने एवं खानपान के महत्व के बारे में छात्राओं को बताया। शिविर संयोजिका संजना गुप्ता ने कहा कि शिविर में छात्राएं जीवन में उपयोग होने वाली बातों को सीख सकेंगी। इस दौरान तराना, शम्मी देवी, बाला रस्तोगी, प्रेरणा रस्तोगी, नेहा सक्सेना आदि मौजूद रही।

पंचायत सचिवालय से हजारों का सामान चोरी

संभल, अमृत विचार : विकास खंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मतावली पट्टी जग्गू के पंचायत सचिवालय में 19 मार्च की रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सचिवालय से कम्प्यूटर, इनवर्टर, दो बैटरे, प्रिंटर, चार कैमरे, डीबीआर आदि चुराकर ले गए।

नाम-परिवर्तन

मैं रमन ठाकुर पुत्र सुरेन्द्रपाल सिंह नाम से जाना जाता हूं। मैंने अपना नाम बदलकर रितिक प्रताप सिंह पुत्र सुरेन्द्रपाल सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। रितिक प्रताप सिंह पुत्र सुरेन्द्रपाल सिंह निवासी गांव बमनिया पट्टी, डिलारी, मुरादाबाद।

विवाद अधिकारियों की अभद्रता पर भड़के लोग, डीएम के आश्वासन पर निपटा मामला

डीजे की आवाज कम कराने के मामले ने पकड़ा तूल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल में रंग एकादशी जुलूस के दौरान डीजे की आवाज कम करने को लेकर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शुरु हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। जुलूस आयोजकों व व्यापारियों ने बैठक कर साफ कहा कि अभद्रता करने वाले अधिकारियों का तबादला किया जाए वरना होली नहीं मनाएंगे। इसके बाद जिलाधिकारी के आश्वासन पर लोग माने और विवाद समाप्त हुआ।

बुधवार को रंग एकादशी जुलूस के दौरान मुहल्ला ठेर पर बज रहे डीजे की आवाज कम कराने को लेकर एसडीएम व सीओ से विवाद हुआ था। आरोप है कि एसडीएम ने कार्यक्रम आयोजक आयोजकों पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देते हुए अभद्रता की थी। उस समय अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाकर शांत कर दिया था। गुरुवार को एक बार फिर से होली जुलूस आयोजक व व्यापारी लामबंद हो गए। मुहल्ला ठेर स्थित सर्राफा बाजार में एक प्रतिष्ठान पर बैठक कर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू को भी बुलाया गया। व्यापारियों ने अधिकारियों के रवैये को लेकर रोष व्यक्त किया। साफ कहा कि या तो अभद्रता करने वाले अधिकारी का तबादला किया जाए नहीं तो वह होली नहीं मनाएंगे। बैठक की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन भी विवाद खत्म कराने के लिए सक्रिय हो गया।

बैठक को संबोधित करते नगर हिंदू सभा अध्यक्ष कमलकांत तिवारी। ● अमृत विचार

डीएम ने कहा हर्षोल्लास से मनायें त्योहार

संभल। एडीएम कार्यालय में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शिष्टमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। जिसमें भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, भाजपा नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता के अलावा कमलकांत तिवारी, अनुराग गुप्ता अन्नू, संजय गुप्ता पोली, सौरभ गुप्ता, नरेंद्र अग्रवाल सर्राफ रहे। आयोजकों एवं व्यापारियों ने जिलाधिकारी के सामने अपनी बात रखी। डीएम ने कहा कि होली का त्योहार पूर्व की भांति अच्छे तरीके से मनाया जाए। किसी तरह की टोका टाकी नहीं होगी। जिसमें बाद लोग सहमत होकर चले आए।

होली पर मिश्रित दूध समेत कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

संभल, अमृत विचार : होली के मौके पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल ने छापेमारी की।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने गांव मातीपुर में क्वालिटी स्वीट्स से मिश्रित दूध, भारतल सिरसी में टैंकर से मिश्रित दूध, बाजार गंज सरायतरीन में विनायक जनरल स्टोर से बेसन, शहबाजपुर खुर्द में ताज आटा चक्की से गेहूं आटा, पाठकपुर में यश स्वीट्स से बर्फी, नहरौली में सचिन मिष्ठान भंडार से मावा, शाहिद स्पेलर से सरसो के तेल का नमूना लिया। खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए।

सूचना

सर्व साधाराण को सूचित किया जाता है कि थाना चन्दौसी जनपद सम्भल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0697/23 धारा 34/304/504 भादवि बनाम मनोज तिवारी व प्रवीन तिवारी पुत्रगण स्व० सुभाषचन्द नि० गण ग्राम बुद्धनगर खण्डुआ थाना चन्दौसी जनपद सम्भल में नामजद फरार अभि०गण मनोज तिवारी व प्रवीन तिवारी पुत्रगण स्व० सुभाषचन्द नि०गण ग्राम बुद्धनगर खण्डुआ थाना चन्दौसी जनपद सम्भल के विरूद्ध मा०न्यायालय सी०जे०एम० जनपद सम्भल द्वारा धारा 82 सीआरपीसी की उद्धघोषणा दिनांक 11.03.2024 को जारी की है। अभि० गण मनोज तिवारी व प्रवीन तिवारी उपरोक्त लगातार फरार चल रहे है और अभी तक पुलिस / मा०न्यायालय के समक्ष हाजिर नही हुए है। अभि० गण मनोज तिवारी व प्रवीन तिवारी उपरोक्त के विषय में जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चन्दौसी मो0 नं0:- 9454404035 व विवेचक मो0नं0 9193138798 पर सूचित करें।

(सदाकत अली)
विवेचक/व०उ०नि०
थाना चन्दौसी सम्भल

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

S.No	Post	Qualification
1	Principal	Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy
2	Sport Teacher/ P.T.I	M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level
3	Hindi/ Sanskrit (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya (Sanskrit), C.T.E.T
4	Geography (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
5	History (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
6	Primary Teacher (Play Group)	Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed.
7	Lab. Asst.	B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology)
8	Office Asst. (Computer Operator)	B.Com with O- Level, Tally, Erp (Preference to Female Candidate)
9	Receptionist	Female (graduation with good communication skill in English)
10	Aaya	High School with interest in child care

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till Friday, 5 April 2024
Date of interview: Sunday, 7 April 2024
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

एक नजर

दो शावकों के साथ गुलदार दिखने से दशहत

हल्दौर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव वाजिदपुर के जंगल में कुछ दिन से लगातार दो शावकों के साथ गुलदार दिखाई देने से किसानों व ग्रामीणों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रभागीय वनाधिकारी को पत्र लिखकर गुलदार व उसके शावकों को पकड़वाने की मांग की है। गांव वाजिदपुर निवासी किसान संदीप सिंह के खेत पर मजदूर काम कर रहे हैं। किसान के अनुसार कृषि कार्य करते समय मजदूरों को गुलदार व दो शावक दिखाई दिए। इससे सहमे मजदूर काम बीच में ही छोड़कर भाग गए और खेत स्वामी को सूचना दी। खेत स्वामी ने किसानों को साथ लेकर प्रभागीय वनाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुलदार व शावकों को पकड़वाने की मांग की है।

एफएसटी व एसएसटी टीम ने की चेकिंग

नजीबाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से गठित किए गए एफएसटी (उड़न दस्ता टीम) और एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देशन में बुधवार की रात पुलिस चौकी स्वामी अवधेशानंद के ग्राम भागूवाला में चेकिंग अभियान चलाया। सुरक्षा के मद्देनजर सभी छोटे-बड़े वाहनों को चेक किया गया। कुछ वाहन चालकों ने कहा कि सामान पर कंपनी की सील लगी है। लेकिन टीम ने सील को भी चालकों से ही तुड़वाकर सामान को चेक किया। चेकिंग के दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

छुट्टा पशु सामने आने से मांस लदी पिकअप पलटी

चांदपुर, अमृत विचार : हीमपुर दीपा क्षेत्र में उलेढा तालाब के पास मुजफ्फरनगर से आ रही भैंस के मांस से लदी पिकअप छुट्टा पशु के अचानक सामने आने से पलट गगई। इससे आवागमन रुक गया। मौके पर पहुंची हीमपुर दीपा पुलिस ने जेसीबी की मदद से पलटी हुई पिकअप को हटाकर आवागमन को सुचारू कराया। मांस की सूचना पाकर पहुंचे विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने वाहन में गोवंश के मांस होने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने मांस की जांच कराने की मांग की है। पुलिस वाहन को थाने ले आई। पुलिस का कहना है कि वाहन चालक के पास मांस से संबंधित सभी कागजात पूरे हैं।

जूलूस में हुरियारों ने उड़ाया अबीर-गुलाल

कड़ी सुरक्षा के बीच ढोल व डीजे के साथ नगीना में निकाला गया द्वादशी का जुलूस

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : एकादशी के अगले दिन नगर में द्वादशी का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया। जुलूस में हुरियारे एक-दूसरे पर रंग डालते व अबीर गुलाल उड़ाते हुए ढोल की थाप व डीजे की धुन पर नृत्य करते चल रहे थे।

गुरुवार को बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ से मोहल्ला चौधराना स्थित देवता मंदिर पर पहुंचा द्वादशी के रंग का जुलूस दोपहर में विधि-विधान से हवन-पूजन के बाद शुरू होकर मुख्य परंपरागत मार्गों बाजार पहाड़ी दरवाजा, बाजार जामा मस्जिद, सर्राफा बाजार, बाजार बड़ा मंदिर, लुहारी सराय, मंडी मौलगंज, पालिका मार्केट व गांधी मूर्ति तिराहे से होता हुआ शाम चार बजे स्टेशन के चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुआ।

द्वादशी के अवसर पर निकाले गए रंग के जुलूस में शामिल हुरियारे। ● अमृत विचार

जुलूस में शामिल हुरियारे एक-दूसरे पर रंग डालते व गुलाल उड़ाते हुए ढोल की थाप पर डांस कर अबीर-गुलाल उड़ाते व रंग डालते चल रहे थे। जुलूस का नेतृत्व मंदिर मुक्तेश्वर नाथ के पदाधिकारी सलिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार विश्नोई, प्रदीप गर्ग, सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, केशव दीक्षित, सभासद गोपाल शर्मा, अतुल विशनोई आदि कर रहे थे। शांति व सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ व थाना प्रभारी सुनिल कुमार पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ मौजूद रहे।

जंगल में मिले बारहसिंगा और तेंदुआ के शव

नूरपुर, अमृत विचार : गांव खासपुर के जंगल में तेंदुआ और बारहसिंगा के शव मिले हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ डीएफओ ने भी मौका मुआयना किया।

गांव खासपुर के जंगल में मादा तेंदुआ और बारहसिंगा का शव मिले। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम लोग मौके पर एकत्र हो गए। सभी का मानना था कि दोनों की मौत आपसी संघर्ष में हुई होगी। इस बीच सूचना पाकर चांदपुर के वन रेंजर दुष्यंत कुमार अपनी टीम के साथ जंगल में पहुंच गए। उन्होंने मामले की सूचना तत्काल डीएफओ को दी। इस पर डीएफओ अरुण कुमार भी मौके पर पहुंच गए और दिशा-निर्देश दिए। गुलदार और बारहसिंगा के शव को वन विभाग की टीम ने कब्जे में ले लिया। दोनों की मौत आपसी संघर्ष में होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। डीएफओ का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह का पता चल पाएगा।

होली मिलन के कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

निकिता होली क्वीन, नागेंद्र चुने गए किंग

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के तत्वावधान में जैन धर्मशाला में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम हुआ। इसमें कुहू शर्मा और चैतन्य शर्मा ने अतिथियों का फूलों और गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन सुमन चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली सौहार्द व प्रेम का त्यौहार है। इसलिए खुले दिल से हमें यह पर्व मनाना चाहिए। रोचक तंबोला, गजल, कविताएं, होली गीत और नृत्य ने समां बांध दिया। इस अवसर पर डॉ. निकिता होली क्वीन चुनी गई। रोटेरियन नागेंद्र सारस्वत होली किंग घोषित किए गए। लकी पर्सन का खिताब श्रद्धा सिंह के नाम रहा। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया। सचिव अरुणा मित्तल ने आभार व्यक्त किया, संचालन सुमन चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अन्य पदाधिकारियों के साथ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके बबली, रो. डा. अशोक चौधरी, डॉ. एके अग्रवाल, रमेश गोयल, डॉ. एसके मित्तल, प्रवीण कुमार, प्रीति अग्रवाल निधि बंसल, अनुज भारद्वाज, डा. राजेंद्र सिंह, डॉ. रोहन चौधरी, डॉ. नमन गुप्ता, डॉ. धैर्य विश्नोई, अनुभा विश्नोई का सहयोग रहा।

दूसरे दिन 15 प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित न्यायालय कक्ष में तथा रिटर्निंग ऑफिसर नगीना लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र पूर्ण बोरा की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन के कक्ष में नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन प्रत्याशियों ने लोकसभा क्षेत्र बिजनौर में 11 तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र नगीना में चार नामांकन पत्र खरीदे।

लोकसभा क्षेत्र नगीना से न्याय धर्म सभा के प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार निवासी ग्राम मंगोलपुर रूपचंद अलावलपुर हुडा, बहुजन जनता दल (खोड़ावाल) से हंस कुमार निवासी ग्राम गोपालपुर, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से रविंद्र भारती निवासी सिविल लाइन भाग दो तथा अति पिछड़ा वर्ग संगठन से घासीराम निवासी ग्राम नरुलापुर चीमा उर्फ हजारी ने नामांकन पत्र खरीदे। लोकसभा क्षेत्र से लोक पार्टी से समय सिंह निवासी गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर, निर्दलीय प्रत्याशी राजपाल सिंह निवासी ग्राम तैमूरपुर दयालकुंज, न्याय धर्म सभा पार्टी से पदम सिंह निवासी ग्राम सुनगढ़, राष्ट्रीय लोकदल से राजीव कुमार नागर निवासी गढ़ रोड़ मेरठ, निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुमार निवासी कोट रोड मुजफ्फरनगर, बहुजन जनता दल से दिलेराम निवासी तैमूरपुर, मजलूम समाज पार्टी से लियाकत अली निवासी ग्राम कोड खुर्द, तहसील मवाना मेरठ, अखलाक (पप्पू) निवासी मोहल्ला चाहशीरी प्रत्याशी समाज वादी पार्टी, हसन अली निवासी मोहल्ला हलवाइयान किरतपुर प्रत्याशी निर्दलीय, अमित गोयल निवासी सड़कवाला चैयनपुरा थाना बहसुमा मवाना मेरठ प्रत्याशी निर्दलीय, जीशान अहमद निवासी मुकरपुरखेमा उर्फ बुखारा प्रत्याशी निर्दलीय ने नामांकन पत्र खरीदे।

सार-संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की जान गई

अफजलगढ़, अमृत विचार : अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक को हायर सेंटर रेफर किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव प्रेमपुरी निवासी मनोज (30) गांव के ही मामराज के साथ देर शाम चौहड वाला स्थित गन्ने के कोल्हू पर गए थे। देर रात घर दोनों अपने घर लौट रहे थे। अफजलगढ़ कालागढ़ मार्ग पर पत्थर वाला के समय विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर एकत्र हुए राहगीरों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। जबकि मोमराज की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया मनोज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली देहात के किशोर की पुणे में करंट से मौत

कोतवाली देहात, अमृत विचार : पुणे में बेकरी पर काम कर रहे 14 वर्षीय बालक की करंट लगने से मृत्यु हो गई। बालक का शव गांव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां व बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के गांव पित्तनहेड़ी जिया निवासी अकमल की लगभग तीन साल पूर्व मौत हो गई थी। उसके परिवार में विधवा पत्नी, 14 वर्षीय पुत्र और 8 वर्षीया पुत्री थी। गरीबी के चलते अकमल की पत्नी ने अपने बेटे अल्तमस को लगभग एक वर्ष पूर्व गांव के ही सलाउद्दीन के साथ पुणे (महाराष्ट्र) में बेकरी में काम करने भेज दिया। अल्तमश को मिलने वाले मजदूरी के पैसों से ही उसकी मां और बहन का गुजारा चल रहा था। दो दिन पूर्व बेकरी में काम करते समय अल्तमस की बिजली का करंट लगने के कारण मौत हो गई।

बैठक में मौजूद भाकियू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

किसान नेता के अपमान पर आंदोलन की चेतावनी

नहटौर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह और अधिवक्ताओं के बीच चल रहे विवाद को लेकर ग्राम सदरुद्दीन नगर में गुरुवार को पंचायत की। इसमें बार संघ के अध्यक्ष द्वारा दिगंबर सिंह का अपमान करने के विरोध में जेल भरो आंदोलन की चेतावनी दी। गुरुवार को ग्राम सदरुद्दीन नगर में जोनी चौधरी के आवास पर हुई पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष तेजवीर सिंह ने कहा कि किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह का अपमान संगठन का अपमान है। उन्होंने बार संघ के अध्यक्ष एसके बबली द्वारा किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह को जजी परिसर में प्रतिबंध लगाने जैसा घृणित कार्य किया है। इस पर किसानों ने रोष जताया है। कहा कि जजी परिसर किसी की जागीर नहीं है। वहां कोई भी आ-जा सकता है। उन्होंने किसानों से चौधरी दिगंबर सिंह के साथ जेल भरो आंदोलन में तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने बार संघ के अध्यक्ष द्वारा दिए गए बयान पर माफी मांगने की मांग की। ऐसा नही करने पर आंदोलन को चेतावनी दी। इस मौके पर धर्मवीर सिंह, सोवीर सिंह, राजवीर सिंह, नीरज कुमार, अनुज कुमार, लोकेंद्र सिंह, फुरकान, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बाग के बाहर खड़ी बाइक चोरी

नहटौर, अमृत विचार : गांव कश्मीरी के पास आम के बाग के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को सूचना दे दी गई है। गांव दुगरी निवासी इमरान अहमद का कश्मीरी गांव के पास आम का बाग है। वह बाइक बाग के बाहर खड़ी करके बाग में अंदर घूमने चला गया। थोड़ी देर बाद वापस आया तो बाइक गायब थी। उसने आसपास तलाश किया मगर बाइक का पता नहीं चला। तब उसने पुलिस को सूचना दी।

लोन की किस्त को लेकर युवक ने पत्नी को पीटा

नहटौर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में युवक ने पत्नी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता को सीएचसी में भर्ती कराया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव महुआ निवासी महिला ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी नहटौर थाना क्षेत्र के एक गांव तरकोला निवासी अतीक से हुई थी। उसकी पुत्री के नाम उसके दामाद ने समूह से ऋण ले रखा है। इसकी किस्त चुकाने को लेकर विवाद हो गया। पति ने किस्तों से बचने के लिए उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते एसपी नीरज कुमार जादौन। ● अमृत विचार

एसपी ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

स्योहारा, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल, सीओ सर्वम सिंह ने थाना प्रभारी जीत सिंह के साथ सहसपुर चौकी क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस चौकी अवधेशानंद पर संदिग्ध वाहनों की जांच कराई। निर्देश दिया कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति अगर क्षेत्र में गड़बड़ी करता पाया गया तो उसकी खैर नहीं होगी। चेकिंग के दौरान स्योहारा थाना प्रभारी जीत सिंह, चौकी इंचार्ज चन्द्र प्रकाश गंगवार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल सौरभ कुमार आदि मौजूद रहे।

समिति के अधिकार और दायित्वों के बारे में बताया

संवाददाता, हल्दौर

▸▸ ग्राम शिक्षा समितियों के अध्यक्षों व सचिवों का हुआ प्रशिक्षण

अमृत विचार : नूरपुर-बिजनौर मार्ग गोलबाग चौराहा स्थित एक फार्म हाउस में ग्राम शिक्षा समितियों के अध्यक्षों तथा सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का अयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ अध्यापिका मोनिका अग्रवाल के प्रेरणा गीत से हुआ।

प्रशिक्षण में संदर्भदाता शिवाली यादव ने समिति के उद्देश्य, संरचना, समिति का गठन तथा कार्यकाल पर प्रकाश डाला। दूसरे संदर्भदाता नीरज कुमार शर्मा ने समिति के अधिकार, दायित्व, (सामाजिक, वित्तीय) तथा स्थानीय प्राधिकारी के दायित्व बताए। तीसरे संदर्भ दाता विशुम लता ने विद्यालय विकास योजना, आउट ऑफ स्कूल और दिव्यांग बच्चों के विषय में समिति की जिम्मेदारी, शिक्षक ऑडिट तथा जनपहल रेडियो कार्यक्रम की जानकारी साझा की। अंतिम संदर्भदाता विपिन कुमार शर्मा ने प्री प्राइमरी तथा बालिका शिक्षा में समिति की भूमिका, ऑपरेशन कायाकल्प, मिड-डे-मिल तथा स्वास्थ्य कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका तथा विद्यालय और समुदाय के बीच सामंजस्य स्थापित कैसे किया जाए पर चर्चा की। मुख्य वक्ता खण्ड शिक्षाधिकारी अलका अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय और समुदाय के बीच सामंजस्य और आत्मीय संबंध बनाने की अति आवश्यकता है। यदि समुदाय, अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक के मध्य आत्मीय संबंध और सामंजस्य ठीक रहेगा तो विद्यालय में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। यदि कभी होती भी है तो उसका तुरंत समाधन हो जाएगा।

अवैध खनन में जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

मंडावली, अमृत विचार : पुलिस ने ग्राम भागूवाला शयामीवाला के जंगल में मिट्टी का खनन कर रहे जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली को मौके से पकड़ लिया।

थाना मंडावली की पुलिस चौकी स्वामी अवधेशानंद से महज 500 मीटर की दूरी पर खनन किया जा रहा था। चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें श्यामीवाला के जंगल में खनन की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम वहां पहुंची। यहां ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी मिली। पुलिस ने खनन की अनुमति दिखाने को कहा।

कागज नहीं दिखाने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली व जेसीबी कब्जे में ले ली। इसके बाद एसडीएम नजीबाबाद कुंवर बहादुर सिंह को रिपोर्ट भेज दी। एसडीएम ने लेखपाल अभिषेक कुमार को जांच के लिए मौके पर भेजा मगर जमीन स्वामी उन्हें भी खनन की अनुमति नहीं दिखा सके।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष गेंदालाल एवं लक्ष्मी प्रसाद पासी का स्वागत करते समाज के लोग।

महासम्मेलन में एकजुटता पर दिया जोर

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : हाई-वे स्थित बैंक्वेट हॉल में पासी समाज का महासम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें लोगों ने आपस में एकजुट होकर चुनाव में मतदान का निर्णय लिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गेंदालाल पासी और लक्ष्मी प्रसाद पासी ने समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया।

कहा, समाज एक जुट होकर संभल क्षेत्र में अपने प्रत्याशी को सफल बनाएगा, जो प्रत्याशी समाज के उत्थान भला और जाति का प्रमाण पत्र बनवाने में मदद करेगा, हम उसी के साथ रहेंगे। एक उम्मीदवार द्वारा इस मुद्दे पर सहयोग करने के आश्वासन की चर्चा की। सम्मेलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई।

संगठन के प्रदेश मंत्री दीपचंद पासी, मंडल अध्यक्ष रवि पासी, जिलाध्यक्ष विजय राणा पासी, इंद्रपाल, राजेश, नरेश, महानगर अध्यक्ष जुगल किशोर, संभल के अध्यक्ष राजू पासी, अग्रसेन पासी, सूरजपाल, राधेश्याम पासी, प्रेमपाल, लाखन पासी, जतिन पासी, दीपक पासी आदि लोग एकत्र हुए।

दो प्रेक्षकों ने एमसीएमसी का निरीक्षण किया

बिजनौर, अमृत विचार : नगीना लोकसभा के प्रेक्षक (व्यय) कपिल यादव एवं लोकसभा बिजनौर के प्रेक्षक वंसत कुमार ने सूचना भवन में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण केन्द्र (एमसीएमसी) का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं विज्ञापनों के साथ सोशल मिडिया, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया का भी बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण में सभी व्यस्थाएं सही मिलीं। इस अवसर पर प्रभारी एमसीएमसी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार सिंह, सहायक प्रभारी एमसीएमसी/उपजिलाधिकारी न्यायिक जयेन्द्र सिंह, प्रिन्ट मीडिया पर्यवेक्षक/अपर सांखियकीय अधिकारी वरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेलकूद | विश्व स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का विवेक कालेज में हुआ समापन

निलेश शाह ने जीता शतरंज प्रतियोगिता का खिताब

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : विश्व स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आज विवेक कालेज में समापन हो गया। प्रतियोगिता में आरपीएसबी कल्ब के इंटरनेशनल मास्टर निलेश शाह ने बिजनौर ओपन फीडे रेटिड इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

द्वितीय स्थान पर तमिलनाडु के विगनेश बी तथा तृतीय स्थान आईसीएफ के लक्ष्मण आरआर रहे। चौथे स्थान पर कर्नाटक के बालकृष्ण एवं पांचवें स्थान पर तमिलनाडु के श्रीहरि एलआर रहे। प्रतियोगिता में विजेताओं को पांच लाख रुपये के पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह वितरित किये गये।

बेस्ट अंडर रेटिड वर्ग में प्रांजल वर्मा, अभिनव शर्मा एवं हर्षित त्रिपाठी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैस्ट अंडर 15 वर्ग में अर्नव अग्रवाल, आयुष सक्सेना, कृष्ण कुंडू प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बैस्ट बिजनौर में सुरेन्द्र अरोरा, अब्दुल रागिब फारुकी, सर्वज्ञ भारद्वाज प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बैस्ट उत्तर प्रदेश में संयम श्रीवास्तव, शिवम चौधरी, संदीप गुप्ता प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बैस्ट फीमेल वर्ग में मेघा पत्रा, अर्चिता अग्रवाल तथा आरुषी सर्वैन हेलेन डिसिल्वा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम का संचालन डा. निधि शुक्ला तथा विश्वजीत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी प्राचार्यों, विभागाध्यक्षों कोआर्डिनेटर डा. हितेश शर्मा, क्रीड़ाधिकारी मुकुल कुमार, स्टीफन नितिश वर्मा, कविता पटेल, आकाश आदि का सहयोग रहा।

प्रमाण पत्र के साथ शतरंज के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

सपा की बैठक में बूथों को मजबूत करने पर दिया जोर

बिलारी, अमृत विचार : नगर के सपा कैंप कार्यालय में कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की बैठक में विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने चुनाव को लेकर बूथों को मजबूत करने पर जोर दिया। कहा, चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीट जीतने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। सभी अपने-अपने बूथ को मजबूत बनाएं।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड सौरव यादव, नगर अध्यक्ष शाहनवाज आलम, जिलाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ सागर सलमानी, सभासद हप्पू राजा, सभासद जरीफ अंसारी, सभासद रसीद पन्ना, सभासद आमिल सिद्दीकी, इसरार अहमद, प्रधान रविंद्र चौधरी, प्रधान सद्दाम सैफी, प्रधान मजीद अंसारी, प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी रेहान पासा, सत्येंद्र चौधरी, सोहेल खान ,लाल सिंह जाटव, रमाकांत सैनी मौजूद रहे। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान ने की।

जाम की समस्या से लोग परेशान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर में जाम बड़ी समस्या है, इसका असल कारण अतिक्रमण है। नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन की ओर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियानों की रस्म-अदायगी से नगर को जाम से राहत नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को ठाकुरद्वारा- शरीफनगर मार्ग पर ओवरलोड वाहनों ने जाम का नया रिकार्ड बना दिया।

कमालपुरी चौराहे पर ओवरलोड वाहन के आने से उधर ई-रिक्शा के चालकों द्वारा सड़क किनारे रिक्शा और अन्य वाहन टेढ़े- मेढ़े खड़े होने की वजह से जाम की स्थिति बन गई। आमतौर पर रामपालद्वारा से लेकर चुन्नीलाल राइस मिल तक प्राइवेट बसों का संचालन होता है। रोजाना बसों के आने और जाने के समय पर रिक्शा चालक यह स्थिति कर देते हैं कि बस में बैठी सवारियों को उतरने तक की जगह नहीं रहती। बस चालक और परिचालक भी परेशान होते हैं। कई बार इस बात को लेकर ई- रिक्शा चालकों व परिचालकों में विवाद की स्थिति यहां आम बात है लेकिन, ई-रिक्शा चालक बाज नहीं आते हैं। दोपहर में बाजार बन्दी होने के बाद स्थिति यह बनी कि सड़कों पर अतिक्रमण के चलते कमलापुरी चौराहे से लेकर रामपालद्वार, रतुपुरा मोड़, कदीर तिराहे तक लंबा जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने कदीर तिराहा, कमलापुरी चौराहा, रामपाल द्वारा व रतुपुरा मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों को तैनात करने की मांग की है ताकि, रोज-रोज के जाम लगने से क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

ठाकुरद्वारा-शरीफनगर मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

मनमानी

▸▸ बाजारबंदी के बाद भी यातायात बहाल होने में हो रही परेशानी

▸▸ अतिक्रमण की वजह से सड़क पर जाम की बन रही है स्थिति

नई दिल्ली में हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

● देश के सर्वाधिक अति विशिष्ट संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली सीट पर अटल, आडवाणी के बाद सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी मैदान में

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

देश की सबसे वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली को सुचेता कृपलानी के बाद भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से दो बार अटल बिहारी वाजपेई, दो बार लाल कृष्ण आडवाणी संसद पहुंचे। लेकिन हैट्रिक लगाने का श्रेय वाजपेई सरकार के सबसे विवादित एवं



ईमानदार मंत्री जगमोहन के नाम जाता है। उन्होंने 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की और आखरी बार मजदूर नेता ललित माकन के भतीजे व कांग्रेस के युवा उम्मीदवार अजय माखन से चुनाव हार गए थे।

कहां जा रहा था कि जगमोहन के बाद आर्य समाज की समर्पित कार्यकर्ता व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी 2024 में हैट्रिक लगाएंगी लेकिन भाजपा हाई कमान ने उनका टिकट काट दिया और पार्टी की हाई प्रोफाइल नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। यदि बांसुरी चुनाव जीत गईं तो वे तीसरी महिला होंगी जो नई दिल्ली से संसद पहुंचेंगी।

नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अति विशिष्ट लोग जैसे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश व कई बड़े नेता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, विदेश एवं गृह

मंत्रालय हैं। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी के बाद इस सीट से लगातार भाजपा के अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज चुनाव जीते रहे हैं। यहां तक कि आडवाणी को पराजित करने के लिए 1991 में कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को उम्मीदवार बनाया था। यह देख आडवाणी ने नई दिल्ली के अलावा गांधीनगर से भी चुनाव लड़ा और राजेश खन्ना को मात्र 17 हजार वोटो से पराजित कर पाए थे। बाद में आडवाणी ने नई दिल्ली सीट से इस्तीफा देकर गांधीनगर की सदस्यता ग्रहण की थी।

जिससे नई दिल्ली के मतदाता नाराज हो गए और उन्होंने 1992 के उपचुनाव में राजेश खन्ना को जिता दिया। हालांकि भाजपा ने खन्ना के खिलाफ पहली बार फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मैदान में उतारा था, लेकिन आडवाणी से नाराज मतदाताओं ने राजेश खन्ना को विजयी बनाया था। 1996 में भाजपा ने इस सीट से जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एवं राज्यसभा सदस्य जगमोहन को पहली बार लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। वैष्णव देवी में जगमोहन के शानदार कार्यों को देख मतदाताओं ने राजेश खन्ना को 58 हजार वोटो से पराजित किया था। उसके बाद इस सीट से जगमोहन लगातार तीन बार विजयी हुए। चौथी बार कांग्रेस के अजय माकन (सीएनजी मैन) से वे चुनाव इसलिए हार गए क्योंकि दिल्ली में सीएनजी लाने का श्रेय जनता ने तत्कालीन परिवहन मंत्री माकन को दिया था।

अजय माकन भी नई दिल्ली से हैट्रिक लगाने में विफल रहे क्योंकि 2014 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मीनाक्षी लेखी से वे पराजित हो गए थे। इसी तरह मीनाक्षी भी हैट्रिक लगाने से इसलिए वंचित रह गई क्योंकि बांसुरी स्वराज को बीजेपी ने इस बार उम्मीदवार बनाया है। हालांकि बांसुरी का बीजेपी कार्यकर्ता के रूप में ज्यादा योगदान नहीं है। उनकी पहचान उनकी मां सुषमा स्वराज की वजह से है और यदि वह चुनाव जीतती हैं तो नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से संसद पहुंचने वाली वे तीसरी महिला होंगी।

नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

वर्ष	विजयी सांसद	पार्टी
1952	सुचेता कृपलानी	किसान मजदूर प्रजा पार्टी
1957	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस
1977	अटल बिहारी वाजपेई	भाजपा
1980	अटल बिहारी वाजपेई	भाजपा
1989	लालकृष्ण आडवाणी	भाजपा
1991	लालकृष्ण आडवाणी	भाजपा
1992	राजेश खन्ना	कांग्रेस
1996	जगमोहन	भाजपा
1998	जगमोहन	भाजपा
1999	जगमोहन	भाजपा
2004	अजय माकन	कांग्रेस
2009	अजय माकन	कांग्रेस
2014	मीनाक्षी लेखी	भाजपा
2019	मीनाक्षी लेखी	भाजपा

चुनाव कमाल का...

- 21 मई 1991 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की वोटिंग के पहले दौर के ठीक एक दिन बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद जून के मध्य तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया। पंजाब में लोकसभा चुनाव बाद में कराए गए, जबकि जम्मू-कश्मीर में आम चुनाव हुए ही नहीं।
- जून में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस को सबसे ज्यादा 232 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी 120 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही। जनता दल को सिर्फ 59 सीटें मिलीं। 21 जून 1991 को कांग्रेस के पी.वी. नरसिंहराव ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1996 में 11वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। 161 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 140 सीटें मिली और पार्टी दक्षिण में भी पिछड़ गई।
- अटल बिहारी वाजपेयी ने 16 मई को प्रधानमंत्री का पद संभाला लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण 13 दिन ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठ पाए।
- 1996 में जनता दल के नेता एचडी देवेगौडा ने एक जून को संयुक्त मोर्चा गठबंधन सरकार का गठन किया, लेकिन उनकी सरकार भी 18 महीने ही चली।
- देवेगौड़ा के कार्यकाल में ही विदेश मंत्री रहे इन्द्र कुमार गुजराल ने अगले प्रधानमंत्री के रूप में 1997 में पदभार संभाला। कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी।

चुनावी तीर

पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं। भाजपा की साजिश और षड्यंत्र से हमें सतर्क रहना है। हमें ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के साथ-साथ बूथ की सुरक्षा को लेकर भी सावधान रहना है। भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी के मामले में बेनकाब हो चुकी है। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा।

- अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

1952 को छोड़कर पहली बार आप इतना लंबा चुनाव देख रहे हैं। आजादी के बाद पहले चुनाव में बहुत सी चीजों को समायोजित करना था, लेकिन अब तकनीक के साथ यह अवधि कम होनी चाहिए थी। लंबी अवधि के चलते एक चरण में मतदान चलता है और दूसरे चरण में चुनाव प्रचार चल रहा होता है। इससे सत्ता दल को फायदा और विपक्ष को नुकसान होता है।

-सीताराम येचुरी, महासचिव, माकपा

हैवीवेट प्रत्याशियों की तलाश में उलझी हाई प्रोफाइल प्रयागराज सीट

1996 में भाजपा का खाता खोलने के साथ ही डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने लगाई थी यहां से जीत की हैट्रिक तो बीते तीन दशक से जीत के लिए तरस रही है कांग्रेस

● पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा और जनेश्वर मिश्र के अलावा अमिताभ बच्चन भी यहां से संसद पहुंचे

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार: संगम नगरी प्रयागराज में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण में 25 मई को 18,07,886 मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। 2019 के पिछले चुनाव की तुलना में इस बार यहां 1,14,439 मतदाता बढ़ गए हैं। हाई प्रोफाइल गिने जाने वाले प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा सीटें मेजा, करछना, बारा, कोरांव और प्रयागराज दक्षिणी शामिल है। इनमें बारा और कोरांव एससी सुरक्षित सीट हैं। वर्तमान में तीन विधानसभा सीटों करछना, कोरांव और प्रयागराज दक्षिण में भाजपा तो मेजा में समाजवादी पार्टी और बारा में अपना दल का कब्जा है। वर्तमान में यहां से भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी सांसद हैं। उन्होंने 2019 के चिनाव में सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को 1,83,876 मतों से पराजित किया था। रीता बुहगुणा को 4,93,204 और राजेंद्र सिंह को 3,09,328 वोट मिले थे। लेकिन भाजपा ने इस बार रीता बहुगुणा जोशी की प्रत्याशिता को जहां होल्ड पर रखा है, वहीं सपा से गठबंधन के बाद हिस्से में आई इस सीट पर कांग्रेस किसी हैवीवेट प्रत्याशी की तलाश में है।

प्रयागराज वह लोकसभा क्षेत्र है, जहां से वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निधन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को हराकर जीत हासिल की थी। इस लोकसभा क्षेत्र में आजादी के बाद से कांग्रेस का ही कब्जा रहा। सबसे पहले 1952 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश सांसद चुने गए। 1957 तथा 1962 के लोकसभा चुनाव में यहां से पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री, 1967 में उनके पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री, 1971 में हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। लेकिन 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उतरे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र ने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कमला बहुगुणा को हरा दिया। हालांकि अगले ही चुनाव 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जीत हासिल करके कांग्रेस की वापसी करा दी। 1984 में यहां से सांसद चुने गए अमिताभ बच्चन ने जब बोफोर्स कांड में नाम आने पर संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और 1988 में उपचुनाव हुआ तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 1989 में जनता दल से जनेश्वर मिश्र दूसरी बार और साल 1991 में हुए चुनाव में सरोज दुबे ने जीत हासिल की। प्रयागराज में भाजपा को पहली जीत 1996 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने दिलाई। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में भी डॉ. जोशी ने जीत हासिल करके हैट्रिक लगाई। लेकिन 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर अपना खाता खोला। सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह ने लगातार दो चुनावों 2004 और 2009 में जीत हासिल की। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के श्यामाचरण गुप्ता ने सपा से यह सीट छीन ली। 2019 में भाजपा ने कांग्रेस से आईं रीता बहुगुणा जोशी को टिकट दिया और वह विजयी रहीं।

अभी किसी दल ने नहीं खोले पत्ते, एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार

प्रयागराज सीट पर भाजपा ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, हालांकि पार्टी का संसदीय बोर्ड प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन कर चुका है। निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी के साथ नंद गोपाल नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी का नाम दावेदार के रूप में सबसे आगे है। नंदी प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जबकि उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी वर्तमान में प्रयागराज की महापौर हैं। उधर, सपा-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आयी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां से एक बार फिर किसी दमदार बाहरी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी 1984 के बाद से प्रयागराज में जीत के लिए तरस रही है। कांग्रेस ने पिछले चार चुनावों में इस सीट पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देकर आजमाया, लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया। 2014 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े बसपा से आए नंद गोपाल गुप्ता ने एक लाख से अधिक वोट पाए लेकिन जमानत नहीं बची और चौथे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2019 में भाजपा से आए योगेश शुक्ला को कांग्रेस ने टिकट दिया पर उन्हें 31956 ही वोट मिले। 2009 में श्याम कृष्ण पांडेय को 33027 और 2004 में सत्य प्रकाश मालवीय को 40545 वोट मिले थे। इन चारों चुनाव में कांग्रेस तीसरे या चौथे स्थान पर रही और जमानत नहीं बचा सकी। इस बीच सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह कांग्रेस और बसपा दोनों के संपर्क में हैं। वह अपने पुत्र उज्ज्वल रमण के टिकट के लिए प्रयासरत हैं। रेवती रमण प्रयागराज से दो बार सांसद और करछना से आठ बार विधायक रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की ही तरह बसपा ने भी अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

जातीय समीकरणों के लिहाज से गठबंधन प्रत्याशी को मौका

प्रयागराज लोकसभा सीट पर ब्राह्मण और ओबीसी मतदाता जीत की पटकथा लिखते रहे हैं। लेकिन मोदी लहर के बाद यह समीकरण टूट सा चुका है। एक अनुमान के मुताबिक इस सीट पर 2.40 लाख ब्राह्मण, करीब सवा दो लाख कुर्मी, दो लाख मुस्लिम, डेढ़ लाख से अधिक वैश्य और सवा लाख से ज्यादा यादव वोटर हैं। राजपूत और भूमिहार मतदाता एक लाख से ऊपर गिने जाते हैं। इसी तरह 85 हजार मौर्य और कुशवाहा, एक लाख कोल, सवा लाख निषाद-बिंद, 1.15 लाख विश्वकर्मा और प्रजापति मतदाताओं के साथ 40 से 45 हजार पाल बिरादरी का वोट माना जाता है।

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस	अपना दल
2022 विस	35.3	37.4	10.0	3.3	9.7
2019 लोस	56.1	35.2	--	3.6	--
2017 विस	43.1	25.7	17.1	5.3	--
2014 लोस	35.2	28.2	18.2	11.5	--



अखिलेश का पल्लवी से समझौता टूटा, सुनील सिंह से नाता जोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के बीच जहां एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पल्लवी पटेल के कदमताल न करने की बात सामने आ गई वहीं, दूसरी ओर सपा को रालोद के जाने के बाद लोक दल का साथ मिल गया है। अपना दल कमेरावादी सपा से अलग होकर अपने प्रत्याशी उतार रही है। इसी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल भी सपा उम्मीदवार के मुकाबले मैदान में उतरने को तैयार है।

लोक दल के प्रमुख सुनील सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की। सुनील सिंह ने इस दौरान जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को डुप्लीकेट पार्टी करार दिया। इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल सपा के साथ आ गई है। वहीं, अखिलेश यादव ने भी सुनील को धन्यवाद देते हुए कहा कि असली लोक दल सपा के साथ है।

बीते दिनों राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ आए थे, अब अपना दल (कमेरावादी) ने भी सपा गठबंधन से अलग होकर अपना रास्ता चुन लिया है। इसकी औपचारिक घोषणा गुरुवार खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार-वार्ता में की।

● सपा व अपना दल कमेरावादी का गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव में था, 2024 के लिए कोई गठबंधन नहीं

भाजपा ने चंदा वसूली कर ली इसलिए विपक्षियों के अकाउंट सीज हो रहे

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

सपा में खुले है वरुण गांधी के लिए दरवाजे

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरूण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरूण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी। सपा का पीलीभीत से उम्मीदवार बनने के बाद भगवत सरन से जब मीडिया प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि, अगर वरुण गांधी को भाजपा से टिकट नही मिला और उन्होंने सपा से टिकट मांगा तो वो क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान ने उन्हें टिकट दिया तो वो अपनी सीट खुशी-खुशी छोड़ देंगे।हालांकि वरुण गांधी ने पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। अगर भाजपा से उनका टिकट कटा तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं।

स्थानीय विजेता तो दूर, कल्याण भी नहीं तोड़ पाए महादीपक का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : राजनीति में धुरंधर परिणाम आए। बदलाव भी हुए। सबने अपने अपने रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया, लेकिन मोदी की सुनामी रही हो या पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की खुद चुनाव मैदान में उतरें हुए हों, वे भी वर्ष 1977 का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। उस समय सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने ऐसा मतदान किया कि अब तक रिकॉर्ड तोड़ना तो दूर कोई छू न सका।

वर्ष 1977 के इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लगाने के बाद वर्ष 1977 में लोकसभा के लिए आम चुनाव हुए। इस आम चुनाव में देश में कांग्रेस विरोधी लहर चली। इस लहर से एटा लोकसभा सीट भी अछूती नहीं बची। इस चुनाव में एटा लोकसभा में कई रिकार्ड बने। इस चुनाव में हुआ 66.96 प्रतिशत मतदान एटा लोकसभा के रिकार्ड में दर्ज है। इस चुनाव में एक रिकार्ड ऐसा भी बना जो आज तक नहीं टूटा। इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की। इसके बाद कई बार प्रत्याशियों ने अच्छे मत प्रतिशत से जीत हासिल की, लेकिन यह रिकार्ड नहीं टूटा। यहां तक की महादीपक सिंह शाक्य ने 1996 में व 1998 में भाजपा के टिकट से चुनाव जीता, लेकिन वह भी अपने 1977 के अपने रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव, 2009 के चुनाव में सपा समर्थन से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, 2014 के चुनाव में भाजपा से राजवीर सिंह ने अच्छे वोट प्रतिशत प्राप्त कर जीत हासिल की, लेकिन वह भी इस रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2019 में देश भर में मोदी की सुनामी में भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह फिर से अच्छे वोटों से चुनाव जीतें है, लेकिन वे इस चुनाव में भी 1977 में बने रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सके।

40% से अधिक वोट पाकर जीतने वाले प्रत्याशी

वर्ष	प्रत्याशी का नाम	पार्टी का नाम	प्रतिशत
1952	रोहन लाल चतुर्वेदी	कांग्रेस	40.52
1977	महादीपक सिंह शाक्य	बीएलडी	71.94
1996	महादीपक सिंह शाक्य	भाजपा	46.50
1998	महादीपक सिंह शाक्य	भाजपा	44.28
2004	देवेंद्र सिंह यादव	सपा	47.03
2009	कल्याण सिंह	सपा समर्थित	48.57
2014	राजवीर सिंह	भाजपा	51.28
2019	राजवीर सिंह	भाजपा	54.56

1977 के चुनाव में सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने दिलाई थी ऐतिहासिक जीत, तब से लेकर अब तक टोकना तो दूर कोई छू भी न सका आंकड़ा

बाहुबल के साए में चुनाव, अब बीते दिनों की बात

चुनाव प्रभावित करने वाले कई बाहुबली जेल में, योगी सरकार ने खत्म किया बाहुबलियों का दबदबा

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। यह पहली बार है कि 2024 का लोकसभा चुनाव बाहुबलियों के बगैर होने जा रहा है। दूर-दूर तक कोई बाहुबली मैदान में नहीं दिख रहा है। आलम यह है कि चुनावों को प्रभावित करने वाले बाहुबली भी अपने-अपने क्षेत्रों से गायब हैं। ज्यादातर बाहुबली या तो जीवित नहीं हैं या फिर जेलों में बंद हैं। ऐसे में 2024 का चुनाव नजीर बनेगा। जाहिर है सरकार ने वादे के अनुरूप प्रदेश में बाहुबलियों का साम्राज्य लगभग खत्म कर दिया।

प्रदेश के कई बड़े अपराधी, जो चुनाव में देते थे दखल

चार बार से ज्ञानपुर सीट से विधायक रहने वाले बाहुबली विजय मिश्रा का कद इतना बड़ा था कि वह मोदी लहर

में भी चुनाव जीते। विजय का कद इतना बड़ा था कि आसपास की सीटों पर भी प्रभाव पड़ता था। योगी सरकार आने के बाद विजय मिश्रा के खिलाफ पुलिस को कार्रवाई करने की छूट मिली। इस समय विजय मिश्रा जेल में हैं और राजनीतिक रूप से भी प्रभावहीन हो चुके हैं।

मुख्तार अंसारी का जरायम की दुनिया में बड़ा नाम है। मुख्तार मऊ निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे, जिसमें

दो बार बसपा के टिकट पर जीते। एक वक्त था जब मुख्तार को टिकट देने के लिए विभिन्न पार्टियां बेचैन रहती थी, क्योंकि मुख्तार जीत की गारंटी थे। जलवा इतना कि मुख्तार के वरदस्त पर कई मऊ के कई विधानसभा सीटों पर जीत तय होती थी। इन दिनों मुख्तार सजायाफ्ता हैं। किसी भी पार्टी में दखलंदाजी नहीं है।

माफिया और नेता रहे अतीक अहमद तत्कालीन इलाहाबाद और फूलपुर में खासा दबदबा रहता था। अतीक इलाहाबाद

पश्चिमी सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने गए। 14वीं लोकसभा के लिए समाजवादी पार्टी ने फूलपुर से उम्मीदवार चुना। अतीक अहमद का कद इतना बड़ा था कि वह जेल से चुनाव लड़ते और जीतते थे। अप्रैल 2023 में एक गोलीकांड में अतीक की हत्या होने के बाद इलाहाबाद और फूलपुर बाहुबल की राजनीति से पूर्णतया मुक्त हो गया।

तीन बार विधायक और दो बार सांसद रहे यूपी के टॉप टेन माफिया रिजवान जहीर का दबादबा भी लगभग खत्म हो गया। रिजवान जहीर के दबदबे का आलम यह था कि एक समय उन्होंने सपा मुखिया रहे मुलायम

सिंह यादव को भी चुनौती दे डाली थी। बसपा, कांग्रेस और सपा में भी प्रभाव रहा। रिजवान के बुरे दिन तबसे शुरू हुए जब यूपी में योगी के नेतृत्व में सरकार बनी। योगी सरकार में रिजवान का नाम यूपी के टॉपटेन माफियाओं में था। सरकार की कार्रवाई में ही रिजवान के राजनैतिक कॅरियर का लगभग अंत हो गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र के रूप में छात्रसंघ की राजनीति में दखल से धनंजय सिंह का राजनैतिक कॅरियर भी शुरू हुआ। 2002 से 2009 तक निर्दल रारी से विधायक रहे। 15वीं लोकसभा में

बसपा के टिकट पर सांसद बने। धनंजय सिंह का जौनपुर संसदीय सीट व विधानसभा क्षेत्रों में दबदबा रहता था। हत्या, लूट जैसे अपराधों को अंजाम देकर धनंजय जरायम की दुनिया में पहुंचे थे। 2024 के चुनावों में ताल ठोकने की तैयारी कर रहे थे, तभी अदालत के एक फैसले से जेल चले गए।

आजमगढ़ की राजनीति में बाहुबली रमाकांत यादव का दबदबा भी लगभग खत्म हो चुका है। जहरीली शराब पीने से 13 लोगों की मौत के मामले में बाहुबली अभी भी जेल में निरुद्ध हैं। रमाकांत यादव

के रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह आजमगढ़ सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। प्रदेश में सक्रिय लगभग सभी पार्टियां रमाकांत को टिकट देने के लिए आतुर रहती थी। लेकिन अदालती और कानूनी कार्रवाइयों ने रमाकांत के बाहुबल का लगभग खात्मा कर दिया।

पश्चिमी उप्र की राजनीति में भी खत्म हुआ बाहुबल

पूर्वांचल ही नहीं बल्कि, पश्चिमी यूपी की राजनीति में भी माफियाराज इतिहास का विषय बन चुका है। यहां के माफियाओं में बदन सिंह, डीपी यादव, हाजी याकूब कुरैशी, सुनीर, यशपाल तोमर, अमरपाल उर्फ कालू, संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा, विनय त्यागी, एजाज, सुंदर भाटी, अमित कसाना, विक्रांत उर्फ विक्की जैसे माफियाओं का चुनावों में पूरा हस्तक्षेप रहता था। पुलिस अफसरों के मुताबिक उक्त अपराधी स्थानीय चुनावों को अपने हिसाब से प्रभावित करने में सक्षम थे। सरकार की कार्रवाइयों से यहां के माफियाराज का लगभग अस्त हो चुका है। पूर्वांचल में वृजेश सिंह, संजीव द्विवेदी उर्फ रामू द्विवेदी, अब्बास अंसारी पर भी खूब कानूनी कार्रवाई हुई। अदालतों ने भी सख्ती दिखाई।

इस बार न कल्याण न मुलायम

कभी इनके चेहरे पर ही था चुनाव

सक्रिय राजनीति में न होने के बावजूद भी समर्थकों में रहता था जोश

2021 में कल्याण व 22 में मुलायम की मृत्यु के बाद हो रहा पहला लोकसभा चुनाव

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। इस बार के लोकसभा चुनाव में पीडीए बनाम एनडीए के चुनावी संघर्ष के अब तमाम चेहरों की गुटबंदी आमने-सामने है। एक गठबंधन 'पीडीए' के तो दूसरा 'कमण्डल' के साथ नजर आता है। अब जनता ही तय करेगी हर स्तर पर विकास का मुद्दा बड़ा या जाति और धर्म का?

बहरहाल, एक समय था जब कल्याण सिंह, मुलायम सिंह यादव और छोटे चौधरी कहे जाने वाले अजित सिंह के लिए लगने वाले नारे रोंगटे खड़े देते। जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है। कल्याण सिंह तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। अजित सिंह आए हैं, हरित प्रदेश लाए हैं। हालांकि मौजूदा राजनीतिक हस्तियों को लेकर नारे अब भी लगते हैं लेकिन रोंगटे खड़े कर देने को आत्मसात नहीं होते।

बहरहाल, चुनावी बिगुल फुंकने के साथ उत्तर प्रदेश के राजनीतिक पटल पर सरगर्मी तेज है। भाजपा आत्मविश्वास से लबरेज है तो सपा उत्साहित। कांग्रेस कन्फ्यूज़ड है तो बसपा में रहस्मयी चुप्पी पसरी है। निकट भविष्य में सभी की राजनीतिक तकदीर लॉक होने को है। लेकिन इससे पहले होने जा रहे चुनावी संघर्ष में इस बार लगभग चार दशक तक अपनी रणनीतियों, तौरतरीकों, दांवपेचों से विरोधियों को पटखनी देने वाले मुलायम-कल्याण नहीं होंगे। अंतिम दिनों में भले दोनों हस्तियां सक्रिय राजनीति से दूर रहीं हों, पर उनके होने के एहसास मात्र ही दोनों दलों के एक बड़े समर्थक वर्ग के दिलो-दिमाग में राज करता था। उप्र. की राजनीति का अतीत देखें तो 90 के दशक से ही मुलायम और कल्याण इस राज्य की राजनीति के केन्द्र बिन्दु बने रहे। अगस्त 2021 में कल्याण सिंह तो अक्तूबर 2022 में मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया। सपा की स्थापना के बाद मुलायम की गैर-मौजूदगी में पार्टी का यह पहला चुनाव होगा। वहीं राम मंदिर निर्माण से भले भाजपा का बहुप्रतिक्षित एजेंडा पूरा हुआ हो पर इस अभियान के असल हीरो कल्याण की कमी तो खलनी स्वाभाविक है। वहीं, तीन दशक से हर लोकसभा चुनाव में भागीदारी करने वाले राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया रहे चौधरी अजित सिंह की भी मृत्यु मइर 2021 में हुई। अजित सिंह तो रहे नहीं लेकिन इस चुनाव में चौधरी खानदान का भी कोई चेहरा नहीं उतरेगा। उनके बेटे जयंत चौधरी इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे।

कल्याण सिंह को याद करें तो, नब्बे के दशक की शुरुआत में राजनीति का जो दौर था, उसे मण्डल और कमण्डल यानी आरक्षण और राम मंदिर आंदोलन के तौर पर जाना जाता है। देश भर में एक ओर मण्डल आयोग की सिफारिशों का समर्थन और विरोध चल रहा था, तो दूसरी ओर अयोध्या में राम-जन्मभूमि के लिए आंदोलन चल रहा था। मुख्यमंत्री थे मुलायम सिंह यादव। इस बीच भाजपा ने कल्याण सिंह को आगे किया। कल्याण सिंह ने एक साल में ही भाजपा को उस स्थिति में ला दिया कि पार्टी ने 1991 में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली। मुख्यमंत्री बनने के बाद कल्याण सिंह ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ अयोध्या का दौरा किया और राम मंदिर का निर्माण करने के लिए शपथ ली थी।

होली के रंग में रंगा चुनाव : उत्तर प्रदेश में जैसे ही चुनावी दौर आता है फिर ईद हो या दिवाली, होली हो या दशहरा बस चुनाव के रंग की हर ओर नजर आते हैं। होली करीब है पर चुनावी रंग इस बार होली पर देखा जा सकता है। मेरठ के बाजार में दुकान तो होली के उत्सव के लिए सजी है मगर मनाया चुनावी त्योहार जा रहा है। ● एजेंसी

घर से मतदान करेंगे 60 हजार मतदाता

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़वाने के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से लेकर राज्य और जिला स्तर तक की टीमें सक्रिय हो गई हैं। 85 वर्ष से अधिक के लगभग 60 हजार मतदाता इस बार घर बैठकर मतदान कर सकते हैं।

खास बात यह है कि अगर कोई बुजुर्ग मतदाता अगर मतदेय स्थल तक जाना चाहते हैं तो उनके लिए प्रशासन की ओर से व्यवस्था कराई जा सकती है। बता दें कि चुनाव आयोग ने घर से वोट डालने की सुविधा सिर्फ बुजुर्गों और दिव्यांगों को दी है। 85 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग और 40% से ज्यादा दिव्यांग घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। दिव्यांग व्यक्तियों के पास डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट होना आवश्यक है। जिसमें इस बात का जिक्र हो कि डिसेबिलिटी कितने प्रतिशत है।

जो बुजुर्ग अथवा दिव्यांग मतदाता घर बैठे वोट डालना चाहते हैं उन्हें केंद्रीय चुनाव आयोग के सक्षम एप पर इस विकल्प का चुनाव करना होगा। एप पर विवरण के साथ परेशानी भी बतानी होगी। लोकसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं के घर फार्म भिजवाया जाएगा।

भाजपा तीसरी सूची, अन्नामलाई और सौन्दर्यराजन के नाम शामिल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए गुरुवार को उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें पूर्व राज्यपाल तमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

सूची के मुताबिक, सौन्दर्यराजन चेन्नई दक्षिण से चुनाव लड़ेंगी जबकि मुरुगन नीलगिरी से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। अन्नामलाई को कोयम्बटूर लोकसभा सीट से टिकट दिया है। पार्टी ने मध्य चेन्नई सीट से वी. पी. सेलवम, वेलोर से ए. सी. षणमुगम, कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हन, पेराम्बलूर से टी. आर. पारिवेंदर और तूतीकोरिन (तूतुकुड़ी) से एन. नागेन्द्रन को उम्मीदवार बनाया गया है। राज्यपाल के पद से त्यागपत्र देने के एक दिन बाद सौंदर्यराजन बुधवार को भाजपा में शामिल हुई थीं। इससे पहले, भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की थी। इस प्रकार पार्टी ने अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अब तक 274 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है।

बाहरी ही सुलतानपुर में खिला सके 'कमल'

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

अमृत विचार: सुलतानपुर लोकसभा सीट पर अब तक हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय उम्मीदवारों पर बाहरी प्रत्याशी भारी पड़े हैं। बाहरी प्रत्याशियों ने जहां यहां पर कमल खिलाया है, वहीं स्थानीय प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा सके है।

सुलतानपुर लोकसभा सीट अधिकतर कांग्रेस के ही पास रही। इस बार उसका प्रत्याशी यहां नहीं है। इंडिया गठबंधन में सपा के पाले में यह सीट गई है। भगवा ब्रिगेड की बात करे तो 1991 में पहली सफलता अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने जीत कर यहां पर भाजपा का खाता खोला था। शास्त्री को 1,73,485 और निकटम प्रतिद्वंदी जनता दल के राम सिंह को 64,529 वोट मिले थे। 1996 और 1998 में भाजपा के उम्मीदवार बाबरी ध्वंस के समय फैजाबाद के पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) थे। 1996 में राय को 2,38,843 और निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के कमरुज्जमा फौजी को 1,20,559 वोट मिले। 1998 में राय को 2,69,9510 और डा. रीता बहुगुणा जोशी सपा के वोट 2,05,5030 थे।

1999 में भाजपा बिना लड़े ही मैदान के बाहर हो गई थी। उसके प्रत्याशी सत्यदेव सिंह (गोंडा) समय से नामांकन नहीं दाखिल कर सके थे। इस चुनाव में सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बसपा से जयभद्र सिंह निर्वाचित हुए। 2004 और 2009 में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवारों को अवसर दिया। दोनों ही बार पार्टी चौथे स्थान पर रही। 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवार डा. वीणा पांडेय पर भरोसा दिखाया तो वह 91,328 मत ही पा सकी। वहीं, बसपा के मो. ताहिर खान ने 2,61,564 मत पाकर दुबारा सुलतानपुर लोक सभा सीट बसपा के झोली में डाल दिया। 2009 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने फिर स्थानीय उम्मीदवार सूर्यभान सिंह को टिकट दिया। सूर्यभान सिंह 44,425 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे और जमानत जब्त हो गई। वहीं कांग्रेस के डा संजय सिंह 3,00,411 मत पाकर एक बार फ़िर यह सीट कांग्रेस के झोली में डाल दी। 2014 और 2019 में भाजपा की कामयाबी बाहरी उम्मीदवारों के जरिए मिली। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर पैराशूट उम्मीदवार वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाया। वरुण गांधी 4,10,348 मत पाकर बसपा के पवन कुमार पांडेय को 1,78,902 मतों से हरा सुलतानपुर की सीट भाजपा के खाते में डाल दी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बिना कोई गलती किए मेनका संजय गांधी को प्रत्याशी बनाया। मेनका संजय गांधी 4,59,196 मत पाकर सपा समर्थित बसपा प्रत्याशी चंद्र भद्र सिंह को 14,526 मतों से हरा सीट भाजपा के खाते में डाल दिया।

कांग्रेस ने 56 उम्मीदवारों की सूची जारी की, अधीर को बहरामपुर से टिकट

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 56 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी जिसमें अधीर रंजन चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं।

चौधरी को उनके वर्तमान संसदीय क्षेत्र बहरामपुर (पश्चिम बंगाल) से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दामाद राधाकृष्ण को कर्नाटक के गुलबर्गा से टिकट दिया गया है। यहां से खरगे भी सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 138 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उसने पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे। कांग्रेस की ओर से जारी उम्मीदवारों की तीसरी सूची के अनुसार, अरणाचल प्रदेश की दो सीट, गुजरात की 11, कर्नाटक की 17, महाराष्ट्र की सात, राजस्थान की पांच, तेलंगाना की पांच, पश्चिम बंगाल की आठ और पुडुचेरी की एकमात्र सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।

---

33 साल से लखनऊ सीट नहीं हारी भाजपा

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

विश्लेषण

- लखनऊ और मोहनलालगंज सीट पर मतदान 5वें चरण में 20 मई को होगा
- लोकसभा की दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग

अमृत विचार : लखनऊ लोकसभा सीट की खासियत अलग है। यहां अटल बिहारी वाजपेयी का बोया बीज बरगद का रूप ले चुका है। इस सीट पर हर क्षेत्र के पुरोधा अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। मगर 33 साल से लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा की झोली में है और इस बार भी चुनौती नहीं के बराबर है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मेहरोत्रा जरूर दौड़ में हैं। सपा कैंडीडेट रविदास मेहरोत्रा सिर्फ एक सीट से विधायक हैं, जबकि राजनाथ सिंह लखनऊ की कई सीट पर बीजेपी उम्मीदवारों को जिता चुके हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल भी बीजेपी की है, इसलिए राजनाथ सिंह का विस्तार रविदास मेहरोत्रा या इंडिया गठबंधन से निश्चित तौर पर ज्यादा है। उधर बसपा के लिए प्रत्याशी चयन ही संकट बन गया है। राजधानी लखनऊ में मतदाताओं ने भी बदलते दौर के साथ अपना मिजाज बदला, जिसके परिणाम भी चौंकाने वाले सामने आए। 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दो लोकसभा सीटें है। लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीट। इन पर 20 मई को 5वें चरण में वोटिंग होनी है। दोनों संसदीय सीट पर 39 लाख 53 हजार 287 मतदाता हैं। 20 मई को कुल 1545 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दोनों संसदीय सीट पर 18 से 29 वर्ष के युवा मतदाताओं की संख्या 7 लाख 2 हजार 860 है।

वहीं मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर बीजेपी ने कौशल किशोर पर फिर से भरोसा जताया है जबकि समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री आरके चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इस लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी होंगे। बसपा ने अभी लखनऊ की दोनों ही सीट पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

- इसमें सबसे अधिक युवा (18 से 29 वर्ष) मतदाताओं की संख्या लगभग 7 लाख 2 हजार 860 है

पहली जीत विजय लक्ष्मी को मिली थी

आजादी के बाद लखनऊ संसदीय सीट पर कुल 16 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 7 बार भाजपा और 6 बार कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इसके अलावा जनता दल, भारतीय लोकदल और निर्दलीय ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। पहले चुनाव में लखनऊ सेंट्रल से जहां मशहूर नेता विजय लक्ष्मी पंडित विजयी हुई थी वहीं लखनऊ-बाराबंकी सीट पर कांग्रेस के ही उम्मीदवार मोहन लाल सक्सेना को जीत मिली थी।

1991 में अटल बिहारी की जीत के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा

लखनऊ लोकसभा सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से बीजेपी का कब्जा है। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने पहली बार इस सीट को 1991 में जीतकर बीजेपी की झोली में डाल दिया था। जीत का सिलसिला अभी भी जारी है। भाजपा 8 बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी है। जिसमें अटल जी 5 बार, लाल जी टंडन एक और राजनाथ सिंह दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। राजनाथ सिंह 2014 और 2019 में रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत चुके हैं। अटल जी ने 8 बार चुनाव लड़ा, जिसमें लगातार उन्हें 3 चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ लोकसभा सीट में कुल 5 लखनऊ पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी, मध्य और कैंट विधानसभा सीट आती है। 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 3 और सपा ने दो सीट जीती थीं। वर्ष 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण मुल्ला ने बाजी अपने नाम की। हालांकि1971 में शीला कौल ने कांग्रेस को जीत दिलाई। इसके बाद जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रहे। हालांकि उन्हें हराकर शीला कौल लगातार दो बार सांसद रहीं। 1989 में जनता दल से मांधाता सिंह ने जीत दर्ज की, लेकिन 1991 में अटल बिहारी वाजपेयी के जीतने के बाद भाजपा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

लखनऊ सीट पर अब तक लोकसभा के सदस्य

नाम	वर्ष	दल
शिवराजवती नेहरू	1951-53	कांग्रेस
विजयलक्ष्मी पंडित	1953-57	कांग्रेस
पुलिन बिहारी बनर्जी	1957-60	कांग्रेस
बीके धवन	1962-67	कांग्रेस
आनंद नारायण मुल्ला	1967-71	निर्दलीय
शीला कौल	1971-77	कांग्रेस
हेमवती नंदन बहुगुणा	1977-80	लोकदल
शीला कौल	1980-84	कांग्रेस
शीला कौल	1984-89	कांग्रेस
मंधाता सिंह	1989-90	जनता दल
अटल बिहारी वाजपेयी	1991-96	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1996-98	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1998-99	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	1999-2004	भाजपा
अटल बिहारी वाजपेयी	2004-2009	भाजपा
लालजी टंडन	2009-2014	भाजपा
राजनाथ सिंह	2014-2019	भाजपा
राजनाथ सिंह	2019-2024	भाजपा

कौशल किशोर कर रहे जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास

मोहनलालगंज सीट पर 1962 में पहली बार कांग्रेस ने चुनाव जीता था, कांग्रेस सबसे ज्यादा 5 बार चुनाव जीत चुकी है, लेकिन अब बीते 40 साल से जीत के लिए तरस रही है। बीजेपी और सपा ने 4-4 बार चुनाव जीता है। 1991 में लखनऊ लोकसभा सीट और मोहनलालगंज सीट पर बीजेपी ने एक साथ खाता खोला था। बीजेपी के छोटेलाल ने 1991 में चुनाव जीता था। 1998 में सपा ने पहली बार जीत दर्ज की थी। इस सीट से जनता दल और जनता पार्टी के कैंडिडेट 1-1 बार चुनाव जीत चुके हैं। बीजेपी कैंडिडेट कौशल किशोर कांग्रेस सांसद गीता देवी की बराबरी करने के लिए जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसमें सिधौली, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, बख्शी तालाब और सरोजनीनगर विधानसभा सीट शामिल हैं। यह सभी सीटें भाजपा के पास है।

एम बी हनीफा ने बनाई थी ईवीएम

- पांचवी बार ईवीएम के जरिए लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। जिस भारतीय ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं उसका आविष्कार 1980 में 'एम बी हनीफा' के द्वारा किया गया था। जिसे उसने 'इलेक्ट्रॉनिक संचालित मतगणना मशीन' के नाम से 15 अक्टूबर 1980 को पंजीकृत करवाया था। एकीकृत सर्किट का उपयोग कर "एम बी हनीफा" द्वारा बनाये गये मूल डिजाइन को तमिलनाडु के छह शहरों में आयोजित सरकारी प्रदर्शनियों में जनता के लिए प्रदर्शित किया गया था। अगस्त, 1980 में राजनीतिक दलों के समक्ष पहली बार प्रदर्शन के बाद आयोग ने इसके इस्तेमाल के निर्देश जारी किए थे। 1982 में केरल में हुए चुनाव में पहली बार ईवीएम का उपयोग हुआ। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती मिलने के बाद चुनाव रद कर दिए गए। 1998 में चुनाव कराने के लिए इसके उपयोग पर सहमति बनी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के 25 विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया। 2004 के लोकसभा चुनावों में पहली बार देश के सभी 543 निर्वाचन क्षेत्रों में ईवीएम का उपयोग किया गया था।

सार-संक्षेप

बाद में लागू नियमों के आधार पर पुरानी पेंशन का अधिकार नहीं छीन सकते: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत कर्मचारी के पूर्ण पेंशन भुगतान मामले में विचार करते हुए कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी को जो अधिकार पहले मिल चुके हैं उन्हें बाद में लागू किए गए नियम के पूर्वव्यापी आवेदन के कारण छीना नहीं जा सकता है। यानी सेवानिवृत्ति कर्मचारी के पक्ष में पहले से ही अर्जित अधिकारों को पूर्वव्यापी रूप से वापस नहीं लिया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने इस आधार पर याचिका को अनुमति देने और पूर्ण पेंशन के भुगतान के लिए अहर्क सेवा के निर्धारण के उद्देश्य से तदर्थ डॉक्टर के रूप में प्रदान की गई याची की सेवाओं की गणना करने का निर्देश जारी करने में एकल न्यायाधीश द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण से कोर्ट ने सहमति व्यक्त की। हालांकि सरकारी अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची को भर्ती के नियमों के अनुसार नियुक्त नहीं किया गया था, इसलिए उसके द्वारा प्रदान की गई पिछली तदर्थ सेवाओं को उत्तर प्रदेश अधिनियम 1, 2021 के तहत सेवा में नहीं जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन कोर्ट ने उक्त तर्क को स्वीकार नहीं किया।

2,54,758 शस्त्र जमा, 279 जब्त किए गए

लखनऊ, अमृत विचार : चुनाव आयोग द्वारा की गई कार्रवाई में पूरे प्रदेश में कड़ी कार्रवाई की गई। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 24,59,020 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गईं। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 15,02,893 तथा निजी स्थानों से 9,56,127 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 1,63,987, पोस्टर के 6,94,513, बैनर के 4,45,461 एवं अन्य 1,98,932 मामलों में कार्यवाही की गयी। गैर कानूनी सभा, भाषण एवं अन्य मामलों में 05 एफआईआर दर्ज की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी एवं नार्कोटिक्स व अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। पुलिस विभाग द्वारा 20 मार्च तक 2,54,758 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा अपराधियों के 279 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए।

अली अहमद की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई सुनवाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज : अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को गुरुवार को अपर मुख्य न्यायाधीश पलाश गांगुली के समक्ष जेल से लाकर व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं किया जा सका। चार मामलों में होने वाली कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गई। अली के खिलाफ चार मामलों में आरोप पर भी सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि एक आरोपित जो जमानत पर रिहा है, वह कोर्ट के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है।

पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 30 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 मार्च की तारीख नियत की है ।केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है ।अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

योजना बनाकर किसानों से संपर्क कर खरीदें गेहूं

लखनऊ, अमृत विचार : गेहूं खरीद की मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंडलीय समीक्षा में अधिकारियों को योजना बनाकर किसानों से खरीद करने के निर्देश दिए। कहा, चार वर्ष से सरकारी केंद्रों पर उपज बेच रहे किसानों से व्यक्तिगत संपर्क करें और उन्हें प्रेरित कर समर्थन मूल्य का लाभ दिलाएं। गुरुवार को मंडलायुक्त ने आयुक्त सभागार में गेहूं खरीद 2024-25 की लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली व लखीमपुर खीरी की समीक्षा की। अधिकारियों ने 1 मार्च से लखनऊ में 45, उन्नाव में 91, रायबरेली में 114, हरदोई में 145, सीतापुर में 165 व लखीमपुर खीरी में 156 केंद्र संचालित करने की जानकारी दी। कहीं पर गेहूं की कटाई न होने के कारण खरीद शुरू तक नहीं हुई है। मंडल में कुल 8830 किसानों ने पंजीयन कराया है।

अनाधिकृत वाहनों व वस्तुओं की होली पर होगी धर-पकड़

प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री पर रहेगी नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : होली के पर्व पर सभी जिलों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान गुरुवार से शुरु हो गया है। इतना ही नहीं सड़कों पर दौड़ी रहीं सभी बसों के भीतर भी गैरकानूनी वस्तुओं की चेकिंग के निर्देश हैं। यह अभियान 01 अप्रैल तक चलेगा। साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को मेनटेंनेंस के साथ चलाने को कहा गया है।

चेकिंग अभियान के दौरान यह भी देखा जाएगा कि बसों में अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जा सके। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने भी सभी संभागीय व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को गुरुवार को निर्देशित किया है कि, होली के महत्वपूर्ण अवसर पर उप्र. के अंदर आने वाली, यहां से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा राज्य के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय प्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है। वहीं, होली पर यात्रियों के भारी संख्या में आवाजाही की संभावनाओं को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस क्रम में सभी क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

- **1 अप्रैल तक चलेगा अभियान सभी बसें चलाई जाएंगी**

शत-प्रतिशत बसें होंगी ऑनरोड

उप्र. परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने गुरुवार को जारी एक सूचना में कहा कि 24 व 25 मार्च को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके बाद विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। इस कड़ी में प्रत्येक क्षेत्र सभी बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को मजबूत व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। सभी सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा। एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग, आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

भाजपा ने की तीन राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति

लखनऊ, अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीन राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की है। राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया है। उप्र. सरकार के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह को अरुण सिंह के साथ आंध्र प्रदेश का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। सिद्धार्थनाथ सिंह पूर्व में आंध्र प्रदेश के संगठन प्रभारी भी रह चुके हैं।

राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को हरियाणा और राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य विनय सहस्रबुद्धे को राजस्थान का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। तीनों राज्यों में सह प्रभारी भी बनाए जाने के क्रम में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को सतीश पूनिया के साथ हरियाणा का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में भाजपा की महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर और पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा को सहस्रबुद्धे के साथ राजस्थान का सह-प्रभारी बनाया गया है।

शाइस्ता और जैनब के छिपे होने के इनपुट पर आधी रात को पड़ा छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पुलिस ने प्रयागराज के चकिया और हटवा क्षेत्र को घेरा**

अमृत विचार : उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन और उसकी देवरानी जैनब उर्फ रूबी के शहर आने की सूचना पर बुधवार की देर रात सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आधा दर्जन थानों की फोर्स लेकर पहुंचे पुलिस अफसरों ने आधी रात प्रयागराज के चकिया और हटवा में छापा मारना शुरू कर दिया। इस दौरान चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। रास्तों से गुजरने वाली हर लग्जरी कार को रोककर चेकिंग की गई। रात 12:00 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन सुबह चार बजे तक चलता रहा।

माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त है। उधर उसके देवर अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उर्फ रूबी की भी पुलिस तलाश कर रही है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार हैं। प्रयागराज पुलिस के साथ ही एसटीएफ भी उनकी तलाश में लगी हुई है। बुधवार रात 11:30 बजे के करीब बताया गया कि शाइस्ता परवीन और जैनब किसी से मिलने शहर में पहुंची हैं। इसके बाद आधे घंटे के भीतर तमाम अफसर धूमनगंज पहुंच गए। यहां आधा दर्जन थानों की फोर्स भी बुला ली गई। रात करीब 12:00 बजे भारी पुलिस बल ने पहले हटवा गांव में छापा मारा। पुलिस फोर्स अतीक के करीबियों के घर के आसपास पहुंची और वहां रहने लोगों से पूछताछ की। गांव की ओर आने वाली हर लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई। हटवा से होते हुए पुलिस फोर्स चकिया पहुंची। यहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस फोर्स अतीक के मलबे में तब्दील हो चुके पैतृक मकान पर भी पहुंची और तलाशी ली। बताते चलें कि शाइस्ता परवीन पिछले साल 16 अप्रैल को आखिरी बार शहर में देखी गई थी। अतीक और अशरफ की हत्या के अगले दिन वह माफिया के करीबी जफरुल्लाह के खुल्दाबाद स्थित घर पर पहुंची थी।

आन डिमांड हथियार तैयार करने का चल रहा था धंधा, 3 गिरफ्तार

संवाददाता, मेरठ

- **सोशल साइटस पर खोजते थे ग्राहक, चुनाव के लिए तैयार हो रहे थे हथियार**

अमृत विचार : मेरठ में पुलिस ने एक हथियार फैक्ट्री का खुलासा करके तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया कि वे आनडिमांड हथियार तैयार करके सप्लाई करते थे। पुलिस को आशंका है कि इस फैक्टरी में चुनाव में खून खराबे के लिए अवैध हथियार तैयार किए जा रहे थे। ये फैक्ट्री लिसाडी थाना क्षेत्र में सुहैल गार्डन इलाके में चल रही थी। मास्टर माइंड फुरकान व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

समर गार्डन चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला के अनुसार हथियार सप्लायर फुरकान (50), समीर, सरताज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि सुहैल गार्डन के पास एक खंडहर में अवैध तमंचे तैयार किए जा रहे थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मकान में दबिश दी। गिरफ्तारी के बाद सरगना फुरकान ने बताया कि चुनाव को लेकर तमंचे तैयार किए जा रहे थे। चुनाव के दौरान तमंचों की डिमांड ज्यादा होती है। जिन्हें सोशाल मीडिया के माध्यम से बेचा जा रहा था। पुलिस ने चार तमंचे, दो कारतूस, पांच नाल, 11 अधबने तमंचे बरामद किए हैं। आरोपी सोशल साइटस के माध्यम से ग्राहक खोजते थे और 10 से 12 हजार में तमंचा बेच देते थे।

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई 29 को

सुलतानपुर, अमृत विचार: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण बहस नहीं हो सकी। कोर्ट में बहस के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

1.75 करोड़ से अधिक कापियां जांची गई

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों की पौने दो करोड़ से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया है।अधिकारियों की सख्ती का असर मूल्यांकन में देखने को मिल रहा है। शिक्षकों ने जिस तरह से रफ्तार पकड़ी है उससे उम्मीद है कि अब निर्धारित अवधि से पहले ही सभी बच्चों की कॉपियां चेक हो जायेंगी। लखनऊ के पांच केन्द्रों सहित प्रदेश सभी 259 केन्द्रों पर कक्षा 10 और 12 के बच्चों की कॉपियां लगातार चेक हो रही है। मूल्यांकन प्रक्रिया पर माध्यमिक शिक्षा विभाग लगातार आनलाइन निगरानी बनाये हुए है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से भेजी गई जानकारी के मुताबिक गुरूवार को कुल 43,06,210 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन पिछले 16 मार्च से जारी है। अभी तक कुल 1,78,31,337 कॉपियां चेक हुई हैं।

59.49 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा

इस बारे में माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि जिस तरह से शिक्षकों ने मूल्यांकन तेजी से किया है उससे उम्मीद है कि निर्धारित अवधि 31 मार्च से पहले पहले ही हम सभी कॉपियो को चेक करवाने में सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 3 .1 करोड़ कापियों के सापेक्ष अभी तक हमने 59 .43 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन पूरा करवा लिया है, इसमें शिक्षकों का अहम योगदान है।

नाबालिग साली से दुष्कर्म व हत्या करने के दोषी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- **आरोपी पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

अमृत विचार : नाबालिग साली से दरिंदगी और फिर उसकी हत्या करने के मामले में दोषी जीजा रोहित को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

फिरोजाबाद निवासी पीड़ित पिता ने 30 मई 2023 को मामला दर्ज कराया था, जिसमें उसने पुलिस को बताया था कि उसकी बड़ी बेटी की छोटी पुत्री की अचानक मृत्यु हो गई थी, जिस पर वह अपनी छोटी पुत्री को उसके घर छोड़ आया था। 30 मई 2023 को उसके दामाद रोहित ने शराब के नशे में उसकी छोटी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। जिसकी सूचना उसकी बड़ी बेटी ने फोन पर उसे दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। मामले की जांच कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई। यह मामला न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट में चला। डीजीसी फौजदारी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र तोमर व मृदुल मिश्रा ने बहस के दौरान मामले में कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने गुरुवार को मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें अभियुक्त रोहित को फांसी की सजा सुनाई गई।

साथ ही पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियुक्त को इटावा जेल भेज दिया गया।

विमान से मुरादाबाद की यात्रा के लिए अभी और कीजिए इंतजार

लखनऊ, अमृत विचार : उड़ान योजना के तहत पांच जिलों के विमान सेवा शुरू होने की घोषणा तो हो गई मगर मुरादाबाद तक का सफर विमान से करने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से दो मार्च से श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट के लिए विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया था। मगर दो मार्च से उड़ानों का संचालन नहीं हो सका। दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल 3 का शुभारंभ हुआ। 11 मार्च से फ्लाइबिग एयरलाइंस ने विमान सेवाओं का संचालन शुरू किया। चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए सेवाएं शुरू की हैं। मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है।

मातृत्व अवकाशों के बीच 2 साल का अंतर अनिवार्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मातृत्व लाभ से संबंधित एक मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार यह कोई अनिवार्य शर्त नहीं है कि पहले और दूसरे मातृत्व अवकाश के बीच दो साल का अंतर होना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने श्रीमती रेशमा की याचिका पर विभाग को नए सिरे से आदेश देने का निर्देश देते हुए पारित किया।

कोर्ट ने माना कि बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमरोहा ने याची की छुट्टी को अस्वीकार करने में स्पष्ट गलती की है। जबकि अधिनियम 1961 की धारा 27 के तहत याची मातृत्व अवकाश लेने की हकदार है। विभाग ने याची के मातृत्व अवकाश को 'अनुमान्य नहीं' कहकर खारिज कर दिया था। हालांकि विभाग के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची वित्तीय हैंडबुक के नियम 153 (1) के अनुसार मातृत्व अवकाश की हकदार नहीं है क्योंकि उक्त नियम के अनुसार प्रथम मातृत्व अवकाश की समाप्ति और दूसरे मातृत्व अवकाश के अनुदान के बीच दो वर्ष से काम का अंतर नहीं होना चाहिए, जबकि याची ने 4 जनवरी 2021 को बेटे को जन्म दिया और 11 जून 2022 को फिर से मातृत्व अवकाश के लिए आवेदन किया। इस करण याची का द्वितीय मातृत्व आकाश आवेदन आक्षेपित आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

वर्ग पहेली-17

बाएं से दाएं

2.1. मानव मुख से नि:सृत सार्थक शब्द, ध्वनि 2. बोलने या बातचीत करने की शक्ति, वाचा 3. मुंह के अंदर का वह लंबा चपटा मांस पिंड जिससे रसों का आस्वादन और उसकी सहायता से शब्दों का उच्चारण होता है, जिह्वा 4. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी, सरस्वती।

4.1. अकथित, अनुक्त, अनभिव्यक्त 2. अवर्णित, अनुल्लिखित।

6.1. पेड़ की टहनी या बांस आदि का किसी लंबी वस्तु के दबाव आदि से झुकना या मुड़ना, लचना 2. नखरे-नज़ाकत से स्त्रियों की कमर का बल-खाना।

7. पिया जाने वाला पदार्थ, पेय पदार्थ

8.1. ढुलकने वाली वस्तु या चीज़, बेलन, बेलना 2. एक प्रकार का वाहन जिसका उपयोग भूमि समतल करने के लिए किया जाता है 3. बालों को घुंघराले करने का एक उपकरण।

9.1. बादलों का समूह, मेघमाला 2. (संगीत) मेघ राग की एक रागिनी।

ऊपर से नीचे

1. वह स्थान जहां दवाओं का निर्माण अथवा बिक्री होती है

3.1. मोहित करना, रिझाना 2. मन में अपने प्रति चाह उत्पन्न करना, ललचाना 3. बहकाना।

4.1. अकड़ने की क्रिया या भाव, ऐंठ, तनाव 2. घमंड, अहंकार, दर्प, हेकड़ी 3. ठंड आदि के कारण अंगों में होने वाली अकड़ाहट, कड़ापन, तनाव 4. स्वाभिमान, गर्व 5. ज़िद, हठ, ढिठाई 6. हिमाकत। (मु.)-जाना : ज़िद या हठ पर अड़ जाना, सूखकर कड़ा हो जाना। -दिखाना : अभिमान प्रदर्शित करना।

5.1. कार्य पूरा करने का साधन, अभीष्ट सिद्ध करने का साधन, प्रयास 2. उपाय, उद्योग, युक्ति, तरकीब 3. प्रबंध, इंतज़ाम 4. सुझाव।

7. पिटारी, छोटी पिटारी।



वर्ग पहेली -16 का हल

	1 सु				2 दू	ध
3 खु	र	खु	रा	ना		
	धा					
4 आ	मि	ष	भो	5 जी		6 ध
	नी			वां		नु
7 मी				8 त	9 लु	आ
10 त	ली		11 अं	क	क	

सुडोकू -96

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9			6		8	5		
	2		9			4		
				3				
6		7	8				3	
		2				7		9
	5				7			
		8		5	2			
		1					6	
		9	4		6			7

सुडोकू -95 का हल

3	8	4	1	9	2	7	5	6
5	9	7	3	6	8	4	2	1
2	6	1	7	4	5	3	9	8
6	7	2	4	8	1	9	3	5
9	4	5	2	3	6	8	1	7
1	3	8	5	7	9	6	4	2
8	5	9	6	2	3	1	7	4
7	1	3	8	5	4	2	6	9
4	2	6	9	1	7	5	8	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-त्रयोदशी पूर्ण रात्रि।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 23 मार्च 04 .28 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। महिलाओं को यात्रा आदि के दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का बोझ कम होगा। भाई-बहनों के मध्य प्रेम भाव बढ़ेगा।

वृष — आज व्यापार को गतिशील रखने के लिए बड़ा निवेश करना पड़ेगा। घर के लोगों से नाराजगी हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन समय पर कर लेना चाहिए। मित्रों के साथ अनबन होने की संभावना बन रही है।

मिथुन — आज स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। दूसरे शहरों में रहने वाले लोग अपने शहरों की यात्रा कर सकते हैं। नई संपत्ति की खरीदी करने का विचार बना सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसका परिणाम सार्थक ही होगा। आडंबर और दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

सिंह — आज कारोबार में आपको बड़े अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आप सबके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिससे आप सबके चहेते बन जाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कन्या — आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। कानून विरुद्ध जाकर भी कोई काम करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऑफिस कनिष्ठों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

तुला — आज तय समय पर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक धन लाभ मिलेगा।

वृश्चिक — आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेनदेन में चूक हो सकती है। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। व्यक्तिगत समस्याओं का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है।

धनु — आज घर में मेहमान आ सकते हैं। मनोरंजन युक्त चर्चाओं का आनंद उठाएंगे। परिजन आपका सम्मान करेंगे। धर्म को लेकर मन में कुछ गलत बातें मन में आ सकती हैं। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं।

मकर — आज दूसरों के कार्यों में अनर्गल हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है। अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग न करें। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे। आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए।

कुंभ — आज राजनीति से जुड़े लोगों को मीडिया में प्रसिद्धि मिल सकती है। समझदारी पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं।

मीन — आज कुछ लोग आपकी खुशियों और सफलता से ईर्ष्या करेंगे। रक्तचाप के रोगियों को थोड़ी भी असहजता महसूस हो तो कृपया तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। महिला वर्ग अपने काम को लेकर कुछ तनाव में हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
नजर के सामने — सुबह : 11.00
तकदीर का तमाशा — रात : 07 .00

SONY MAX
पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10 .52
आशिकी — रात : 07 .00

SONY PIX
टैक्सी ड्राइवर — सुबह : 09 .55
स्पाइडर मैन 2 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
तरला — सुबह : 10 .05
जब हैरी मेट सेजल — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
महान — सुबह : 10 .30
दिल — रात : 07 .04

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं
कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

मैथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 –106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

सेंट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक एमवी राव आईबीए चेयरमैन बने

मुंबई। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम वी राव को बृहस्पतिवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का चेयरमैन नियुक्त किया गया। आईबीए की प्रबंध समिति ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी बैठक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा, इंडियन बैंक के प्रबंध एवं सीईओ एस एल जैन और सिटी यूनियन बैंक के प्रबंध और सीईओ एन कामाकोडी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना है।

एयरटेल पर लगा चार लाख रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने दिल्ली और बिहार सर्किल में ग्राहक सत्यापन मानदंडों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल पर लगभग चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। भारती एयरटेल ने कहा कि दूरसंचार विभाग, दिल्ली सर्किल ने ग्राहक सत्यापन मानदंडों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया है।

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए फिक्की-आईबीए बैंकर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

बैंकों के एनपीए में पिछले 6 माह में आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है।

उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।

सर्वेक्षण में कहा गया, प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घट गया

बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं। निर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विवरण दिया गया है।

देश के नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

नई दिल्ली। देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।

डिजिटलीकरण के जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने दी सलाह

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा-विकास वास्तव में स्वागत योग्य हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	77,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	68,750
गिन्नी (प्रति नग)	51,200–51,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,850
सोना जेवरात गिन्नी	64,850
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	66,300
चांदी आभूषण	75,000।

भारत का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी अवधि में बढ़कर 21.22 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से जनवरी में कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था। जनवरी, 2024 में कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.21 करोड़ टन रहा है।

देश में 39 प्रतिशत घट गया पीई और वीसी निवेश

मुंबई। निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) निवेश फरवरी में 39 प्रतिशत घटकर 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 3.7 अरब डॉलर रहा था। बृहस्पतिवार को जारी को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। वहीं, मासिक आधार पर पीई और वीसी निवेश में 67 प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग लॉबी समूह आईवीसीए और सलाहकार फर्म ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी में सौदों की संख्या बढ़कर 120 हो गई। जनवरी में सौदों की संख्या 86 और फरवरी, 2023 में 57 रही थी।

सेंसेक्स 539 अंक चढ़कर 72,641 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

- निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, एनटीपीसी टॉप गेनर रहा

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली। फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर रहने के बावजूद इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती की राह पर चलने का संकेत दिया है।

राष्ट्रीय

एक नजर

एसएससी कांस्टेबल भर्ती की 30 को होगी दोबारा परीक्षा

नई दिल्ली। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों के वास्ते 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), सचिवालय सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

कैंसर, कफ सिरप समेत 23 दवाओं के नमूने फेल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बनीं दर्द निवारक कैंसर, एलर्जी, कफ सिरफ, बैक्टीरिया संक्रमण की 23 समेत देशभर की 58 दवाइयों के नमूने फेल हो गए। केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने आज यह जानकारी दी। संगठन ने 676 दवाइयों के नमूने फरवरी में लिए थे। सीडीएससीओ से मिली जानकारी के अनुसार बद्दी की नेक्सकेम बॉयोटेक कंपनी की दर्द की दवा एसेपिक, पांवटा की लेबोरेट फार्मा की संक्रमण की दवा एमोक्सिलिन, परवाणू की हनुचौंम लैबोरेटरी की कैल्शियम और विटामिन डी-3, बेहोशी की दवा व इंजेक्शन आदि मानकों पर खरी नहीं उतरी।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को नोटिस

सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी-दो सदस्यों पर हमला गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया। घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई जहां वकील हड़ताल पर थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि वकीलों ने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और भाटिया का 'कॉलर बैंड' छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। पीठ ने कहा-ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रहे और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि बार के सदस्यों की हड़ताल से उन वादियों पर असर पड़ता है जो न्याय प्रणाली में अहम हितधारक हैं। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने भी भाटिया के साथ गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में एक वकील द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है।

एससीबीए ने न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन अदालत कक्ष के अंदर मौजूद एक वकील द्वारा किए गए इस गंभीर दुर्व्यवहार का संज्ञान लेता है और संबंधित वकील के ऐसे गैर-पेशेवर और गैर कानूनी कृत्य की कड़ी निंदा करता है जो संपूर्ण कानूनी बिरादरी को बदनाम करता है। एससीबीए ने कहा कि वह जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी समिति से उक्त वकील की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

वरिष्ठ वकील के साथ हाथापाई का मामला

गैस रिसाव से लगी आग, तीन बच्चों सहित पांच की मौत

जयपुर। जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए।

कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंक खाता सीज किए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए मुखर
- खाते में 285 करोड़ रुपये लेकिन चुनावी खर्च के लिए संकट
- पार्टी अध्यक्ष खरगे, सोनिया व राहुल गांधी केंद्र पर हमलावर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सीज करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है। । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और मोदी तथा शाह की सह पर सीज किए गए हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सीज होने की वजह से नहीं किया जा सकता है।

पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सीज कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉण्ड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं।

आसन्न हार से हताश कांग्रेस बहाने बना रही

नई दिल्ली। भाजपा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है।

यूनियन बैंक में धोखाधड़ी : सीबीआई ने स्वास्तिक कंपनी के परिसरों की ली तलाशी

नई दिल्ली। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 48.06 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने जयपुर में स्वास्तिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण और मरम्मत के कारोबार में लगी कंपनी और उसके निदेशकों और गारंटरों पर कथित तौर पर बैंक को धोखा देने का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी के निदेशकों/गारंटर संदीप जैन और इंद्र जैन, पूर्व निदेशक/गारंटर नीलम जैन, गारंटर शरद कुमार बाकलीवाल और अन्य अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों को नामित किया है।

सांसद कार्ति चिदंबरम ने ली थी 50 लाख की रिश्वत

नई दिल्ली, एजेंसी

- चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ईडी ने दाखिल किए आरोप पत्र

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए हैं।

आधार कार्ड निष्क्रिय किए जाने के आरोप पर केंद्र से जवाब-तलब

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्र को उस जनहित याचिका पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय करने का आरोप लगाया गया है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अशोक चक्रवर्ती ने जनहित याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि याचिका में इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत मामले का हवाला नहीं दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र को जनहित याचिका में लगाए गए आरोपों पर अपनी स्थिति का तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

पतंजलि आयुर्वेद ने अपने भ्रामक और झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बिना शर्त लगाई गुहार

'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं और उसका पालन करने के लिए बाध्य है। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विज्ञापन में केवल सामान्य बयान शामिल थे, उसमें अनजाने में आपत्तिजनक वाक्य भी शामिल हो गए।

तमिलनाडु में ईडी ने विजयभास्कर के आवास पर मारा छापा

पुडुकोट्टई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग धन शोधन मामलों में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के इलुप्पुर में वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के आवास तथा चेन्नई स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों के सिलसिले में लगभग 25 स्थानों की तलाशी ली। अन्नाद्रमुक शासन के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले विजयभास्कर अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे थे।

छापे के बाद आप नेताओं में विद्रोही चर्चाओं का दौर शुरू

नई दिल्ली, ब्यूरो

- केजरीवाल पर कार्रवाई से लोकसभा चुनाव होगा प्रभावित
- अगले महीने दिल्ली मेयर का भी है चुनाव

अमृत विचार: दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तलब करने के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा कोई राहत न मिलने के बाद और गुरुवार की रात निदेशालय की एक टीम द्वारा की गई छापामार कार्रवाई के बाद आम आदमी पार्टी नेताओं में विद्रोही चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। यदि मुख्यमंत्री जेल जाते हैं तो आम आदमी पार्टी टूट सकती है और लोकसभा चुनाव में पराजय के साथ ही दिल्ली नगर निगम की सियासत पर भी प्रभाव पड़ सकता है।

आप नेताओं को आशंका हैं कि केजरीवाल की अनुपस्थिति में दिल्ली के मेयर पद पर बीजेपी का कब्जा हो सकता है। मेयर का चुनाव अगले महीने है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद ईडी के अधिकारी गुरूवार शाम को ही पूछताछ के लिए केजरीवाल के आवास पर पहुंच गए।

गौरतलब है कि गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी के मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया है। ऐसे में आप प्रमुख के ऊपर ईडी का शिकंजा और ज्यादा कसता जा रहा है। माना जा रहा है कि ईडी केजरीवाल को कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। ऐसे में आप नेताओं में भगदड़ की स्थिति भी बन सकती है।

वहीं आप के एक नेता कहा कि जाहिर सी बात है कि यदि पार्टी का मुखिया जेल चला गया तो इसका असर लोकसभा चुनाव के प्रबंधन पर भी पड़ेगा। आप के एक और नेता ने माना है कि इसका असर निगम की राजनीति पर भी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अप्रैल महीने में मेयर का चुनाव होना है। पार्टी के कुछ पार्षद पार्टी नेतृत्व से नाराज भी हैं, क्योंकि मेयर के दो कार्यकाल बीत जाने के बावजूद अभी तक निगम की समितियों का गठन नहीं हुआ है। जिसकी वजह से मेयर और नेता सदन को छोड़कर एक भी निगम पार्षद को कोई मौका नहीं मिल सका है।

उधर पार्टी के सूत्र बताते हैं कि मेयर के चुनाव में यदि भारतीय जनता पार्टी ने थोड़ी सी कोशिश कर ली तो करीब दो दर्जन निगम पार्षद टूट सकते हैं। ऐसे में मेयर का चुनाव जीतना बीजेपी के लिए आसान हो सकता है। वहीं यदि केजरीवाल जेल चले जाते हैं तो वह किसी भी राज्य में प्रचार के लिए नहीं जा सकेंगे। फिलहाल आप का ज्यादा ध्यान दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और गुजरात पर है। दिल्ली और हरियाणा में आप कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है, जबकि पंजाब में दोनों दल अलग-अलग हैं।

क्रिकेट के जलसे में दिखेगा भारत के सितारों का जलवा

चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी

पांच खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत सकी है

महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान

दो बार की विजेता केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर

नयी दिल्ली, एजेंसी। महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।



खेल डायरी

अशोक, परमजीत पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

एडम जम्पा ने आईपीएल 2024 से नाम लिया वापस

नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स टीम के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जम्पा के मैनेजर ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते कहा कि वह आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। जम्पा को नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में रिटेन किया था। पिछले वर्ष खेले एकदिवसीय विश्वकप के बाद से जम्पा का कार्यक्रम व्यस्त रहा।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था।

गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है। आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा, ''पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़।'' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''एम एस धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है।'' ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी।

मिथुन, निखिल और कृष्ण मोहन चयनकर्ता बनने की दौड़ में

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है।

ओलंपिक में शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

नयी दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। आईओए ने कहा, ''मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग भारतीय टीम का संचालन करेंगे।

अंश 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

मुंबई। ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।

बॉलीवुड हलचल

हॉरर कॉमेडी होगी श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी'

मुंबई, एजेंसी। रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' सीरीज की धमाकेदार जोड़ी श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी कॉमेडी फिल्मों के फेमस डायरेक्टर संगीत सिवन इस फिल्म में हंसी के साथ-साथ कुछ डर और रोमांच भी दिखाने वाले हैं। 'कपकपी' जयेश पटेल द्वारा ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस होगी। फिल्म की कहानी सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने लिखी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट अब तक नहीं हुई है। श्रेयस तलपड़े ने 'कपकपी' को लेकर कहा- 'कपकपी' मेरी बाकी फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि आजकल, कई थ्रिलर, डार्क या देशभक्ति वाली फिल्मों का चलन बढ़ गया है तो हम दर्शकों के लिए एक वास्तविक हॉरर कॉमेडी फिल्म लाए हैं। जो दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर देगी। तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े के अलावा फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धी इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा और अभिषेक कुमार सहित कई मंझे हुए एक्टर्स नजर आएंगे।

एक्ट्रेस सपना चौहान परेशान होकर बोलीं- 'आहि रे दिदिया'

मुंबई, एजेंसी। देशभर में होली का खुमार सर चढ़कर बोलता है। लोग इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में भोजपुरी स्टार्स भी पीछे नहीं हैं। वो एक महीने पहले से ही रंगों से सराबोर माहौल बनाए हुए हैं। एक के बाद एक गाने धमाकेदार गाने रिलीज कर रहे हैं। इसी बीच अब भोजपुरी के यंग स्टार अंकुश राजा का नया गाना रिलीज होते ही छा गया है। ये एक होली स्पेशल गीत है। इसका टाइटल 'आहि रे दिदिया' है। अंकुश के इस वीडियो को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाना इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। इसमें अंकुश के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। उन्होंने साली का रोल प्ले किया है। ऐसे में होली के मौके पर अंकुश साली को पाकर खुशी झूम उठे हैं और वो होली मनाने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स के बीच कमाल की केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने के लिए मिल रहे हैं। लहंगे में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

चोली के पीछे... गाने में बेबो का डांस देख भड़के लोग

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना 'चोली के पीछे क्या है' रिलीज हो गया है। सुपरहिट फिल्म खलनायक में माधुरी दीक्षित पर गाना 'चोली के पीछे क्या है...' फिल्माया गया था अब इसे फिर से रीक्रिएट किया गया है जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया है। माधुरी के फैन इस गाने को लेकर काफी नाराज नजर आ रहे हैं। फिल्म 'क्रू' में यह गाना करीना कपूर पर फिल्माया गया है। इस गाने के म्यूजिक को अक्षय और आईपी ने रीक्रिएट किया है। गायक दिलजीत दोसांझ, आईपी सिंह, अल्का याग्निक और ईला अरुण हैं। लिरिक्स भी आईपी सिंह ने लिखे हैं। इस गाने में करीना ने धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को टक्कर देने की कोशिश तो की पर वह कामयाब नहीं हो पाई। इस गाने में करीना कपूर खान पिंक रेशमी साड़ी में अपना बोल्ड लुक दिखाती नजर आ रही हैं। वहीं रियल गाने की बात करें तो इसमें डांस क्वीन माधुरी दीक्षित का जबरदस्त डांस देखने को मिला था। यह गाना आज भी लोगों की यादों में सिर्फ इसलिए बसा है, क्योंकि इसे शानदार तरीके से कंपोज किया गया। 'चोली के पीछे' गाने को प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी ने लिखा था जबकि अनुभवी संगीत निर्देशकों की जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने इसका संगीत दिया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

- पेंटागन के शीर्ष अधिकारी ने कहा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मजबूत संबंध होना बहुत जरूरी

अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं।

सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।' बता दें, रैटनर रैंकिंग सदस्य एडम स्मिथ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, हम कई क्षेत्रों में संबंध को मजबूत कर रहे हैं। हमने जेट इंजन को लेकर कुछ प्रगति की है। इसके अलावा हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं हैं, जो उन संबंधों को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

स्मिथ ने कहा, 'मैं उन्हें महत्वपूर्ण समझता हूं, लेकिन मैं निश्चित रूप से भागीदार नहीं बनूंगा क्योंकि उनका संबंध रूस के साथ है और इससे उनके पास विकल्प ज्यादा हैं। उनके दुनिया भर में हमारे कई विरोधियों के साथ संबंध हैं।

भारत के साथ 20 अरब डॉलर का है रक्षा सहयोग

एली एस रैटनर ने कहा, हमारा रक्षा व्यापार अब 20 अरब डॉलर का है और भारत ने हाल ही में 30 एमक्यू9बी और बीएस खरीदने का एलान किया है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दिखाता है।

पन्नू मामला: भारत के साथ मिलकर काम कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन। खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के मामले पर अमेरिका ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के पीछे के लोगों को जिम्मेदार ठहराने के लिए अमेरिका, भारत के साथ काम कर रहा है। पिछले साल नवंबर महीने में भारतीय नागरिक, निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों द्वारा पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया था, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि गुप्ता एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम कर रहा था और न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले पन्नू को मारने के लिए एक हत्यारे को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने पर सहमत हुआ था। आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। बुधवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्यों से कहा, "दोनों देशों के बीच यह एक गंभीर मुद्दा है। न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार में काम करने वाले किसी व्यक्ति के आदेश पर एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक को मारने का प्रयास किया है।

लाइफ इंश्योरेंस सरेंडर अमूमन घाटे का सौदा

जीवन बीमा पॉलिसी पसंद नहीं आने पर आप इसे सरेंडर कर सकते हैं। इसके बाद प्रीमियम के रूप में चुकाई गई राशि वापस मिल सकती है। लेकिन ये आखिरी विकल्प होना चाहिए। इसका असर परिवार के बाकी सदस्यों पर पड़ सकता है। जानें कैसे...

क्या लगते हैं कागजात

एक पॉलिसी सरेंडर रिक्वेस्ट भरना होगा और बीमा कंपनी को जमा करना होगा। आवेदन के साथ मूल पॉलिसी दस्तावेज, एक रद्द चेक और केवाईसी दस्तावेजों की एक सेल्फ अटेस्टेड कॉपी जोड़ना होगा। फॉर्म में सरेंडर का कारण भी बताना पड़ सकता है। एक बार सरेंडर आवेदन जमा करने के बाद इसे 7-10 कार्य दिवसों के भीतर प्रोसेस में लाया जाता है।

देखें कि कितना प्रीमियम वापस मिलेगा

किसी पॉलिसी को सरेंडर करने पर आम तौर पर पेनल्टी लगती है और संचित मूल्य (एक्यूमुलेटेड वैल्यू) का नुकसान हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई पारंपरिक पॉलिसी पहले साल सरेंडर की जाती है तो पॉलिसीधारक को कुछ नहीं मिलेगा। यदि पॉलिसी दूसरे साल सरेंडर की जाती है, तो सिर्फ 30% प्रीमियम वापस मिलेगा। चौथे से सातवें साल पॉलिसी सरेंडर करने पर 50% प्रीमियम वापस मिल सकता है। यदि पॉलिसी 9 साल बाद सरेंडर की जाती है तो सालाना प्रीमियम का 90% वापस मिल जाएगा। पॉलिसी सरेंडर करने का मतलब डेथ बेनिफिट को खत्म करना है।

इन चार पहलुओं पर जरूर करें विचार

1. अपनी माली हालत आंके। वैकल्पिक समाधान तलाशें। पैसे की जरूरत हो तो आप पॉलिसी लोन या आंशिक निकासी जैसे विकल्प भी अपना सकते हैं। 22. पॉलिसी सरेंडर करने से आपके वित्तीय लक्ष्यों-पर लंबी अवधि में होने वाले असर का आकलन करें। देखें कि सरेंडर वैल्यू बीमा कवरेज के नुकसान और भविष्य की जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति करती है या नहीं। 3. पॉलिसी सरेंडर करने से जुड़े टैक्स संबंधी प्रभाव जांच लें। बीमा के प्रकार और अवधि के आधार पर पॉलिसी सरेंडर करने से टैक्सेबल इनकम हो सकती है। 4. जीवन बीमाधारक की मृत्यु पर बीमा पॉलिसी द्वारा प्रदान किया गया डेथ बेनिफिट खोई आमदनी के नुकसान की भरपाई कर सकता है। मॉर्गेज पेमेंट को कवर कर सकता है, बच्चों की शिक्षा, अन्य जरूरी खर्चों की पूर्ति कर सकता है।

एक नजर

भारतीय दूतावास ने लापता भारतीय छात्र की शुरू की तलाश

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस महीने की शुरुआत में लापता हुए 25 भारतीय छात्र की तलाश करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ तलाश शुरू की है। बता दें, मामले का खुलासा तब हुआ जब हैदराबाद में बैठे छात्र के परिजनों से फिरौती की मांग की गई, और बताया कि मोहम्मद अब्दुल अराफात का अपहरण हो गया है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह परिवार और अमेरिका में अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' आज होगा लॉन्च

श्रीहरिकोटा। देश का निजी स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस का 580 किलो का रॉकेट अग्निबाण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से शुक्रवार को लॉन्च किया जाएगा। अपनी पहली उड़ान में यह बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले पृथ्वी से 20 किमी ऊपर जाएगा। ये 7 किग्रा पेलोड ले जा सकता है।

खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, दो की मौत, 22 घायल

पेशावर। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। विस्फोटक लदे वाहन ने सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल गाड़ियों को टक्कर मार दी। हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 22 घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की है। पुलिस ने कहा- जान गंवाने वाले दो व्यक्तियों को सुरक्षा बल का जवान माना जा रहा है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

सेना में भर्ती से छूट खत्म किए जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

यरूशलम। इजराइल में रूढ़िवादी यहूदी बच्चों ने

सरकार के उस प्रस्ताव के विरोध में सूली लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें कट्टर यहूदियों को सेना में अनिवार्य सेवा से छूट है। सरकार इस छूट को खत्म करने जा रही है। इसके विरोध में देशभर में प्रदर्शन चल रहे हैं।

अमेरिका ने चीन को लगाई लताड़ अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

कहा- सीमा पर किसी भी तरह के बदलाव का सख्ती से विरोध करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ी है, उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का

तेवर भी तल्ख हुआ है। अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की हैं। इस बीच अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश सीमा मामले में भारत का साथ देते हुए चीन को कड़ी चेतावनी दी है।

दरअसल, अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन के किसी भी एकतरफा प्रयास का वो दृढ़ता से विरोध करते हैं। चीन ने हाल ही में अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद राज्य पर दावा किया था। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं। बता दें कि 9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी।

अरुणाचल क्षेत्र को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है चीन

इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम जंगनान भी रखा है।

भारत ने हमेशा चीन के दावे को किया है खारिज

चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा था- पीएम मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।

चीन ने कहा था- रिश्तों पर सीमा विवाद का असर नहीं

14 मार्च को वांग वेनबिन ने कहा था- भारत-चीन सीम विवाद दोनों देशों के बायलैटरल रिलेशन्स का प्रतिनिधित्व नहीं करता। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत है। इससे हमारे बीच गलतफहमी दूर होगी और हमारे रिश्ते मजबूत होंगे।

ताइवान में चीनी लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ

ताइपे। चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए। रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीनी 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए।

पाकिस्तान ने 1.1 अरब डालर की मदद को लेकर आईएमएफ से किया समझौता

इस्लामाबाद। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर है। तीन अरब डालर के बेलआउट पैकेज को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है, इससे 1.1 अरब डालर की अंतिम किस्त जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। अब इस पर आइएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी मिलनी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की टीम नाथन पार्टर के नेतृत्व में 14 से 19 मार्च तक इस्लामाबाद में रही। टीम ने इस दौरान आईएमएफ समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक कार्यक्रम की दूसरी और अंतिम समीक्षा की। आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए तीन अरब डालर की स्टैंड-बाय व्यवस्था को मंजूरी दी थी। आइएमएफ ने कहा कि समझौता हाल के महीनों में पाकिस्तान के स्टेट बैंक और कार्यवाहक सरकार द्वारा मजबूत कार्यक्रम कार्यान्वयन को मान्यता देता है।

रूस ने कीव पर दागीं 31 मिसाइलें, 13 घायल

कीव, एजेंसी

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश इस जंग की आग में सालों से जल रहे हैं। महीनों से दोनों देश एक दूसरे से नरमी से पेश आ रहे थे और युद्धविराम चल रहा था लेकिन एक बार फिर रूस ने हमला कर यह बता दिया है कि यह युद्ध अभी थमा नहीं है।

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज और 31 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला पिछले 44 दिनों में पहली बार रूस द्वारा शुरू किया गया। रूस के इस हमले के कारण कीव निवासियों की सुबह की शुरुआत जोरदार विस्फोटों की आवाज से हुई।

यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित 13 लोग घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव सिटी प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, शहर के ऊपर लगभग 31 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया गया।

चिता की राख से होली....

वाराणसी : काशी में गले में नरमुंड की माला पहनकर तांडव करता दिखा तो कोई दांतों तले हड्डी दबाकर नाचता रहा। गुरुवार को मर्णिकर्णिका घाट पर भस्म की होली में खूब नाचे भूत-पिशाच। मसाने की होली खेलने के लिए महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। बता दें, पूरे देश में रंगों और गुलालों से होली खेली जाती है, लेकिन शिव की नगरी काशी में चिता की राख के साथ भी होली खेली जाती है। काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी जमकर झूमे।

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के आरोपी खालिस्तान समर्थक को जेल

लंदन, एजेंसी। पश्चिमी लंदन में पिछले साल भारत के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय उच्चायोग में आयोजित समारोह में हमले के आरोपी खालिस्तानी समर्थक को जेल भेज दिया है।

बता दें, एक महिला पुलिस अधिकारी समेत भारतीय मूल के दो लोगों पर हमला किया था। बुधवार को आइलवर्थ क्राउन अदालत ने खालिस्तानी गुरप्रीत सिंह (26) को 28 महीने कैद की सजा सुनाई है। आशीष शर्मा और नानक सिंह और पुलिस कांस्टेबल जस्टिन निकोल फैरेल पर हमले के आरोप में गुरप्रीत को जनवरी में दोषी ठहराया गया था। बता दें, यह घटना पिछले साल 15 अगस्त की रात को साउथहॉल में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई थी। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि गुरप्रीत सिंह को 12 जनवरी को मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उसे 28 महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

बॉडी मसाज उपकरण को एडल्ट नहीं मान सकते: बम्बई हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- कोर्ट ने खेप को जब्त करने के आदेश को किया निरस्त, कहा- आयात पर बैन नहीं

बम्बई हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति किशोर संत की खंडपीठ ने कहा कि बॉडी मसाजकर को एडल्ट / वयस्क लोगों के इस्तेमाल वाली वस्तु- सेक्स टॉय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि बॉडी मसाजर को आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची में भी शामिल नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने बुधवार को पारित आदेश में सीमा शुल्क विभाग की तरफ से जब्त बॉडी मसाजर की खेप को छोड़ने का निर्देश देते हुए, खेप को जब्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने साफ किया कि एक बॉडी मसाजर को वयस्क सेक्स टॉय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इसे केवल सीमा शुल्क आयुक्त की कल्पना माना जाएगा। बता दें, सीमा शुल्क आयुक्त ने मुंबई में बॉडी मसाजर की खेप जब्त की थी। उन्होंने दावा करते हुए सामान जब्त किया था कि बॉडी मसाजर्स का इस्तेमाल वयस्क सेक्स खिलौनों के रूप में किया जा सकता है। आयुक्त ने कहा था सरकार ने ऐसी वस्तुओं को आयात के लिए प्रतिबंधित किया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सीमा शुल्क आयुक्त की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। अर्जी में मई, 2023 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती दी गई थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश से सीमा शुल्क विभाग के बॉडी मसाजर्स वाली खेप को जब्त करने के आदेश को रद कर दिया था। आयुक्त ने अप्रैल, 2022 में बॉडी मसाजर्स वाली खेप को यह कहते हुए मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि ये उपकरण वयस्क सेक्स खिलौने थे।

विज्ञान छिपे राज उजागर कर सकता है यह पिंड, क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की निरंतर जारी है खोज

अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : अंतरिक्ष में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जो मानव की आकृति लिए प्राचीन बर्फ खुद में समेटे हुए है। वैज्ञानिक इसे हिममानव कह रहे हैं, जो अंतरिक्ष में गड़े राज उजागर कर सकता है। धूमकेतुओं का जल से गहरा रिश्ता है।

दरअसल पृथ्वी पर जल कहां से आया, इस पहेली का समाधान धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों पर ठहरता है। मगर पुख्ता सबूत अभी तक सामने नही आ सकें हैं। जिस कारण धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की रिसर्च निरंतर जारी हैं। अब हालही में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जिसमें प्राचीन बर्फ का बड़ा भंडार है। यह ठोस बर्फ उस समय की है, जब हमारा सौर मंडल जन्म ले रहा था। इस खोज से हमारी पृथ्वी पर जल का स्रोत उजागर हो सकता है। इस धूमकेतु को अरोकोथ (स्पेस स्नोमैन) नाम दिया गया है। इसका आकार इंसान की तरह होने के कारण इसे हिममानव कहा जा रहा है। इस खोज से धूमकेतुओं के व्यवहार को भी गहराई से समझा जा सकता है।

अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी गई है, जब धूमकेतु बड़े विस्फोट के साथ विध्वंश हो जाते हैं। सूर्य के करीब से गुजरने पर यह घटना होती है। धूमकेतु में ठोस बर्फ जमा होने के कारण विस्फोट होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। यह खोज न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार अंतरिक्ष हिममानव कुइपर बेल्ट का सदस्य है। यह बेल्ट हमारे सौर मंडल के बाहरी क्षेत्रों में नेपच्यून की कक्षा से बाहर है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी जा चुकी है, असामान्य हों।

हिममानव के समान धूमकेतु की तस्वीर।

धूमकेतुओं में छिपे हैं अनेक रहस्य

धूमकेतु सौर मंडल के वह छोटे सदस्य हैं, जिनकी उत्पत्ति 4.5 अरब साल पहले ग्रहों के निर्माण के दौरान हुई। यह सौर मंडल के निर्माण के अवशेष हैं। बड़ी बात यह है कि यह सौर मंडल की उत्पत्ति समेत उन रहस्यों को उजागर कर सकते हैं, जो आज भी हमारी समझ से परे हैं। जिस कारण यह शोध का केंद्र रहे हैं। इन धूमकेतुओं पर शोध भी आसान हो है।

अफगानिस्तान में बम विस्फोट, 3 की मौत 12 लोग घायल

कंधार। अफगानिस्तान के शहर कंधार में गुरुवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंधार शहर देश पर शासन करने वाले तालिबान अधिकारियों का गढ़ माना जाता है।

विस्फोट की जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है। वहीं, 11 मार्च को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत के बाद से देश भर में कई विस्फोटों की सूचना मिली है, तालिबान अधिकारियों ने कुछ की पुष्टि की है। कंधार प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक इनामुल्लाह समांगानी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शहर में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें तीन हमवतन मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए।

मंदिरों पर टैक्स संबंधी बिल राज्यपाल ने लौटाया

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक सरकार से मांगा स्पष्टीकरण, सुप्रीम कोर्ट में लंबित है मामला

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सरकार के मंदिरों पर टैक्स लगाने वाले बिल को सरकार को वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने विधेयक में और ज्यादा स्पष्टीकरण के साथ फिर से देने का निर्देश दिया है। इस विधेयक में मंदिरों की कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। भाजपा द्वारा इस विधेयक का विरोध किया जा रहा है।

राजभवन की तरफ से कहा गया है कि साल 2011 और 2012 में जो कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पेश किया गया था, उस पर हाईकोर्ट की धारवाड़ पीठ ने रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। राजभवन की तरफ से कहा गया है कि उसके बाद से मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में इस पर स्पष्टता जरूरी है कि

क्या मामले के लंबित रहने के दौरान उसमें संशोधन किया जा सकता है या नहीं, खासकर जब पूरे विधेयक पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के मंदिरों पर टैक्स लगाने के लिए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया था। इस विधेयक के तहत राज्य के जिन मंदिरों की सालाना कमाई 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये के बीच में है, उनसे सरकार पांच प्रतिशत टैक्स वसूलेगी। वहीं जिन मंदिरों की सालाना कमाई एक करोड़ रुपये से अधिक है, उन पर सरकार 10 प्रतिशत टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। यह विधेयक विधानसभा के दोनों सदनों से पारित हो चुका है, लेकिन अब राज्यपाल ने इस पर और स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए विधेयक को लौटा दिया है।

कर्नाटक में 34 हजार से ज्यादा मंदिर सरकार के अधीन हैं। सरकार ज्यादा आमदनी वाले मंदिरों से पैसा लेकर आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की भलाई में खर्च करती है। सरकार का तर्क है कि वह मंदिरों से होने वाली कमाई को बढ़ाना चाहती है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की पर्याप्त मदद हो सके। वहीं भाजपा का विरोध है कि सरकार सिर्फ हिंदू मंदिरों पर ही टैक्स क्यों लगा रही है, साथ ही भाजपा और संतों की मांग है कि सरकार पुजारियों को बजट से पैसा क्यों नहीं दे सकती।